

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में तंबाकू के अभिशाप से खुद को रखिए सुरक्षित व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष तृतीया विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 61, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

आज का मौसम | 44.0° अधिकतम तापमान | 31.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 17 सूर्यास्त 18 : 55

मुरादाबाद, रविवार, 26 मई 2024




खुद एक्शन करेंगे सलमान...15

## गर्मी के चलते बढ़ी बिजली की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में बिजली मांग शुक्रवार को चालू सत्र की नई ऊंचाई 239.96 गीगावाट पर पहुंच गई। देश के विभिन्न हिस्सों में पारे के बढ़ते स्तर के कारण एयर कंडीशनर (एसी) और कूलर जैसे उपकरणों के अत्यधिक उपयोग के कारण बिजली की मांग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची है।

बिजली की अधिकतम मांग या दिन में सबसे अधिक आपूर्ति शुक्रवार को 239.96 गीगावाट दर्ज की गई, जो इस साल गर्मी के मौसम में अब तक की अधिकतम है। बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक गुरुवार को यह 236.59 गीगावाट थी, जबकि बुधवार को बिजली की अधिकतम मांग 235.06 गीगावाट थी। बिजली की मांग का सर्वकालिक उच्च स्तर 243.27 गीगावाट सितंबर, 2023 में दर्ज किया गया था। इस गर्मी के मौसम में यह रिकॉर्ड टूट सकता है।

### टूट सकता है रिकॉर्ड



- शुक्रवार को अधिकतम आपूर्ति 240 गीगावाट पर पहुंचीं

### बंद इकाइयां चालू नहीं बिजली संकट बरकरार

**लखनऊ।** प्रदेश में बंद चल रहीं बिजली उत्पादन इकाइयां शनिवार को चालू नहीं हो सकीं, इस बीच टांडा बिजलीघर की 110 मेगावाट क्षमता की एक इकाई ठप हो गई। इससे प्रदेश में बिजली संकट लगातार बना हुआ है। पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार अनपरा की 500 मेगावाट, ललितपुर की 660 मेगावाट व ओबरा की दो सौ मेगावाट इकाई बंद चल रही है। इससे 1470 मेगावाट उत्पादन घट गया है। प्रदेश में बिजली की प्रतिबंधित मांग 28,714 मेगावाट रही।

## फटी ओएमआर शीट पर एनटीए से जवाब-तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) की 19-वर्षीया अभ्यर्थी की उस याचिका पर राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) का रुख जानना चाहा है, जिसमें अभ्यर्थी ने फटी हुई ओएमआर शीट दिए जाने के एवज में अनुग्रह अंक देने का अनुरोध किया है।

न्यायमूर्ति सी. हरिशंकर ने इस पर एनटीए और केंद्र को नोटिस जारी किए और उसका मूल ऑप्टिकल मार्क रिकॉगनिशन (ओएमआर) शीट सुरक्षित रखने का निर्देश दिया।

## रिटायर्ड आईएएस की पत्नी की गला घोंटकर हत्या

- बाथरूम से सटे चेंजिंग रूम के फर्श पर पड़ा मिला शव कर्मचारियों से हो रही पूछताछ
- इंदिरानगर के सेक्टर-20 में शनिवार सुबह हुई वारदात, घटना के खुलासे को लगाई गईं 4 टीमें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** रिटायर्ड आईएएस अधिकारी देवेंद्र नाथ दुबे की दूसरी पत्नी मोहिनी दुबे (58) की दिनदहाड़े गला घोंटकर हत्या कर दी गई। उनका शव कमरे से अटैच बाथरूम के पास बने चेंजिंग रूम में पड़ा मिला। हत्यारे घर के सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी उखाड़कर ले गए।

पुलिस घर के नौकर, चालक व कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है। पास के सीसीटीवी फुटेज में दो संदिग्ध युवक दिखे हैं। जो तीन दिनों से कालोनी के चक्कर लगा रहे थे। खुलासे के लिए पुलिस की चार टीमें लगाई गई हैं। मंडलायुक्त के पद से वर्ष 2009 में सेवानिवृत्त मूलतः कन्नौज निवासी देवेंद्र नाथ दुबे इंदिरानगर सेक्टर-20 में मकान नंबर 20/31 में पहली मंजिल पर रहते हैं। दूसरी पत्नी मोहिनी दुबे साथ रहती थीं। भूतल पर किराएदार रहता था। जो पिछले सप्ताह अन्यत्र चला गया था। देवेंद्र नाथ की पहली पत्नी मीना से दो बेटे प्रांजल और प्रतीक हैं। बड़ा बेटा प्रांजल नोएडा में रहता है, जबकी छोटा प्रतीक राजधानी के महानगर में रहता है। शनिवार सुबह 7 बजे देवेंद्र नाथ गोल्फ खेलने निकल गए। 10 बजे के करीब लौटे तो मेन गेट और चैनल खुला था। कमरे के साथ बने बाथरूम के चेंजिंग रूम में मोहिनी का शव पड़ा था। सिर के पास फर्श पर खून फैला था, पास में दुपट्टा पड़ा था।

### दुपट्टे से गला घोंटा, सिर पर चोट के निशान

एसीपी गाजीपुर विकास जायसवाल ने बताया कि मोहिनी के गले में कसाव के निशान थे। सिर के पिछले हिस्से से खून बह रहा था। उनका दुपट्टा पास में पड़ा था। देर शाम को आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटने से मौत की पुष्टि हुई। रिपोर्ट में आशंका जताई गई कि सिर पर वार किया गया जिससे गंभीर चोट लगी। पुलिस के मुताबिक गला घोंटने के दौरान खींचतान में मोहिनी गिर गईं और सिर में चोट लगी होगी।

### सुबह 7.15 से 8 बजे के बीच हुई वारदात

पुलिस की जांच में वारदात सुबह 7.15 से 8 बजे के बीच की बताई जा रही। एसीपी गाजीपुर के मुताबिक आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए हैं। पूर्व आईएएस अफसर के दो चालक, माली और चार नौकरों से पूछताछ की जा रही है।

## एक नजर

### कैमूर में हेरोईन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**भभुआ।** बिहार में कैमूर जिले के भभुआ थाना क्षेत्र से पुलिस ने 7.560 ग्राम हेरोईन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि सिगठी प्राथमिक विद्यालय के पास पुलिस गश्त पर थी। तभी दो लोग भागते दिखे। पुलिस ने पीछा कर उन्हें दबोचा। तलाशी में उनके पास से 7.560 ग्राम हेरोईन बरामद हुई। भभुआ के आकाश और राजेश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

### जम्मू-कश्मीर के सांबा में टैंक रोधी बारुदी सुरंग मिली

**सांबा/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में शनिवार को नदी के तट पर टैंक रोधी जंग लगी बारुदी सुरंग मिली। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शनिवार अपराह्न एक ग्रामीण ने बैंगलर गांव के पास बसंतर नदी के तट पर टैंक रोधी यह बारुदी सुरंग देखी। ग्रामीण ने संबंधित पुलिस चौकी को इस बारे में सूचित किया और सुरंग को निष्क्रिय करने के लिए बम निरोधक दस्ता मौके पर भेजा गया।

### हवालात में आत्महत्या पूरा थाना लाइन हाजिर

**जयपुर।** राजस्थान के ब्यावर जिले के जैतारण थाना क्षेत्र में अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी के हवालात में आत्महत्या करने के मामले में पूरा थाना लाइन हाजिर कर दिया गया है। ब्यावर जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह चौधरी ने शनिवार को बताया कि मामले में थानाधिकारी सहित थाने के सभी पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर पुलिस लाइन भेज दिया गया है। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया था।

### निर्दलीय विधायक की हृदयाघात से मृत्यु

**गुरुग्राम/चंडीगढ़।** बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय विधायक राकेश दौलताबाद की शनिवार सुबह दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई। पुलिस ने कहा कि 45 वर्षीय विधायक को सुबह दिल का दौरा पड़ा, जिसके बाद उन्हें एक निजी अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के अनुसार यहां पालम विहार में मनिपाल अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। दौलताबाद ने 2019 के विधानसभा चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर जीत हासिल की थी और बाद में उन्होंने भाजपा सरकार का समर्थन किया था।

# छठा चरण : उप्र की 14 लोकसभा सीटों पर 54.02 प्रतिशत मतदान

### अंबेडकरनगर में सबसे अधिक 61.54%, सबसे कम 48.94% फूलपुर सीट पर वोटिंग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में छठे चरण की 14 लोकसभा सीटों पर शाम छह बजे तक औसत 54.02 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे ज्यादा 61.54 प्रतिशत मतदान अम्बेडकरनगर सीट पर व सबसे कम 48.94 प्रतिशत मतदान फूलपुर सीट पर हुआ। छिटपुट घटनाओं के बीच सभी सीटों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हुआ। बलरामपुर की गैसड़ी विधानसभा सीट पर 51.10 प्रतिशत मतदान हुआ। फर्रुखाबाद लोकसभा के एक मतदान स्थल प्राथमिक विद्यालय खिरिया पमारान पर पुनर्मतदान 73.99 प्रतिशत हुआ।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सुल्तानपुर में 55.50 प्रतिशत, प्रतापगढ़ में 51.60, इलाहाबाद में 51.75, श्रावस्ती में 52.76, डुमरियागंज में 51.94, बस्ती में 56.67, संत कबीरनगर में 52.63, लालगंज (अजा) में 54.14, आजमगढ़ में 56.07, जौनपुर में 55.52, मछलीशहर (अजा) में 54.43 व भदोही सीट पर 53.07 प्रतिशत मतदान हुआ।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के दौरान कई मतदान केंद्रों पर ईवीएम खराब होने की शिकायत मिली। जहां कहीं भी शिकायत प्राप्त हुई हैं, वहां तत्काल प्रभावी कार्रवाई करते हुए ईवीएम व वीवीपैट को बदलने की कार्रवाई की गई। मॉक पोल के दौरान कुल 191 बैलेट यूनिट, 251 कंट्रोल यूनिट व 291 वीवीपैट बदले गए। विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र गैंसड़ी में मॉकपोल के दौरान दो बैलेट यूनिट, 10 कंट्रोल यूनिट व आठ वीवीपैट बदले गए। मतदान शुरू होने के बाद शाम छह बजे तक एक बैलेट यूनिट, एक कंट्रोल यूनिट व चार वीवीपैट बदले गए।



प्रतापगढ़ में प्राथमिक विद्यालय कटरा मेदनीगंज में लगी मतदाताओं की लाइन।

### 14,480 मतदेय स्थलों पर हुई वेबकास्टिंग

मतदान की प्रक्रिया के प्रभावी पर्यवेक्षण के लिए 14,480 मतदेय स्थलों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई, इसके अलावा 5057 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई।

### देशभर में 58 सीटों पर 61 प्रतिशत से अधिक वोटिंग

**अनंतनाग-राजौरी में बना 35 वर्ष का रिकॉर्ड**

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के छठे चरण में आठ राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों की 58 सीटों पर हुए मतदान में शनिवार रात्रि साढ़े ग्यारह बजे तक प्राप्त आंकड़ों के आधार पर औसतन 61.01 प्रतिशत मतदान हुआ। पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक 79.30 प्रतिशत वोट डाले गए जबकि उत्तर प्रदेश में 54.02 प्रतिशत मतदान हुआ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, विदेश मंत्री एस जयशंकर, कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आदि ने वोट डाले। जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी सीट पर 54.06 प्रतिशत वोट पड़े, जो 35 वर्ष का रिकॉर्ड है।

## राजकोट के गेम जोन में लगी आग, बच्चों समेत 27 की मौत

- फाइबर के ढांचे में शाम साढ़े चार बजे लगी आग, राहत एवं बचाव अभियान जारी
- एसआईटी को जांच, मृतकों के परिजनों-घायलों को आर्थिक मदद देने की घोषणा

राजकोट, एजेंसी

गुजरात के राजकोट शहर में शनिवार शाम 'गेम जोन' में भीषण आग लगने से बच्चों समेत 27 की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि गेमिंग गतिविधियों के लिए निर्मित फाइबर के ढांचे में शाम साढ़े चार बजे आग लग गई, जिसके बाद प्रभावित टीआरपी गेम जोन में राहत एवं बचाव अभियान पांच घंटे से जारी है। आग से ढांचा ध्वस्त हो गया।

एसपी विनायक पटेल ने बताया कि अब तक 27 लोगों की मौत हुई है। जल चुके शवों की पहचान मुश्किल है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नाना-मावा रोड स्थित गेम जोन में हादसा उस समय हुआ जब बच्चों सहित कई लोग खेल रहे थे। राजकोट डीएम प्रभाव जोशी ने बताया कि गेम जोन में आग लगने की सूचना अग्नि नियंत्रण कक्ष को शाम 4:30 बजे मिली। दमकल गाड़ियां और एंबुलेंस मौके पर हैं और मलबा हटाया जा रहा है। हालांकि, आग लगने का सही कारण पता नहीं चल पाया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से इस संबंध में बात की। मुख्यमंत्री पटेल ने हर मृतक के परिजनों को चार लाख तथा घायल को 50,000 की राशि देने की घोषणा की है। उन्होंने घटना की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। घटना के बाद राजकोट के पुलिस आयुक्त राजू भार्गव ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच होगी और सभी गेमिंग जोन को परिचालन बंद करने को कहा गया है।



गेमिंग जोन में आग लगने के बाद बचाव और राहत कार्य करते कर्मचारी। ● एजेंसी

### राष्ट्रपति मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी ने जताया दुख

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के राजकोट में 'गेम जोन' में आग लगने की घटना में लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया। सोशल मंच 'एक्स' पर मुर्मू ने कहा कि 'गेम जोन' में लोगों की मौत के बारे में जानकर मुझे गहरा दुख हुआ है। मैं ईश्वर से घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी शोक संवेदना व्यक्त की। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घटना पर दुख व्यक्त किया। मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि राजकोट त्रासदी ने हम सभी को दुखी किया है। मैंने फोन पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र भाई पटेल से राहत कार्यों के बारे में जानकारी ली है।

## हेमकुंड साहिब के कपाट खुले, पहला जत्था पहुंचा

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** विश्व प्रसिद्ध गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब के कपाट शनिवार को श्रद्धालुओं के लिए विधिवत अरदास के साथ खोल दिए गए। पंज प्यारों की अगुवाई में श्रद्धालुओं का पहला जत्था धाम पहुंचा। इस मौके पर दो हजार संगतों की उपस्थिति रही।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने 22 मई को ऋषिकेश गुरुद्वारे से धार्मिक अनुयायियों के साथ मिलकर जत्थे को रवाना किया था। गोबिंद धाम (घांघरिया) से शनिवार सुबह पंज प्यारों की अगुवाई में जत्थे ने हेमकुंड साहिब पहुंचकर गुरु महाराज के चरणों में हाजिरी भरी। प्रातःकाल से ही हजारों की संख्या में देश-विदेश से श्रृद्धालु हेमकुंड साहिब पहुंचने लगे थे।



## महाराष्ट्र में हाईकोर्ट का जज बताकर जिला जज से ठग लिए 50 हजार रुपये

- साइबर जालसाज ने दुबारा पैसे मांगे तब हुआ जज को संदेह

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र में साइबर जालसाज ने खुद को हाईकोर्ट का जज बताकर सोलापुर के जिला न्यायाधीश से 50 हजार रुपये ठग लिए। पुलिस ने शनिवार को बताया कि साइबर जालसाज ने बम्बई हाईकोर्ट के एक न्यायाधीश की तस्वीर को व्हाट्सएप डिस्प्ले पिक्चर (डीपी) के रूप में प्रयोग किया था।

मुंबई पुलिस ने शुक्रवार को हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की। शिकायत के अनुसार जिला जज को शुक्रवार को एक फोन नंबर से व्हाट्सएप पर संदेश मिला था, जिसमें डीपी पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश की तस्वीर लगी थी। जिला जज हाईकोर्ट के जज से परिचित थे और संदेश भेजने वाले ने 50 हजार रुपये मांगे थे और वह शाम तक वापस करने को कहा था। बिना कुछ पड़ताल किए जिला जज ने पैसा भेज दिया, लेकिन उन्हें एक और संदेश मिला, जिसमें उनसे और पैसे मांगे गए थे। इस पर जिला जज को संदेह हुआ। जिला जज ने हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार कार्यालय से संपर्क किया तो पता चला कि जिस न्यायाधीश की तस्वीर का इस्तेमाल हुआ था और उन्होंने कभी पैसे नहीं मांगे थे।

### नकली सीबीआई अफसर ने 19 लाख ठगे

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान में श्रीगंगानगर के जवाहरनगर थाना क्षेत्र में सीबीआई के नकली अधिकारी ने एक वकील की पत्नी को मनी लॉन्ड्रिंग एवं हवाला मामले में गिरफ्तारी का भय दिखाकर 19 लाख रुपये ठग लिए। अग्रसेननगर निवासी मीरा सूद की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार मीरा को 21 मई को फोन कॉल आई, जिसमें कॉलर ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया।

## छत्तीसगढ़ की बारूद फैक्ट्री में विस्फोट, एक की मौत

- छह लोग घायल, कई लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका

बेमेतरा, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में शनिवार को बारूद फैक्ट्री में हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि छह घायल हुए हैं। जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट बेरला विकासखंड के पिरदा गांव के पास स्पेशल ब्लास्ट्स लिमिटेड नामक फैक्ट्री में हुआ। रायपुर के डॉक्टर भीमराव आंबेडकर अस्पताल की जनसंपर्क अधिकारी शुभ्रा सिंह ने बताया कि छह लोगों को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया, जिनमें से दो घायलों को एम्स रायपुर ले जाया गया। विस्फोट स्थल का दौरा करने वाले राज्य के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए हैं।

साव ने कहा कि मलबे में लोग फंसे हो सकते हैं, मलबा हटने के बाद मृतकों की संख्या स्पष्ट हो पाएगी। कहा कि मृतकों के परिजनों को पांच लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विस्फोट के समय फैक्ट्री में करीब 100 लोग काम कर रहे थे।

## गूगल मैप के सहारे चला रहे थे कार नदी में जा गिरे

- कार में सवार थे चार मेडिकल छात्र, पुलिस ने निकाला

कोट्टायम, एजेंसी

तेलंगाना से केरल जा रहा वाहन शनिवार तड़के गूगल मैप नेविगेशन एप के माध्यम से गलत दिशा में जाने के कारण कुरुप्पनथारा पियर पुल पार करते समय नदी में गिर गया। वाहन में एक छात्रा सहित मेडिकल के चार छात्र थे, जिनको बचा लिया गया है।

पुलिस के मुताबिक घटना करीब तीन बजे उस समय हुई जब हैदराबाद से आए पर्यटक गूगल मैप नेविगेशन के निर्देशों का पालन करते हुए मुन्नार पर्यटन गंतव्य केंद्र से अलाप्पुझा की ओर बढ़ रहे थे। कुरुप्पनथारा पियर ब्रिज पार करते वक्त उनका वाहन नदी में जा गिरा। पुलिस ने बताया कि पुल से पहले दो सड़कें हैं, एक नदी के साथ जाती है और दूसरी कम्बम-चेरथला होते हुए अलाप्पुझा की ओर जाती है, लेकिन गूगल एप के बाईं ओर मुड़ने के निर्देश पर वाहन नदी में गिर गया। इस दौरान एक छात्र पीछे की खिड़की से निकलने में सफल रहा और उसने स्थानीय लोगों के साथ पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस, अग्निशमन कर्मियों और स्थानीय लोगों ने कार से तीन पर्यटकों को बचाया। बाद में रस्सी की मदद से कार को नाले से बाहर निकाला गया।

## छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों ने तीन नक्सली मार गिराए

**रायपुर/बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के दक्षिण बस्तर में शनिवार को सुरक्षाकर्मियों और माओवादियों में हुई दो मुठभेड़ों में तीन नक्सली मारे गए। पुलिस ने बताया कि बीजापुर में दो नक्सली मारे गए जबकि सुकमा में एक मारा गया। बीजापुर में मिरतुर पुलिस थाना क्षेत्र के जप्पेमरका-कमकानार गांवों के पास जंगल में पुलिस और नक्सलियों में मुठभेड़ हुई, दोनों पक्षों में हुई गोलीबारी के बाद मौके से दो नक्सलियों के शव, हथियार आदि सामग्री मिलीं। वहीं, सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि बेलपोचा गांव के पास जंगली पहाड़ी पर सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई गोलीबारी में मौके से एक नक्सली का शव मिला।

**कुदरत** | मैगलगंज से 16 किमी दूर गांव धोबिया में स्थित है तपोवन सिद्धाश्रम

## गोमती नदी को जीवन दे रहे तपोवन के प्राकृतिक जलस्रोत

विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** आम तौर पर मैदानी इलाके में प्राकृतिक जल स्रोत होने की कल्पना नहीं की जा सकती, लेकिन खीरी जनपद की सीमा पर हरदोई जिले में स्थित पिहानी अंतर्गत ग्राम पंचायत धोबिया के तपोवन सिद्धाश्रम में एक-दो नहीं, दर्जनों प्राकृतिक जलस्रोत न सिर्फ यहां की रमणीयता को बढ़ाते हैं बल्कि पास से निकली गोमती नदी को जीवनदान दे रहे हैं। गुलाब जामुन के लिए मशहूर कस्बा मैगलगंज से 16 किलोमीटर दूर दक्षिण दिशा में स्थित बियाबान जंगल में यह आश्रम स्थित है। आश्रम को सिद्ध पुरुष स्वामी तारेश्वरानंद (नेपाली बाबा) ने बनाया था। वर्तमान में उनके शिष्य स्वामी नारायणानंद यहां के महंत हैं, जिनकी देखरेख में मंदिर का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है।

महंत के बुलावे पर वर्ष 2018 में यहां आए तत्कालीन डीएम पुलकित खरे ने अनेक जलस्रोत देखे तो बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने सबसे बड़े जल स्रोत के सौंदर्यीकरण और उसे पर्यटन के लिहाज से बनाने के लिए अभियंताओं की टीम बनाई। उनके प्रयास से 17 अगस्त 2019 में प्राकृतिक जलस्रोत का सौंदर्यीकरण हो गया, जिसका उन्होंने लोकार्पण किया। प्राकृतिक जलस्रोत के चारो ओर सजावटी पत्थर लगाकर आकर्षक कुंड बनवा दिए। जलस्रोत के कुंड को अलग कर दिया ताकि उसे नुकसान न पहुंचे। पुलकित खरे ने तपोवन के सिद्ध आश्रम में क्षीर सागर, शांति कुटी, पर्यटन विश्राम स्थल, सत्संग स्थल सहित कई मूर्तियों और बैठने के लिए बेंच बनवाए। आश्रम के महत्व को दर्शाने वाले शिलापट भी लगवाए। सफाई कराकर प्राकृतिक जल स्रोतों को भी खुलवाया। गोमती संरक्षण अभियान के अगुआ और गोमती नदी के आसपास की सांस्कृतिक विरासत को संकलित कर रहे सुशील सीतापुरी कहते हैं कि इन जलस्रोतों का पानी पूरे साल नदी में गिरता रहता है।

आश्रम में स्थित शिव मंदिर के शिवलिंग से हर समय जलधारा निकलती रहती है, जिसे देखने लोग दूर-दूर से आते हैं।



तपोवन सिद्धाश्रम में स्थित प्राकृतिक जलस्रोत में मस्ती करते बच्चे।

### तपोवन का कोई विकल्प नहीं : सीतापुरी



चपरतला खीरी की स्वयंसेवी संस्था सेवा सदन की ओर से सुशील सीतापुरी के संयोजन में ' मैं तुम्हारी गोमती हूं अभियान' की शुरुआत दिसंबर 2019 से की गई। अभियान का उद्देश्य गोमती की सांस्कृतिक विरासत का सर्वेक्षण और संकलन करना है। उनका निष्कर्ष है कि हरदोई के धोबिया गांव स्थित तपोवन के प्राकृतिक जल स्रोतों से दो किमी दूर बहती गोमती को पूरे साल नियमित जलापूर्ति होती है। इस नाते धोबिया के प्राकृतिक जल स्रोत ही गोमती के लिए 'वरदान' हैं। प्राकृतिक जल स्रोतों के मामले में तपोवन (धोबिया) का कोई विकल्प नहीं है।

**‘अमृत विचार’ आपके साथ**

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 9450434176 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.।

**शहर में आज**

☞ भारतीय किसान यूनियन की पंचायत हाईवे के निकट स्थित कार्यालय पर दोपहर 12:30 बजे।

☞ रोडवेज बस अड्डा परिसर में निःशुल्क शिविर का आयोजन सुबह 10:30 बजे।

# 1.38 करोड़ रुपये से होगा दो पशु चिकित्सालयों का जीर्णोद्धार

## बिलासपुर, हाथीखाना के जर्जर भवनों की हालत सुधारने में 69-69 लाख रुपये का आ रहा खर्च

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जनपद के दो पशु चिकित्सालयों के भवनों का 1.38 करोड़ रुपये की लागत से जीर्णोद्धार होगा। इन भवनों की हालत सुधारने के लिए विभागीय अधिकारियों ने शासन को लिखा था। शासन से कार्यदायी संस्था के लिए धनराशि अवमुक्त हो चुकी है।

जिले में 20 पशु चिकित्सालयों में से सदर पशु चिकित्सालय हाथीखाना, पशु चिकित्सालय बिलासपुर और पशु चिकित्सालय पनवड़िया की हालत बेहद खस्ता है। तीनों चिकित्सालयों की हालत सुधारने के लिए सात माह पहले अधिकारियों ने शासन को लिखा था। इस पर सदर पशु चिकित्सालय हाथीखाना और बिलासपुर चिकित्सालय के जीर्णोद्धार के लिए मंजूरी मिली। इसके लिए शासन ने 69-69 लाख रुपये का बजट जारी किया है। निर्माण कार्य यूपीसीएल डीएफ द्वारा कराया जा रहा है।

विभाग ने कई वर्ष पहले हाथीखाना चिकित्सालय के निष्प्रोजय की रिपोर्ट भेज दी थी। सदर पशु चिकित्सालय हाथीखाना के भवन की स्थिति काफी जर्जर हो गई है। ओपीडी भी टीनशेड के नीचे होती है। यहां दवाएं भी बारिश में भीग जाती हैं। इसके बराबर से दो कमरे का लिंटर गिर रहा है। ऐसे में दवाओं के रखरखाव के लिए स्टॉफ को परेशानी होती है। भवन की हालत सुधारने के लिए विभाग के अधिकारियों ने शासन को लिखा। शासन से मंजूरी मिलते ही दोनों चिकित्सालयों की हालत सुधारने का कार्य कराया जा रहा है। चिकित्सालय के जिम्मेदारों के मुताबिक कार्य पूरा होने में चार माह का समय और लगेगा। अधिकारियों के अनुसार इन चिकित्सालयों में चिकित्सकों की भी दरकार है।



हाथीखाना चिकित्सालय में होता निर्माण कार्य। ● अमृत विचार



चहारदीवारी बनाने के लिए तैयार किए गए पिलर। ● अमृत विचार

“जनपद में 20 पशु चिकित्सालय हैं। इनमें से तीन के भवन काफी जर्जर हो चुके हैं। हाथीखाना और बिलासपुर पशु चिकित्सालयों के भवन के निर्माण का कार्य चल रहा है। पनवड़िया के लिए दोबारा शासन को लिखा जाएगा।

-डा. महेश कुमार कौशिक, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी।”

**जिले में यहां स्थापित है पशु चिकित्सालय**

हाथीखाना, पनवड़िया, बिलासपुर, अहरो, कौशलगंज, केमरी, मिलक, रठौंडा, परम, धमोरा, स्वार, सैदनगर, खौद, घोसीपुर पट्टी, मिलकखानम, शाहबाद, पटवाई में पशु चिकित्सालय स्थापित हैं।

**निर्माण कार्य में देरी होने पर दिया नोटिस**

पशु चिकित्सालय सदर हाथीखाना के निर्माण कार्य में देरी होने पर पशु चिकित्सा अधिकारी ने कार्यदायी संस्था को नोटिस दिया। इसके बाद कार्य में तेजी आई है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि ओपीडी कक्ष तैयार हो गया है। इसमें लाइटिंग, फिटिंग व रंगाई पुताई होनी है। बताया कि उनके कक्ष के पीछे निर्माण कार्य कराने के लिए पिलर बनाए जा रहे है। यहां चिकित्सालय की चारदीवारी बनेगी।

## देर रात किला और रजा बिजलीघर पहुंचे एसई

**रामपुर, अमृत विचार :** बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता अचानक रात 11 बजे रजा और किला उपकेंद्र पहुंचे। उन्होंने उपकेंद्र से जा रही विद्युापूर्ति की शीट को चेक किया। इसके बाद एसडीओ पीके सिंह को उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से बिजली देने के निर्देश दिए। वह दोनों उपकेंद्रों पर करीब एक घंटा रुके। उनके अचानक पहुंचने से अधिकारियों व कर्मचारियों में खलबली मची रही।

अधीक्षण अभियंता वीके आर्य शुक्रवार की रात 11 बजे किला बिजलीघर पहुंचे। उन्होंने उपभोक्ताओं को दी जा रही विद्युापूर्ति के बारे में एसडीओ से पूछा। एसडीओ पीके सिंह ने आपूर्ति की शीट दिखाई। इसके बाद वह रजा उपकेंद्र पहुंचे। एसडीओ को विद्युत आपूर्ति सुचारु रखने के निर्देश दिए। एसई ने बताया कि रात में जनपद के किसी भी उपकेंद्र पर पहुंचकर आपूर्ति की जानकारी ली सकती है।

**एक नजर**

### हादसे में बाइक सवार घायल

**रामपुर, अमृत विचार :** नवीन मंडी के पास कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सिविल लाइन क्षेत्र निवासी रोहताश शनिवार शाम स्वार की ओर जा रहा था। मंडी के पास कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी चालक कार समेत फरार हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### चालक के खिलाफ रिपोर्ट

**शाहबाद, अमृत विचार :** सैफनी थाना क्षेत्र के बड़ागांव निवासी जुल्फिकार के अनुसार आठ मई को उनकी पत्नी सबीना मित्तरपुर चौराहे पर सवारी का इंतजार कर रही थी। इस दौरान शाहबाद की ओर से आ रही कार ने सबीना को टक्कर मार दी। उसका दिल्ली के अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात कार चालक पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# मतगणना को लेकर अधिकारियों ने किया मंथन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** चार जून को होने वाली मतगणना को लेकर अधिकारियों ने शनिवार को मंथन किया। कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को हुई बैठक में जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कहा कि मतगणना दिवस के दौरान प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी अपने ड्यूटी पास के साथ ही परिसर में प्रवेश करेगा। अधिकारी और कर्मचारी अपने तैनाती स्थल पर उपस्थित रहकर सौंपी गई जिम्मेदारियों का गंभीरता के साथ निर्वहन करेंगे।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का शत-प्रतिशत अनुपालन होना चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी और मुख्य विकास अधिकारी डा. नन्द किशोर कलाल ने चार जून को होने वाली मतगणना के संबंध में सभी एसडीएम व अन्य अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मंडी परिसर में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। इसके लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती रहेगी। कलेक्ट्रेट में बैठक के उपरांत जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और मुख्य विकास अधिकारी नवीन मंडी परिसर पहुंचे। उन्होंने मतगणना को लेकर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और मुख्य विकास अधिकारी ने मंडी परिसर के विभिन्न गेटों से कर्मचारी, पोलिंग एजेंट एवं अधिकारियों के प्रवेश के दौरान उनकी चेकिंग और निर्धारित रूट प्लान के बारे में अधिकारियों को निर्देशित किया।

बताया कि कमंडी परिसर में विधानसभा वार प्रत्येक मतगणना हॉल में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। संबंधित विधानसभाओं के एसडीएम अपने स्तर से कार्मिक लगाएंगे। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी और अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को मंडी परिसर एवं आसपास सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग इस संबंध में प्रमाण पत्र देंगे कि परिसर में की गई बेरिकेडिंग एवं टेंट व्यवस्था मजबूत तथा मानक के अनुरूप है। विद्युत विभाग के अधिकारी भी लाइन और सभी उपकरणों के दुरुस्त होने के संबंध में प्रमाण पत्र जिला प्रशासन को सौंपेंगे। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी हेम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अतुल श्रीवास्तव तथा सभी उप जिलाधिकारी मौजूद रहे।



नवीन मंडी में मतगणना की तैयारियों का जायजा लेते अधिकारी। ● अमृत विचार

● **डीएम और एसपी ने की अधिकारियों के साथ बैठक**

## पालिकाध्यक्ष को ज्ञापन देकर गिनाईं समस्याएं

**रामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवा दल यंग ब्रिगेड के प्रदेश सचिव सैयद विक्की मियां ने पालिका अध्यक्ष से मुलाकात करके ज्ञापन दिया। जिसमें कहा कि शहर में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। सारा शहर खुदा हुआ पड़ा है, उन्होंने कहा कि लगभग डेढ़ अरब रुपए का बजट पास होने के बावजूद भी जमीन पर कोई काम होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवा दल यंग ब्रिगेड के प्रदेश सचिव सैयद विक्की मियां नगर पालिका पहुंचे। उन्होंने जन समस्याओं को लेकर पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। सैयद विक्की ने कहा कि वार्ड नंबर 42 के मोहल्ला बुढ़िया की दुकान पर गंदगी से बुरा हाल है। नालियों की पूरी तरह सफाई नहीं हो पा रही है। मोहल्ले की सड़क का भी बुरा हाल है। सड़क में गड्ढे हैं। नालियों के किनारे टूटे हुए हैं। पालिका अध्यक्ष ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।



प्रशिक्षणार्थी को प्रमाण पत्र देते उपायुक्त मनरेगा मंशाराम यादव। ● अमृत विचार

# उद्यमी बन अलग पहचान बनाएं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पहाड़ी गेट स्थित बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्था के छह दिवसीय प्रशिक्षण के समापन पर उपायुक्त मनरेगा मंशाराम यादव ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि अच्छा उद्यमी बनकर समाज में अपनी अलग पहचान बनाएं। अच्छी गुणवत्ता के डिटर्जेंट पाउडर का निर्माण करें। ताकि आसानी से बिक्री हो सके।

शनिवार को छह दिवसीय डिटर्जेंट पाउडर निर्माण प्रशिक्षण का समापन हुआ। इस मौके फैकल्टी हेड सरफराज हुसैन ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में कोई न कोई कौशल होता है। कोई उत्पाद की अच्छे से बिक्री कर सकता है तो कोई उत्पाद को अच्छे से बना सकता है। इसलिए सभी प्रशिक्षणार्थी मिलजुकर काम करें। बाजार की जरूरत के अनुसार उत्पाद तैयार करें।

इसके अलावा बाजार प्रबंधन, समय प्रबंधन, व्यक्तित्व विकास, संचार कौशल व बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं की भी जानकारी दी। अंत में प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।



एसबीआई में कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी एवं सम्मानित हुए पेंशनर्स। ● अमृत विचार

# वरिष्ठ पेंशनरों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा के हॉल में स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्यों को सम्मानित किया गया। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने सभी का शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

नवाब गेट के निकट स्थित भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के हॉल में स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन का कार्यक्रम हुआ। इसमें भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय प्रबंधक आलोक चंद्र ने स्टेट बैंक के वरिष्ठ पेंशनरों को शॉल ओढाकर सम्मानित किया। इसके अलावा बैठक में आए हुए सभी सदस्यों को पुष्प देकर सम्मानित किया। इसके बाद सभी ने विचार व्यक्त किए। समारोह में भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक तथा अधिकारी क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारी सम्मिलित हुए। सभी की समस्याओं को गंभीरता से विचार किया गया। क्षेत्रीय प्रबंधक आलोक चंद्रा ने कहा कि बैंक के पेंशनर्स की समस्याओं को प्रमुखता से दूर कराया जाएगा। इस अवसर पर पेंशनर एसोसिएशन के सदस्य जयप्रकाश, हरिओम सक्सेना, डीके सिंह, अरविंद अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## मामूली विवाद में युवक से की गाली-गलौज

**रामपुर, अमृत विचार :** मामूली विवाद के चलते कुछ लोगों ने युवक से गाली गलौज की। इस मामले में पुलिस को तहरीर दी है।

कोतवाली निवासी सतेंद्र के अनुसार उसका काफी समय पूर्व दरवाजे पर खड़े होने को लेकर पड़ोसी युवक से विवाद हो गया था। इसी के चलते शनिवार को रास्ते में रोककर उसके साथ गाली-गलौज की। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मंडल की बैठक आज

**रामपुर, अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के संगठन मंत्री बाबू अली ने संगठन की सदस्यता सलीम अहमद को दिलाई। इस मौके पर बाबू अली ने कहा कि किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। रविवार को तिलक नगर कॉलोनी में कार्यालय पर बैठक होगी। सभी व्यापारियों से बैठक में प्रतिभाग करने की अपील की है।

# प्रतिदिन अपनी फोटो लेंगे शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षिक कैलेंडर जारी किया गया है। इसमें काफी चीजों के बारे में अवगत कराया गया है। अब शिक्षक प्रतिदिन प्रार्थना सभा में उपस्थित होकर बच्चों के साथ मोबाइल से अपनी फोटो लेंगे और टेबलैट में लोड करके अधिकारियों को व्हाट्सएप करेंगे।

सरकारी स्कूलों में बच्चों को हर प्रकार की सुविधाएं दी जा रहीं हैं। ताकि बच्चे मन लगाकर पढ़ें और अंग्रेजी माध्यम के बच्चों को मात दे सकें। अब शासन के आदेश के बाद बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से इस बार शैक्षिक कैलेंडर जारी किया गया है। अलग-अलग गतिविधियां, खेलकूद के आयोजन के लिए समय तय किया गया है। इसके अलावा कैलेंडर जारी करके पठन-पाठन के साथ छात्रों के विकास पर जोर दिया जा रहा है। इसके साथ ही वाद-विवाद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएगी। इसके अलावा नृत्य, गायन, संगीत कला से संबंधित गतिविधियां भी कराई जाएंगी। विश्व योग दिवस पर स्कूलों में व्यायाम और योग पर आधारित प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी।

**छात्र-छात्राओं के मूल्यांकन पर भी दिया जाएगा बल**

कक्षा एक से आठ तक के छात्र-छात्राओं के व्यापाक मूल्यांकन पर भी बल दिया जाएगा। शैक्षिक सत्र में चार बार छात्र-छात्राओं का मूल्यांकन होगा। दो सत्रीय परीक्षाएं अगस्त और दिसंबर में और अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं अक्टूबर एवं वार्षिक परीक्षाएं मार्च में होगी। इसके अलावा प्रत्येक शनिवार को शिक्षा चौपाल का आयोजन किया जाएगा। इसमें कला, मिट्टी के खिलौने आदि बच्चों से बनवाकर उन्हे विभिन्न जीवों, संज्ञानात्मक वस्तुओं से परिचित कराया जाएगा।

**प्रतिदिन खंड शिक्षाधिकारी को भेजा जाएगा फोटो**

बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से जारी किए गए कैलेंडर में यह भी दर्शाया गया है कि प्रधानाध्यापक समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं अनिवार्य रूप से प्रार्थना सभा में उपस्थिति रहेंगे। प्रधानाध्यापक का यह भी दायित्व होगा कि उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बच्चों सहित प्रार्थना स्थल पर एक फोटोग्राफ प्रतिदिन लिया जाए। फोटोग्राफ संबंधित खंड शिक्षाधिकारी को प्रार्थना सभा के खत्म होने के बाद भेजा जाएगा। इसके अलावा एक फोटो टेबलैट में सुरक्षित रखा जाएगा। छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर स्वास्थ्य कार्ड, आरबीएसके माध्यम से तैयार कराए जाएंगे।

“सभी शिक्षक प्रार्थना सभा के दौरान मौजूद रहेंगे। बच्चों के साथ प्रतिदिन प्रार्थना सभा में अपना फोटो लेंगे। प्रतिदिन खंड शिक्षाधिकारी को प्रार्थना सभा की फोटो भेजना होगी और टेबलैट में फोटो सुरक्षित रखेंगे।

– संजीव कुमार, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी”

## बाबा दीप सिंह नगर में नहीं पहुंचे विद्युत तार

**रामपुर, अमृत विचार:** बिजली विभाग के अधिकारियों की अनदेखी के कारण बाबा दीप सिंह नगर में अभी तक तार ही नहीं पहुंचे हैं। लगभग 1500 लोग बिजली के लिए तरस रहे हैं।

लोगों का कहना है कि अधिकारी खंभे लगाने का आश्वासन दे रहे हैं। लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। चेतावनी दी कि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की जाएगी। शनिवार को बाबा दीप सिंह नगर के ताहिर अली के संग काफी लोग होकर एक्सईएन प्रथम से मिले। उन्हें बताया कि कॉलोनी में करीब 1500 लोग रहते हैं जिनके घरों में बिजली नहीं पहुंच रही है। लोगों का कहना है कि आठ साल से बाबा दीप सिंह नगर के बाशिंदे बिजली के लिए तरस रहे हैं। इस समस्या के बारे में कई बार निगम के अधिकारियों को बताया गया। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ।

**शिविर** अग्निशमन अधिकारियों ने दी जानकारी, ग्रीन वुड स्कूल में हुआ पांच दिवसीय समर कैंप का समापन

# समर कैंप में बच्चों को सिखाए आग से बचाव के गुर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शनिवार को ग्रीनवुड स्कूल में अग्निशमन दल ने बच्चों को आग से बचाव के गुर सिखाए। इसके साथ ही पांच दिवसीय समर कैंप का समापन हो गया। समर कैंप में बच्चों ने खूब मस्ती की। घुड़सवारी, बर्मा ब्रिज, स्केटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, एयर राइफल शूटिंग और गीत-संगीत के अलावा नृत्य कलाओं को भी सीखा।

अग्निशमन दल ने बच्चों को आग लगने पर उससे बचाव की ट्रेनिंग दी। कार्यक्रम में एफएसओ वीरेंद्र प्रसाद, एफएसडी कुलदीप कुमार और अन्य अग्निशमन कर्मियों ने बच्चों को आग से होने वाली दुर्घटनाओं के बारे में बताया। डेमो के माध्यम से आग से बचाव के टिप्स दिए। उन्होंने गैस सिलेंडर में लगी आग को बुझाकर दिखाया। इसके अतिरिक्त सामान्य आग को अग्निशमन यंत्र द्वारा काबू करने का तरीका बताया। बताया कि गैस लीक होने की स्थिति में किसी विद्युत उपकरण के स्विच को हाथ न लगाएं। स्पार्किंग से आग लग सकती है। टीम ने अग्निशमन यंत्रों के उपयोग का सही तरीका भी समझाया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नीरज तिवारी ने कहा कि यदि हम अग्निशमन टीम द्वारा बताई गई बातों पर अमल करें तो हादसों पर अकुंश लगाया जा सकता है। दूसरी ओर पांच दिवसीय समर कैंप में बच्चों ने जमकर मस्ती की और कई क्रिया कलाप भी सीखे। बच्चों ने बर्मा ब्रिज बनाया। एयर राइफल शूटिंग प्रशिक्षक के माध्यम से की। स्केटिंग में हवा के संग दौड़े। घुड़सवारी आकर्षण का केंद्र रही। आर्ट एंड क्राफ्ट में आकर्षक कला कृतियां बनाईं।



आग से बचाव के बारे में टिप्स देते अग्निशमन अधिकारी। ● अमृत विचार



एयर राइफल शूटिंग में निशाना लगाती छात्रा।

**समर कैंप में बच्चों ने लिया झूलों का आनंद**

समर कैंप में बच्चों ने विभिनन प्रकार के झूलों का आनंद लिया। मिक्की माउस, कोलंबस, ड्रेगन झूलों पर खूब मस्ती की। इस दौरान डायरेक्टर शाहिद खान, ज्वाइंट डायरेक्टर समीना खान, प्रधानाचार्य एनके तिवारी, उप प्रधानाचार्य शकील अहमद, एहतेराम अली, मुर्तजा अली, फिरोज हैदर, उबैद खान, विनय केवट, मोहम्मद सादिक आदि मौजूद रहे।

# डीएम का आदेश भी नहीं मान रहे रोडवेज चालक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रोडवेज बस चालकों की मनमानी के सामने हाकिम का आदेश भी बेअसर है। रोडवेज बस चालकों ने शनिवार को भी आंबेडकर पार्क और थाना सिविल लाइंस के सामने बसें रोककर सवारियां बैठाईं। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में जिलाधिकारी ने इस मामले में नाराजगी जताई थी। इसमें एआरएम रोडवेज को सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए थे। कहा था कि रोडवेज बसें बस अड्डे पर ही रुकें।

मालगादोम से कुछ दूरी पर रोडवेज बस अड्डा है। इसमें काफी जगह है। इसमें एक बार में लगभग 250 बसों को खड़ा किया जा सकता है। लेकिन पूरे दिन बस अड्डा खाली पड़ा रहता है। बरेली की ओर से आने वाली रोडवेज बसों के चालक बसों को बस अड्डे के अंदर न ले जाकर मालगोदाम तिराहे, आंबेडकर पार्क और सिविल लाइन थाने के सामने रोककर सवारियां बैठाते और उतारते हैं। इससे जाम लगा रहता है।

मुरादाबाद से भी आने वाली बसों के चालक भी यही करते हैं। इन बसों को रोडवेज परिसर में रुकवाने के लिए कई बार लोग जिलाधिकारी को अवगत करा चुके हैं। इसी के चलते शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई थी। इसमें जिलाधिकारी ने एआरटीओ को निर्देश दिए थे कि वह आंबेडकर पार्क पर सवारी बैठाने वाली रोडवेज बसों का चालान करें। लेकिन जिलाधिकारी के आदेश का भी किसी पर असर नहीं हुआ। स्थिति जस की तस बनी है। शनिवार को भी चालकों ने थाने के बसों में सवारियां बैठाईं। इससे साबित होता है कि डीएम के आदेश का किसी पर कोई असर नही है।



थाने के सामने रोडवेज बस में चढ़तीं सवारियां। ● अमृत विचार

● **शुक्रवार को जिलाधिकारी ने बैठक में जताई थी नाराजगी**

## एक नजर

### तीन बदमाशों पर की गैंगस्टर की कार्रवाई

**शाहबाद, अमृत विचार :** चोरों के गिरोह में शामिल तीन बदमाशों पर पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि दो पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। उनकी तलाश की जा रही है। कोतवाल ओमकार सिंह ने बताया कि गांव खेड़ा निवासी कल्लू पुत्र शिवचरण, नंदन पुत्र देवेंद्र और हिमांशु पुत्र जयवीर चोरी की घटनाओं में लिप्त हैं। इनका जनता में भय है। कोई भी इनके खिलाफ शिकायत या गवाही देने की हिम्मत नहीं जुटा पाता है। तीनों शातिरों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इनमें से हिमांशु को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### बाइक की चपेट में आकर बालिका समेत सवार घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव टेहरी ख्वाजा में तेज रफ्तार बाइक ने सड़क पार कर रही बालिका को टक्कर मार दी। इसमें बालिका व बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक सवार मोहल्ला कायस्थान निवासी पल्लेदार नरेश कुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जबकि टेहरी ख्वाजा निवासी घायल गुड़िया पुत्री चांद खां को भी नगर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाइक सवार ने बताया कि वह अपनी दवाई लेने बहेड़ी जा रहा था। अचानक बालिका सड़क के बीच में आ गई।

### सेना में भर्ती के लिए पांच जून तक करें आवेदन

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला रोजगार सहायता अधिकारी अभिषेक पंत ने बताया कि विंग कमांडर, कमान अधिकारी वायु सेना स्टेशन कानपुर से मिली जानकारी के मुताबिक अग्निवीर योजना के तहत आवेदन मांगे गए हैं। आवेदन के लिए अंतिम तिथि पांच जून है। भारतीय वायु सेना में अग्निवीर वायु (संगीतज्ञ) की भर्ती के लिए आनलाइन आवेदन प्रक्रिया 22 मई से पोर्टल पर शुरू हो चुकी है। जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने बताया कि हाईस्कूल सभी अभ्यर्थी इसमें आवेदन कर सकते हैं।

### दुकान में घुसकर पीटा

**रामपुर, अमृत विचार :** बिलासपुर थाना क्षेत्र के गांव माटखेड़ा निवासी गुरप्रीत सिंह का कहना है कि 23 मई की शाम वह दुकान पर बैठा था। तभी बलजिन्दर सिंह अपने भाई के साथ वहां आ गया। उन्होंने गुरप्रीत को पीट दिया। इस दौरान तमंचे से फायरिंग भी की। पुलिस ने तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# सिर में डंडा मारकर चौकीदार की हत्या

## सूचना पर पुलिस अधीक्षक ने किया घटना स्थल का निरीक्षण, शव पोस्टमार्टम को भेजा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** थाना गंज क्षेत्र में चौकीदार की सिर में डंडा मारकर हत्या कर दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। चिपड़ मशीन के मालिक की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। हत्या की सूचना पर पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और मातहतों को घटना का जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए।

गंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला इमली झूले वाली निवासी मोहम्मद फाईक खां की बघी को जाने वाले रास्ते पर एमएफके इंटरप्राइजेज के नाम से चिपड़ की मशीन है। चिपड़ मशीन में रात की रखवाली के लिए उन्होंने बरेली निवासी चौकीदार इरफान (50) को रख लिया था। वह 15 जुलाई 2023 से यहां चौकीदारी कर रहा था। शुक्रवार की रात किसी ने उसे सिर में डंडा मारकर हत्या कर दी। सुबह आकर देखा तो चौकीदार का शव चिपड़ मशीन पर बने कमरे के आगे टीन शैड में जमीन पर पड़ा था। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चिपड़ मशीन के मालिक की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर लिया है। हत्या की सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने भी मौका मुआयना किया।



चौकीदार की हत्या की सूचना मिलने के मौके पर पहुंचे एसपी राजेश द्विवेदी।

**घटना**

- गंज थाना क्षेत्र के बघी गांव का मामला, मची सनसनी
- चिपड़ मशीन के संचालक की तहरीर पर अज्ञात पर रिपोर्ट

### मृतक के परिजनों के बारे में नहीं है जानकारी

चिपड़ मशीन में चौकीदारी करने वाले इरफान की सिर में डंडा मारकर हत्या कर दी गई। जबकि किसी को चीखने-चिल्लाने की आवाज तक नहीं आई। हर पहलू पर पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है। हालांकि पुलिस का यह भी कहना है कि मृतक बरेली में कहां कर रहने वाला था। इस बारे में भी सही जानकारी नहीं मिल पा रही है। उसके परिजनों का भी अभी तक पता नहीं चल सका है।

> चिपड़ मशीन में काम करने वाले चौकीदार की सिर में डंडा मारकर हत्या कर दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चिपड़ मशीन के मालिक की तहरीर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।
> – संजीव कुमार, गंज थाना प्रभारी

## मारपीट की दो घटनाओं में पुलिस ने चार लोगों को किया गिरफ्तार

**बिलासपुर, अमृत विचार :** खेत की जमीन और मकान का नया दरवाजा खोलने को लेकर हुई मारपीट की दो अलग-अलग घटनाओं में कई लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों स्थानों से चार लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की गई है।

थानाध्यक्ष सतेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि खेमपुर गांव निवासी रामभरोसे तथा शादीनगर गांव निवासी रमेश व लालू के बीच खेत की जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। शनिवार को भी दोनों पक्ष इसी बात को लेकर आपस में झगड़ा कर रहे थे। सूचना पर पहुंची पुसि ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा जिवाई जदीद गांव निवासी अरुण कुमार व राजीव कुमार के बीच मकान का नया दरवाजा खोलने को लेकर कहासुनी हो गई। कुछ ही देर में दोनों पक्ड़ाक्ष आमने सामने आ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस के समझाने पर भी बाज नहीं आने पर इनकी गिरफ्तारी की गई है।

# कार डिवाइडर से टकराकर पलटी, पांच लोग घायल

संवाददाता, भोट

**अमृत विचार :** रामपुर-काठगोदाम नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में कार सवार तीन बच्चे व एक महिला समेत पांच लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भेज दिया।

शनिवार की सुबह करीब नौ बजे शाहबाद निवासी शाहबाज कुरैशी अपने परिवार व बदायूं जनपद के वजीरगंज निवासी अपने मित्र कदीर के परिवार के साथ अपनी कार से नैनीताल जा रहे थे। रामपुर-काठगोदाम नेशनल हाईवे परप गांव थूनापुर के पास अचानक सामने से आ रही मोटरसाइकिल को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। सभी लोग कार में बुरी तरह फंस गए। हादसे के बाद राहगीरों की भीड़ लग गई। सूचना पाकर भोट पुलिस मौके पर पहुंची और कार में फंसे सभी लोगों को बाहर निकाला। हादसे में घायल शाहबाज कुरैशी, उनकी पुत्री मन्नत व जन्नत, कदीर की पत्नी सुहाना व पुत्री फारिया को जिला अस्पताल भिजवाया।




थूनापुर गांव के पास खड़ी क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

**हादसा**

- पुलिस ने कार में फंसे लोगों को किसी तरह बाहर निकाला
- तीन बच्चों समेत पांचों घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया

# लैब में घुसी युवती ने किया हंगामा

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** नगर में हाईवे स्थित पैथोलॉजी लैब में युवती ने जमकर हंगामा किया। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस लैब संचालक और महिला को कोतवाली ले गई।

देर शाम सरकारी अस्पताल के सामने स्थित पैथोलॉजी लैब पर एक युवती पहुंची और लैब संचालक के साथ नोकझोंक करने लगी। युवक ने विरोध किया तो युवती ने चीखना-चिल्लाना शुरू कर दिया। इस पर आसपास के दुकानदारों की भीड़ जमा हो गई। इस बीच किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह दोनो को शांत कराया। इसके बाद पुलिस दोनों को कोतवाली ले गई। युवक ने बताया कि युवती उसकी लैब के पास स्थित अल्ट्रासाउंड सेंटर में काम करती है। वह शाम के समय लैब में घुस आई और लैब की चाबियां मांगने लगी। विरोध पर उसने रुपयों की मांग कर दी। वीडियो बनाने पर युवती ने उसका मोबाइल छीनकर तोड़ दिया।

युवती का आरोप है पड़ोस की लैब पर काम करने वाले युवक ने उसके बारे में अफवाह उड़ाई थी। वह युवक से मिलने लैब पर गई थी। लेकिन आरोपी युवक वहां नहीं था। वह उस युवक को बुलाने के लिए कह रही थी। लेकिन लैब संचालक आरोपी को बुलाने की बजाए उसे धमकाने लगा। युवती का कहना था कि जब तक अफवाह उड़ाने वाला युवक कोतवाली नहीं आएगा तब तक वह यहां से नहीं जाएगी। क्राइम इंस्पेक्टर राघवेंद्र प्रताप ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।




हंगामे की सूचना पर लैब पर पहुंची पुलिस। ● अमृत विचार

## शादी से पूर्व किया दहेज से इनकार, अब कर रहे मांग

**शाहबाद, अमृत विचार :** लड़की पक्ष की लाचारी पर तरस खाकर पहले दहेज लेने से इनकार कर दिया। लेकिन शादी होते ही ससुरालियों ने रंग दिखाना शुरू कर दिया। महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की मां ने ससुराल पक्ष के तीन लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

सैफनी थाना क्षेत्र के गांव बिसौली तालाब निवासी भारती पत्नी कृपाल ने अपनी बेटी अनीता की शादी दो साल पहले धुरियाई गांव निवासी युवक से की थी। लड़की के पिता दिव्यांग हैं। उनकी गरीबी व लाचारी को देखकर वर पक्ष ने दहेज लेने से मना कर दिया था। मगर फिर भी कृपाल ने अपनी हैसियत के मुताबिक दहेज दिया। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद ही ससुराल वाले दहेज में बाइक, टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन की मांग करने लगे। शुक्रवार को उसे घर से निकाल दिया। युवती की मां ने तीन लोगों के खिलाफ तहरीर दी है।

# गृह कलह में युवक ने फंदा लगाकर दी जान

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** घरेलू कलह के चलते 30 वर्षीय युवक ने पीपली वन में पेड़ से रस्सी के फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। सूचना पर सीओ और मिलकखानम एसओ ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है।

तहसील क्षेत्र के गांव पुसवाड़ा निवासी मथुरादास के 30 वर्षीय पुत्र विनोद कुमार का अपनी पत्नी से काफी समय से विवाद चल रहा था। दंपती में आए दिन कहासुनी होना आम बात हो गई थी। इसके कारण विनोद परेशान रहने लगा। परिजनों व रिश्तेदारों ने भी दंपती को काफी समझाया लेकिन उन पर कोई असर नहीं हुआ। घरेलू कलह से तंग आकर शनिवार को विनोद बाइक लेकर पीपली वन पहुंच गया। यहां एक पेड़ से रस्सी बांधकर और उसका फंदा गर्दन में डालकर पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली।

पीपली वन को जाने वाले मार्ग पर लोगों ने पेड़ से शव लटकता देख मिलकखानम पुलिस को सूचना दी। इस पर सीओ संगम कुमार, एसओ संजय सिंह मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने मृतक के परिवार वालों को घटना की जानकारी दी। युवक की आत्महत्या की जानकारी मिलते ही रोते-बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। इसके बाद पुलिस ने शव को नीचे उतरा और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा दिया।



युवक की आत्महत्या की सूचना पर पहुंचे पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

- मिलकखानम थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

# दो सप्ताह में ही उखड़ने लगी सड़क

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** करीब दो सप्ताह पूर्व डेढ़ करोड़ की लागत से बनाई गई सड़क उखड़ने लगी है। आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में मानक के अनुसार सामग्री न लगाने का आरोप लगाते हुए अधिकारियों से कार्रवाई करने की मांग की है।

नैनीताल हाईवे से पंजाब नगर, महेशपुरा, पजावा और पजय्या आदि गांवों को जोड़ते हुए केमरी जाने वाला मुख्य मार्ग बेहद जर्जर था। ग्रामीणों ने राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख से सड़क को ठीक कराने की मांग की थी। इसके अलावा इस समस्या को ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारियों के सामने भी उठाया था। प्रशासन और राज्यमंत्री ने करीब 1.40 करोड़ रुपए की धनराशि सड़क के पुर्ननिर्माण के लिए शासन से स्वीकृत कराए थे। लगभग तीन किलोमीटर की इस सड़क का निर्माण मात्र एक सप्ताह में कर दिया गया। सड़क का निर्माण हुए अभी दो सप्ताह ही गुजरे हैं, मगर सड़क जगह-जगह से उखड़ने लगी है। कई स्थानों पर तो गड्ढे भी हो गए हैं। ग्रामीणों ने इस बारे में अधिकारियों को बताया। दो सप्ताह पूर्व बनी सड़क में मानक के अनुरूप कार्य न करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने निर्माण कार्य की जांच कर कार्रवाई कराने की मांग भी की। ग्रामीण रामनरेश, श्यामलाल, विनोद, प्रेम सागर, सत्यवती और आरती ने बताया कि सड़क गांव महेश के निकट टूट गई है। नीचे का पत्थर व गिट्टी दिखाई देने लगी है। सड़क के निर्माण में सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। मानकों का ध्यान नहीं रखा गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जांच कराकर और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए सड़क का दोबारा निर्माण कराया जाए।



पंजाबनगर, महेशपुरा, पजावा को जाने वाली सड़क में बना गड्ढा। ● अमृत विचार

- करीब डेढ़ करोड़ की लागत से किया गया इस सड़क का निर्माण

## भतीजी को पीटने वाले दो चाचा गिरफ्तार

**बिलासपुर, अमृत विचार :** संपत्ति विवाद में भतीजी से मारपीट करने के मामले में मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करने के बाद केमरी पुलिस ने कार्रवाई की। आरोपी चाचाओं का शांतिभंग में चालान कर दिया है।

थानाध्यक्ष सतेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि पजईया गांव निवासी बाबू हुसैन और इकबाल हुसैन की भतीजी फिरदौस ने आईजीआरएस पर शिकायत की थी। इसमें उसने पारिवारिक संपत्ति के विवाद में मारपीट करने का आरोप लगाया था। इस पर पुलिस ने दोनों आरोपियों का शांति भंग में चालान कर दिया। इसके अलावा कोतवाली पुलिस ने मोहल्ला लक्ष्मीनगर निवासी शोभित शर्मा व बरेली के सुभाषनगर थाने के गांव बेनीपुर चौधरी निवासी गणेश बाबू का भी शांति भंग की धाराओं में चालान किया है। इन दोनों के विरुद्ध आमादा फौजदारी होने की शिकायतें मिली थीं।

# कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम को भेजा सलमान का शव

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** पीओपी कारीगर को दफनाने के बाद पिता ने पैसे के लेनदेन को लेकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से शव को कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम कराने की मांग की थी। डीएम के आदेश पर शनिवार को एसडीएम की मौजूदगी में शव को कब्र से निकाल कर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

कोतवाली के गांव रसूलपुर निवासी सलमान पीओपी का काम करता था। 18 मई को पीओपी कारीगर का शव गांव रसूलपुर स्थित साप्ताहिक बाजार के निकट सरकारी नल के पास मिला था। परिजनों ने शव को सुपुर्दे खाक कर दिया था। अगले दिन मृतक के पिता मुजीबुर्रहमान ने पुलिस को तहरीर देकर कहा था कि उनका बेटा और गांव का शब्बू साथ में पीओपी का काम करते थे। दोनों में काम के पैसों को लेकर विवाद हो गया था। शब्बू व उसकी पत्नी ने उनके बेटे को जान से मारने की धमकी दी थी। 18 मई को सलमान अपनी मां के साथ गांव की मजार पर उर्स देखने गया था। इस दौरान शब्बू सलमान बुलाकर ले गया था। शब्बू ने देर रात उसकी मां को आकर बताया था कि सलमान बाजार में नल के पास पड़ा है। जाकर देखा तो सलमान की मौत हो चुकी थी। उसके शरीर पर चोटें व गले पर रस्सी का निशान था। रविवार को परिजनों ने सलमान का शव सुपुर्दे खाक कर दिया था।

मुजीबुर्रहमान का आरोप है कि शब्बू और उसकी पत्नी ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके बेटे की हत्या की है। उन्होंने जिलाधिकारी से मिलकर बेटे का शव कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम कराने की गुहार लगाई थी। पुलिस ने शब्बू को हिरासत में ले लिया है।

शनिवार को जिलाधिकारी के आदेश पर एसडीएम अवनीश कुमार व सीओ संगम कुमार की आगुवाई में पुलिस ने शव को कब्र से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दौरान कोतवाल संदीप त्यागी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक अजय कुमार सिंह व पुलिस बल समेत ग्रमीणों का जमावड़ा लगा रहा। एसडीएम अवनीश कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर शव को कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



कब्र से शव निकलवाते पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी। ● अमृत विचार

- कार्रवाई के दौरान एसडीएम सीओ और कोतवाल रहे मौजूद
- पीओपी कारीगर के पिता ने लगाया था बेटे की हत्या करने का आरोप



जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में भर्ती रोगी। ● अमृत विचार

# लगातार बढ़ रही मरीजों की संख्या

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में रोगियों की ओपीडी एक हजार के पार पहुंच गई है। एक चिकित्सक 200-250 मरीजों को परामर्श दे रहे हैं। इनमें ज्यादातर रोगी उल्टी, दस्त और बुखार से पीड़ित हैं। शनिवार को डायरिया वार्ड में 30 और बच्चा वार्ड में 20 रोगी भर्ती हुए।

मौसम में परिवर्तन होने से लोग तरह तरह की बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। शनिवार को जिला अस्पताल में 1068 रोगियों की ओपीडी हुई। स्थिति यह है कि डायरिया और बच्चा वार्ड फुल है। रोगियों को भर्ती करने के लिए डॉक्टर अगले दिन का समय दे रहे हैं।

जनरल फिजिशियन डा. दशरथ सिंह, डा. संजय अग्रवाल, डा. शशांक व दो अन्य चिकित्सकों ने ओपीडी की। चिकित्सकों के कक्ष के बाहर रोगियों की कतार लगी रहीं। मोहल्ला खटकान, पहाड़ी गेट के पांच बच्चों को वार्ड में भर्ती कराया गया। सीएमएस डा. एचके मित्रा ने बताया कि घर से बाहर निकलते समय सावधानी बरतने की जरूरत है।

**पर्यावरण संरक्षण** पांच करोड़ रुपये से हुआ था ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण, मतगणना के बाद लगेंगी रिसाइकिल की मशीनें

# जल्द शुरू होगा ट्रीटमेंट प्लांट, बनेगी जैविक खाद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहजादनगर में प्लांट पूरी तरह बनकर तैयार हो गया है। यहां रिसाइकिल का काम शुरू किया जाएगा। इससे बनने वाली खाद को एक फर्म के जरिए बेचा जाएगा। इसका कुछ अंश नगर पालिका के राजस्व में भी जाएगा। इससे पालिका को भी लाभ पहुंचेगा। लोकसभा चुनाव की मतगणना निपटने के बाद इसमें रिसाइकिल मशीनें लगेंगी।

शहजादनगर स्थित कूड़ा ट्रीटमेंट प्लांट को 2022 में चालू होना था। कंपनी की लेटलतीफी के चलते इसका काम अधर में लटक गया था। नगर पालिका परिषद के 43 वार्ड हैं। यहां से प्रतिदिन 140 मीट्रिक टन कचरा उठाया जाता है। शहर में दो अस्थायी ट्रंचिंग ग्राउंड हैं। नगर पालिका परिषद ने सीएनडीएस कंपनी को ठेका दिया है। सीएनडीएस की ओर से शहर के बाहर शहजादनगर में करीब छह हेक्टेयर में पांच करोड़ रुपये की लागत से बने ट्रीटमेंट प्लांट के जरिए का निस्तारण किया जाएगा। इसमें गीले कचरे को कंपोस्ट कर खाद बनाई जाएगी। इसके बाद खाद की बिक्री कर जैविक खाद को बढ़ावा दिया जाएगा। कचरा निस्तारण के साथ नगर पालिका को भी इसके लाभ से कुछ अंश पहुंचेगा। ट्रीटमेंट प्लांट बनकर तैयार हो गया है। यहां खाद बनाने के लिए मशीनें लगनी है। मशीनें आचार संहिता के बाद लगेंगी।



शहजादनगर स्थित कूड़ा ट्रीटमेंट प्लांट। ● अमृत विचार

> कचरा निस्तारण के लिए शहजादनगर स्थित ट्रीटमेंट प्लांट बनकर तैयार हो गया है। इसमें मशीनें लगनी शेष हैं। मशीन लगने के बाद प्लांट क्रियाशील स्थिति में आएगा।
> –दुर्गेश्वर त्रिपाठी, ईओ

### कैसे बनेगी खाद

गीले कूड़े से खाद बनेगी। खाद बनाने के लिए कूड़ा-कचरा कई मशीनों से होकर निकलेगा। करीब एक से डेढ़ माह में खाद बनकर तैयार हो जाएगी। सूखे कचरे को अलग किया जाएगा। प्लास्टिक, लोहा, पन्नी आदि को अलग करने के बाद फैक्ट्रियों में बेचा जाएगा।

### खाद बिक्री के लिए नहीं हो सकी बात

शहजादगनर स्थित कूड़ा ट्रीटमेंट प्लांट में बनने वाली जैविक खाद की बिक्री के लिए एक फर्म से कुछ समय पहले से बात चल रही थी। लेकिन इस पर अभी तक सहमति नहीं बन सकी है।

# पुलिस ने चार दिन पूर्व अगवा किशोरी को किया बरामद

संवाददाता, भोट

**अमृत विचार :** पुलिस ने चार दिन पूर्व अगवा की गई क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान की नाबालिग बेटी को बरामद कर लिया है। पुलिस को देख आरोपी युवक फरार होने में कामयाब हो गया। पुलिस आरोपी युवक की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

चार दिन पूर्व क्षेत्र के गांव निवासी किसान की नाबालिग बेटी को गांव का ही युवक बहला-फुसला कर अगवा करके ले गया था। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी थी। चौकी इंचार्ज मनकरा चंद्र विक्रम सिंह के नेतृत्व में अलग-अलग टीमों ने आरोपी के रिश्तेदारों व परिजनों के घर ताबड़तोड़ दबिश दी थीं। शनिवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी युवक किशोरी के साथ थाना क्षेत्र के कोयली तिराहे के पास वाहन के इंतजार में खड़ा है। इस पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देख आरोपी युवक किशोरी को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। पुलिस ने किशोरी को कब्जे में ले लिया।

थानाध्यक्ष निशा खटाना ने बताया कि चार दिन पूर्व गांव निवासी युवक द्वारा अपहृत की गई किशोरी को कोयली गांव के तिराहे के पास से बरामद कर मेडिकल के लिए भेजा गया है। मौके से फरार हुए आरोपी युवक की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। जल्दी ही आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

- किशोरी के अपहरणकर्ता की तलाश में जुटी पुलिस

## एक नजर

### भीषण गर्मी में चने और मीठे पानी का किया वितरण

**बिलासपुर, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में नागरिकों को प्यास से निजात दिलाने के जिउ ग्राम विकास अधिकारी त्रिवेन्द्र मोहन सागर ने शनिवार को सीएचसी रोड पर पालिका के रैन-बसेरे के सामने स्टॉल लगाया। इसमें उन्होंने लोगों को स्वादिष्ट चना व शरबत वितरित किया। चिलचिलाती धूप में वहां से गुजर रहे नागरिकों ने इसका आनंद लिया। ग्राम विकास अधिकारी ने बताया कि ब्लॉक में एडीओ पंचायत रहे उनके पिता स्वर्गीय चंद्रमोहन सागर भी हमेशा समाजसेवा में सहयोग करते थे। उनकी नवीं पुण्यतिथि पर यह स्टॉल लगाने की प्रेरणा मिली। सहयोगियों में पूर्व पालिका सभासद शमशेर सिंह मंड, वीर कुमार, सिमरन सिंह, अंग्रेज सिंह, शिवम कुमार, हीरालाल, शंकर लाल, रवि राजपूत आदि मौजूद रहे।

### शांतिभंग में चार लोगों का किया चालान

**बिलासपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने चाकू व मारपीट के अलग-अलग मामलों में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। खजुरिया थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि उपनिरीक्षक प्रशांत कुमार ने सितौरा गांव निवासी सहीद अहमद को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। दूसरी ओर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि भोट के सनकरा गांव निवासी गुलफाम, सिकरौरा गांव निवासी जसपाल तथा उत्तराखंड के हल्द्वानी के बनफूलपुरा कस्बे के इमरान को हिरासत में लिया गया है। मारपीट के मामलों में तीनों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्रवाई की गई है।

### आरोपियों ने जमीन की रंजिश में युवक को पीटा

**रामपुर, अमृत विचार :** गंज थाना क्षेत्र में रंजिश के चलते युवक को पीट दिया। इस मामले पुलिस को तहरीर दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना गंज क्षेत्र के अजयपुर गांव निवासी नन्हे का कहना है कि गांव के ही कई लोगों उसे जमीन के विवाद को लेकर उसकी रंजिश चली आ रही है। इसी के चलते रास्ते में आते-जाते समय आरोपी उसके साथ गाली-गलौज करते हैं। आरोप है कि शुक्रवार शाम को रास्ते में रोककर उसके साथ गाली-गलौज करते हुए आरोपियों ने उसे पीट दिया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# 40 डिग्री सेल्सियस तक रहा अधिकतम तापमान

## रात का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान, आने वाले दिनों में 45 डिग्री तक पहुंच सकता है पारा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सुबह से लू चली और लोग अपने सिर पर अंगोछे और स्कार्फ लपेटकर निकले। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो अगले तीन दिन में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। रात का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। शनिवार की सुबह अधिकतम तापमान 40 डिग्री रहा। कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि किसान फसलों में उचित सिंचाई करें और नमी बनाए रखें। गर्मी से बचने को बच्चों ने ट्यूबवैल और तालाबों के पानी में खूब मस्ती की।

शनिवार की सुबह से आसमान से सूरज तपिश बरसाता रहा। सुबह से ही लू चलनी शुरू हो गई। सड़कों पर लोग जरूरी कार्यों से ही निकले। जो लोग सड़कों पर निकले उन्होंने अच्छी तरह स्वयं को अंगोछे और स्कार्फ से ढंक लिया। कुछ लोगों ने सूरज की तपिश से बचने के लिए छाते का इस्तेमाल किया। लोगों ने बेल का शर्बत, गन्ने का जूस और लस्सी पीकर गला तर किया। शनिवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम का मिजाज 28 मई तक और तल्ख होगा। मौसम वैज्ञानिक डा. उदय प्रताप शाही के अनुसार अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है।


छाता लगाकर जाती महिला।


राहगीरों को शरबत बांटते दुकानदार। ● अमृत विचार


मसवासी में राहगीरों को शरबत पिलाते लोग। ● अमृत विचार

### गर्मी में लोगों का गला तर करने को बांटा शरबत

**रामपुर, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में डायमंड टाकीज के सामने मोहल्ले के लोगों ने एकत्र होकर लोगों का गला तर करने के लिए शरबत बांटा। डायमंड टाकीज के पास बनी सभी दुकानों के मालिक शनिवार दोपहर एकत्र हुए। इसके बाद शिविर लगाकर वहां से गुजरने वाले लोगों को शरबत पिलाया। शरबत बांटने वालों में गुड्डू, अतीक, रईस, पवन के अलावा काफी लोग मौजूद रहे।

### शरबत पिलाकर बुझाई राहगीरों की प्यास

**सैफनी, अमृत विचार :** भीषण गर्मी से बेहाल लोगों को राहत पहुंचाने के लिए नगर के कुछ युवाओं ने शरबत पिलाकर उनका गला तर कराया। मुस्तफा मस्जिद के सामने चिकित्सकों और युवाओं ने मिलकर शनिवार को चिलचिलाती धूप में राहगीरों को शरबत पिलाया। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि वह आगे भी गर्मी में राहगीरों की सेवा करते रहेंगे। इस दौरान डा. तौकीर आलम, डॉ. जीशान, शानू, डा. समीर, भूरा उर्फ मुजम्मिल, चांद बाबू, डा. मेराज, तौसीफ आलम आदि ने सहयोग किया।

> 28 मई तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में मौसम शुष्क रहने और लू चलने का अनुमान है। दिन का तापमान 43 से 45 डिग्री सेल्सियस जबकि, रात्रि का तापमान 30 डिग्री रहने की संभावना है। संभावित तेज गर्मी व लू की दशा में किसान गन्ना, मक्का, सब्जी और अन्य खड़ी फसल में सिंचाई कर उचित नमी बनाए रखें।
>
> **- डा. उदय प्रताप शाही, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विश्वविद्यालय मेरठ**

### अमरनाथ बने आंबेडकर सभा के प्रदेश अध्यक्ष

**रामपुर, अमृत विचार :** भारतीय आंबेडकर सभा के पदाधिकारियों की सहमति से अमरनाथ वाल्मीकि को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष बनने पर संगठन के पदाधिकारियों ने फूल मालाओं से स्वागत भी किया। उन्होंने कहा कि संगठन की ओर से दी गई जिम्मेदारी को वह पूरी ईमानदारी से निभाएंगे।

शनिवार को सईद खां के निवास पर बैठक का आयोजन किया गया। इसमें पदाधिकारियों की सहमति से अमरनाथ वाल्मीकि को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इस अवसर पर सुभाष चंद्र गंगवार, सलवेंदर विराट, विलसन बाबू, भरत सिंह, अंकित राज, सचिन कुमार, नवीन कुमार सोनू, सुमित कुमार, दीप कुमार, जबर सिंह सागर, बाबू राम दिवाकर, धर्मपाल वाल्मीकि, मुकेश, आकाश चौहान, शाहवेज खां, नारायणदास, ओमप्रकाश वाल्मीकि आदि शामिल रहे।

### मेले में 84 युवाओं को मिला रोजगार

**शाहबाद, अमृत विचार :** राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में शनिवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें 84 युवाओं का विभिन्न कंपनियों ने चयन किया है। दोनों कंपनियों के प्रतिनिधियों ने योग्यता के आधार पर बच्चों का चयन किया। चयनित छात्र-छात्राओं के चेहरे पर खुशी देखते ही बन रही थी। कॉलेज की ओर से उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

शनिवार को लश्करगंज रोड स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश के कई पॉलिटेक्निक कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कॉलेज के व्याख्यता डा. संजीव कुमार ने बताया कि नोएडा की कंपनी डिक्सन टेक्नोलॉजीज और एस्कॉर्ट कुबोटा प्राइवेट लिमिटेड की ओर से रोजगार मेले का आयोजन किया गया था। प्रधानाचार्य डा. एसके वर्मा और प्लेसमेंट अधिकारी विल्सन की देखरेख में 84 बच्चों का चयन किया गया।


श्रुति को सम्मानित करते प्रधानाचार्य मिंटू दुबे। ● अमृत विचार

# प्रधानाचार्य ने जिला टॉपर छात्रा को किया सम्मानित

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** सीबीएसई में जिला टॉपर श्रुति खुराना को स्कूल की ओर से उनके घर जाकर सम्मानित किया गया। होली चाइल्ड स्कूल के प्रधानाचार्य मिंटू दुबे शनिवार को श्रुति के महेश गार्डन स्थत घर पहुंचे और उन्हें उपहार दिए।

होली चाइल्ड स्कूल की जिला टॉपर छात्रा को उपहार देकर बधाई दी और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। बेहतर भविष्य के लिए उन्होंने छात्रा को सुझाव भी दिए। वस्त्र विक्रेता विनोद खुराना की पुत्री श्रुति ने परीक्षा में 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉप किया है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में वह तीसरे स्थान पर आई हैं। इस अवसर पर शिक्षक वरुण बंगा व विशाल महेन्दू, मां सुरभि खुराना, कनिका, भाई शोलभ, सुशील चौधरी तथा अन्य परिजन व मित्र भी मौजूद रहे।

### हमें जीवन जीने की कला सिखाता है योग : प्रियंका

**बिलासपुर, अमृत विचार :** डाम कालोनी स्थित दिव्यांग बच्चों के स्पेशल स्कूल अथर्व डे केयर एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर में दो दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों को योगाभ्यास कराया गया।

शनिवार को योग प्रशिक्षिका पतंजलि योगपीठ की जिलाध्यक्ष मधुबाला गुगलानी ने दिव्यांग बच्चों को योग सिखाया। उन्होंने विभिन्न योगाभ्यास के माध्यम से बच्चों को स्वस्थ्य रहने के गुर सिखाए। कहा कि योग लोगों को जोड़ता है। योग से हम ज्यादातर बीमारियों को समाप्त कर सकते हैं। हमारे बच्चे किसी से कम नही हैं। जरूरत है उन्हें अवसर देने की।

इस दौरान सेंटर संचालिका प्रियंका चौबे ने कहा कि योग हमें जीवन जीने की कला सिखाता है। उन्होंने योग प्रशिक्षिका का आभार जताया। कार्यक्रम में कुमकुम, मनप्रीत कौर, सुशील कुमार पांडेय आदि मौजूद रहे।


मुरादाबाद के एक पार्क में शिक्षिकाओं के साथ बैठे बच्चे। ● अमृत विचार

# बच्चों ने पार्क में की जमकर मस्ती

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** विकास भारती स्कूल द्वारा बच्चों के लिए मुरादाबाद ट्रिप का आयोजन किया गया। इसके तहत शनिवार को बच्चों ने वाटर पार्क में जमकर मस्ती की।

शनिवार की सुबह बच्चे मुरादाबाद स्थित वाटर पार्क पहुंचे। यहां उन्होंने झूलों आदि का आनंद लिया। बच्चों के साथ शिक्षिकों ने भी बच्चों की ट्रेन का लुत्फ उठाया। वॉटर स्लाइड से फिसलकर खूब धमाल मचाया। शिक्षकों के साथ सेल्फी ली। शिक्षकों ने भी बच्चों के साथ ग्रुप फोटो खिंचवाए। प्रधानाचार्य स्मिता गुप्ता ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य एक्टिविटीज में भी प्रतिभाग करना चाहिए। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल व मनोरंजन भी जरूरी होती है। चेयरमैन संसार सिंह ने बच्चों को खुशनुमा और स्वतंत्र वातावरण में आगे बढ़ने की बात पर जोर दिया। इस मौके पर यशपाल सिंह, अमन कांबोज, विक्रम सिंह, अर्पित अग्रवाल, दलवीर कौर, अमन निज्जर, निशा संगवान, आसरा खान, माधुरी दीक्षित, नाज, तरन्नुम, स्मृति सागर, गुलनिशा, शिल्पी आदि मौजूद रहे।


देवरनिया शुमाली में घूमता कुत्तों का झुंड। ● अमृत विचार

# खुले में डाल रहे मवेशियों के शव

संवाददाता, सैदनगर

**अमृत विचार :** ग्राम देवरनिया शुमाली गांव में गंदगी के अंबार के कारण संक्रमण होने का खतरा बना है। ग्रामीण मृत पशुओं को गांव के पास ही खुले में डाल रहे हैं। इसके चलते ग्रामीणों का निकलना भी दुश्वार हो गया है।

विकासखंड क्षेत्र के देवरनिया शुमाली गांव में जगह-जगह गंदगी फैली है। गांव में तालाब के आसपास कूड़े के ढेर लगे हैं। ग्रामीण मृत पशुओं को तालाब के पास ही डाल रहे हैं। इसके चलते कुत्तों के झुंड ग्रामीणों के लिए खतरा बने हैं। गंदगी के चलते बीमारियों का खतरा बना है।

बदबू के कारण ग्रामीणों का निकलना भी मुश्किल हो गया है। गांव की नालियां चोक होने के कारण गंदा पानी रास्तों में बह रहा है। इसके कारण महिलाओं एवं बच्चों को काफी दिक्कत हो रही है।

ग्रामीणों ने पंचायत विभाग से साफ-सफाई करने की अपील की है। ग्राम सचिव ओमकार शरन ने ग्रामीणों को दो दिन में सफाई करने का आश्वासन दिया है।

### एसडीएम ने खनन से लदे तीन वाहन किए सीज

**मसवासी, अमृत विचार :** उप जिलाधिकारी स्वार ने अभियान चलाकर तीन वाहनों को पकड़कर कार्रवाई की है। इससे ओवरलोड वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा।

स्वार एसडीएम अवनीश कुमार ने शुक्रवार की देर शाम औचक छापेमारी कर दढ़ियाल-बाजपुर मार्ग पर बने खनन चेकपोस्ट पर बिना प्रपत्र तीन वाहन पकड़ लिए। चालकों से रायल्टी संबंधित कागजात मांगे, लेकिन उनके पास कुछ नहीं मिला। एसडीएम ने बताया कि पकड़े गए तीनों वाहनों को सीज कर चौकी पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिया है। इस कार्रवाई से खनन करने वालों में हड़कंप मचा है।


वाहनों को सीज करते एसडीएम।


सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटवाते अधिकारी। ● अमृत विचार

# सरकारी जमीन से हटवाया कब्जा

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में राजस्व टीम ने कस्बा दढ़ियाल में सरकारी रास्ते से अतिक्रमण हटाने के साथ ही नवीन परती के रूप में दर्ज आराजी को भी कब्जा मुक्त कराया। उपजिलाधिकारी ने बताया कि कब्जे हटवाने की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने जिले में अभियान चलाकर विभिन्न श्रेणी की सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए हैं। उपजिलाधिकारी द्वारा अभियान चलाकर सरकारी जमीनों को कब्जा मुक्त कराने की कार्रवाई की जा रही है।

शनिवार को उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह के नेतृत्व में नायब तहसीलदार अंकुर अत्तल और नगर पंचायत दढ़ियाल के ईओ और राजस्व विभाग की टीम ने कस्बे में सरकारी रास्ते से अतिक्रमण हटाया। इसके साथ ही नवीन परती के रूप में दर्ज आराजी को भी कब्जा मुक्त कराया। इससे कब्जा धारकों में हड़कंप मच गया।

### आजम खां को जमानत मिलने पर समर्थकों ने किया खुशी का इजहार

**टांडा, अमृत विचार :** सपा के वरिष्ठ नेता मोहम्मद आजम खां, उनकी पत्नी तजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम को उच्च न्यायालय द्वारा जमानत मिलने पर समर्थकों ने हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने इस फैसले के लिए न्यायालय का आभार जताते हुए कहा कि सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं हो सकता।

मोहल्ला राहूपुरा में शनिवार को अकीलुर्रहमान के आवास पर हुई बैठक में समर्थकों ने मोहम्मद आजम खां, उनकी पत्नी डा. तजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम को दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में हाईकोर्ट से जमानत मिलने पर खुशी जताई। इस अवसर पर अकीलुर्रहमान, अतीकुर्रहमान सलमानी, रिजवान, रईस सैफी, शकील, अतीक आदि मौजूद रहे।


शाहबाद तहसील में पकड़े गए बकाएदारों के साथ राजस्व टीम। ● अमृत विचार

# राजस्व टीम ने पांच बकाएदार पकड़े

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** शनिवार को नायब तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व टीम ने बकाएदारों के खिलाफ अभियान चलाया। उन्होंने पांच बकाएदारों को तहसील लाकर हवालात में बंद कर दिया। आंशिक जमा करने पर बाद में पांचों को छोड़ दिया गया।

नायब तहसीलदार अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि शनिवार को संग्रह अमीन राजू शर्मा, सरफराज हुसैन, सोमपाल सिंह, मक्खन लाल की टीमों को रवाना किया गया। वह प्रथमा बैंक के 70 हजार से अधिक के बकाएदार ज्ञान सिंह, पीएनबी खरसौल के साढ़े तीन लाख से अधिक के बकाएदार मोहल्ला अमीर अली खां निवासी नसीम अहमद के घर पहुंचे। बिजली बिल के करीब 37 हजार के बकाएदार फर्राशान निवासी बाबू खां, बेदान मोहल्ला निवासी पीएनबी के करीब ढाई लाख के बकाएदार अयूब और सराय महेश गांव निवासी पीएनबी खरसौल के चार लाख से अधिक के बकाएदार राजपाल को पकड़ लिया। इन सभी को तहसील लाकर हवालात में बंद कर दिया।

**अनदेखी** नाला सफाई अभियान के नाम पर की जा रही है सिर्फ खानापूरी

# सिविल लाइंस थाने के सामने चोक नाले से उठ रही दुर्गंध

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मानसून आने से पहले पालिका प्रशासन नालों की सफाई करा रहा है। लेकिन सिविल लाइंस थाने के सामने स्थित नाला चोक है। नाले से कूड़ा-कचरा सड़कों पर आ रहा है। कूड़े-कचरे से दुर्गंध उठ रही है। राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

पुरानी रोडवेज वर्कशॉप से थाना सिविल लाइंस की ओर नाला जा रहा है। वर्कशॉप से सटी दुकानों के आगे बने नाले का पानी थाने के सामने बने कॉफी कॉर्नर के नीचे भर गया है। नाले में कूड़ा-कचरा भर गया है। नाले से रिस कर गंदा पानी सड़क पर आ रहा है। इस गंदे पानी से कूड़ा-कचरा जहां-तहां बिखर रहा है। पानी की निकासी नहीं होने का मुख्य कारण यह है कि नाला थाना सिविल लाइंस से रेलवे क्रॉसिंग को पार कर रहा है। इसकी निकासी रेलवे क्रॉसिंग की ओर नहीं हो रही है। कभी-कभार कर्मचारी नाले की सफाई कर देते हैं ताकि कॉफी कॉर्नर के पास जलभराव न हो। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस कार्य को कई माह से पालिका अधिकारियों द्वारा अंजाम नहीं दिया गया है। इसके चलते नाले का गंदा पानी रिस कर सड़क पर आ रहा है। पालिका के अधिकारियों का कहना है कि पानी की निकासी के लिए सड़क काटी जाएगी। सड़क कटने से जो पानी नाले से बाहर आ रहा है, वह सीधे थाना सिविल लाइंस से होते हुए रेलवे क्रासिंग की ओर जाने लगेगा। इससे आते-जाते लोगों को किसी को परेशानी नहीं होगी।


सिविल लाइंस थाने के सामने कूड़े-कचरे से भरा नाला। ● अमृत विचार

### स्लैब हटाने के बाद भी समस्या जस की तस

नाले की सफाई कराने के लिए दुकानों के आगे रखे स्लैब पालिका अधिकारियों ने हटा दिए थे। स्लैब इसलिए हटवाए थे ताकि नाले की सफाई ठीक से कर दी जाए। लेकिन दुकानदारों ने दोबारा स्लैब लगा लिए हैं। इसके चलते नाले की सफाई नहीं हो रही है।

> शहर के सभी नालों की सफाई कराई जा रही है। रोडवेज की पुरानी वर्कशॉप के नाले में पानी निकासी के लिए संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया है। जल्द ही लोगों को समस्या से निजात दिलायी जाएगी।
>
> **-दुर्गेश्वर त्रिपाठी, ईओ**

### शहर में सफाई व्यवस्था बदहाल, सौंपा ज्ञापन

**रामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवा दल यंग ब्रिगेड के प्रदेश सचिव सैयद विक्की मियां ने पालिकाध्यक्ष से मुलाकात करके ज्ञापन दिया। इसमें कहा है कि शहर में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। सारा शहर खुदा पड़ा है। उन्होंने कहा कि लगभग डेढ़ अरब रुपए का बजट पास होने के बावजूद जमीन पर कोई काम दिखाई नहीं दे रहा है।

शनिवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवा दल यंग ब्रिगेड के प्रदेश सचिव सैयद विक्की मियां नगर पालिका पहुंचे। इसके बाद उन्होंने जन समस्याओं को लेकर पालिकाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। सैयद विक्की ने कहा कि वार्ड नंबर 42 के मोहल्ला बुढ़िया की दुकान पर गंदगी से बुरा हाल है। नालियों की पूरी तरह सफाई नहीं हो पा रही है। मोहल्ले की सड़क का भी बुरा हाल है। सड़क में गड्ढे हैं। नालियों के किनारे टूटे हैं। पालिकाध्यक्ष ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

# बंदरों के उत्पात से घट रहा गन्ने का रकबा

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** किसानों ने शाहबाद में गन्ने के घटते रकबे को लेकर उत्पाती बंदरों को जिम्मेदार ठहराया है। मिल प्रबंधन के साथ हुई गोष्ठी में उन्होंने कहा कि वह गन्ना बुआई करना चाहते हैं, लेकिन बंदर और जंगली जानवरों से आतंकित होकर गन्ने की बुआई छोड़ दी। मिल प्रबंधन ने भरोसा दिया कि बंदरों को पकड़वाकर दूसरी जगह छुड़वाने की जिम्मेदारी मिल उठाएगी।

शनिवार को राणा शुगर मिल करीमगंज के उपाध्यक्ष रणधीर सिंह ने ग्राम धुरियाई में किसानों के साथ गोष्ठी की और उनकी समस्याएं जानीं। बताया कि इस समय गन्ने की फसल में काला चिट्टा कीट का प्रकोप है। यह पत्तियों का रस चूस लेता है। इससे पत्तियां पीली पड़ जाती हैं। इसके लिए आवश्यक कीटनाशक रसायनों के छिड़काव की जानकारी दी। इस दौरान गन्ने के घटते रकबे पर चिंता व्यक्त की गई। किसानों ने कहा कि गन्ने की फसल को बंदर और जंगली जानवर नुकसान पहुंचा रहे हैं। गोष्ठी में किसानों को बताया कि सत्र 2023-24 का गन्ना भुगतान जल्द कर दिया जाएगा।

गन्ना प्रबंधक अनुज आर्य ने बताया कि इस साल पेड़ी गन्ने का सर्वे नहीं किया जाएगा। विगत वर्ष के पौधा गन्ना ही पेड़ी में परिवर्तित हो जाएगा। गोष्ठी में गन्ना अधिकारी कुलदीप सिंह, रमाकांत, संजय यादव, दरियाव सिंह यादव, ग्राम प्रधान नरेश यादव, चंद्रबाबू, झम्मन सिंह, सिपाही लाल, राजवीर सिंह, अंकित यादव, विजेंद्र, राजेश आदि मौजूद रहे।


धुरियाई गांव में आयोजित गोष्ठी में बोलते मिल गन्ना प्रबंधक। ● अमृत विचार

● ग्राम धुरियाई में हुआ किसानों के साथ गोष्ठी का आयोजन

## एक नजर


शरबत वितरण करते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी।

### शरबत वितरित कर गर्मी में राहगीरों को दी राहत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महानगर सेवार्थ विद्यार्थी इकाई द्वारा बुद्धा पार्क पर कार्यकर्ताओं ने भीषण गर्मी में लोगों को राहत देने के लिए ठंडा शरबत का वितरण किया। सेवार्थ विद्यार्थी मेरठ प्रांत प्रमुख गिरिराज सिंह ने कार्यकर्ताओं को सेवाभाव से जन सामान्य की सेवा के लिए ठंडा शरबत वितरित करने की सराहना की। इस दौरान गौरव, छविनाथ अरोड़ा, हरीश तिवारी, साहिल कठेरिया, दीपांशु, प्रियांशु, अनमोल सक्सेना, मुदित राणा, शिवम, सनी सिंह, मनजीत, अभिषेक, प्रिंस, हर्ष , शिवम आदि मौजूद रहे।

### रंजिश में धारदार हथियार से हमला, चार पर रिपोर्ट

**भोजपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला मनिहारान निवासी फहीम अख्तर ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमें बताया कि मोहल्ला मदीना मस्जिद निवासी महमूद, गुड्डू, जुनैद, शाहनवाज ने उसके भाई नदीम से शुक्रवार रात 8 बजे घर से मेडिकल स्टोर से दवा लेने जाते समय गाली-गलौज की। विरोध पर आरोपियों ने धारदार हथियारों से हमला कर दिया। चीख पुकार की आवाज सुनकर वह भी मौके पर पहुंच गया। आरोपियों ने मेरे साथ भी मारपीट की। वहीं कस्बा चौकी इंचार्ज सुनील राठी का कहना है कि घायलों को मेडिकल के लिए भेज है। पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों की गिरफ्तारी को दबिश दी जा रही हैं।

### हार्ट अटैक से युवक की मौत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पाकबड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूर्व प्रधान के बेटे की हार्ट अटैक से मौत हो गई। पाकबड़ा की नई बस्ती निवासी पूर्व प्रधान हाजी बाबू का बेटा सलीम (38) मजदूरी करता था। शनिवार दोपहर सलीम की तबीयत बिगड़ गई। परिवार के लोग उसे लेकर निजी अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि सलीम को हार्ट अटैक आया था, जिससे उसकी मौत हो गई।

---

### आरआरके और केसीएम स्कूल के बच्चों ने प्रस्तुत की सरस्वती वंदना व अभिनंदन गीत, डीएम व एसएसपी ने किया उद्घाटन

# जिला कृषि प्रदर्शनी शुरू, एक माह तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजेगा जिगर मंच

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


जिगर मंच पर दीप जलाकर उद्घाटन करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना।


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं केसीएम स्कूल की छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** इस बार "अनुगूंज" राष्ट्र की शानः किसान, दस्तकार और जवानों को समर्पित किया गया है। जिला कृषि विकास, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी का उद्घाटन फीता काटकर जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह व एसएसपी हेमराज मीना ने किया। मंच पर मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। इस दौरान एडीएम सिटी ज्योति सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्रा, सिटी मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्र, जिला कृषि अधिकारी, प्रभारी सचिव ऋतुषा तिवारी, सहायक प्रदर्शनी प्रभारी राहुल शर्मा आदि मौजूद रहे। स्कूली बच्चों ने मंच पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान केसीएम स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।

कंपनी बाग पंचायत भवन परिसर के जिगर मंच पर जिला प्रशासन की ओर से सांस्कृतिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। प्रदर्शनी के उद्घाटन के मौके पर आतिशबाजी भी की गई। मौके पर रंग बिरंगे पटाखों से आसमान की छटा भी रंगीन हो गई। इसके बाद आरआरके स्कूल ग्रुप के बच्चों ने मां सरस्वती की वंदना की। वहीं अभिनंदन गीत पर केसीएम स्कूल के बच्चों ने नृत्य के साथ अपनी प्रस्तुति दी। मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर बच्चों ने वहां मौजूद सभी अतिथियों का मनमोह लिया। शनिवार 25 मई 2024 को होने वाली प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह व डीआईजी मुनिराज जी नहीं पहुंच सके। इस बार आदर्श आचार संहिता के चलते उद्घाटन अवसर पर कोई जनप्रतिनिधि नहीं भाग ले सका। प्रदर्शनी 26 मई से 28 जून तक चलेगी। इसमें देश के जानेमाने कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। यह बच्चों और बड़ों के लिए जनपद का सबसे बड़ा सांस्कृतिक आयोजन होता है।

### एक जुलाई से बंद होंगी कौशांबी जाने वाली बसें

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** एक जुलाई से मुरादाबाद से कौशांबी जाने वाली एसी बसों का संचालन बंद होगा। ज्ञात हो कि मुरादाबाद से जो एसी बसें कौशांबी को चल रही हैं वह बीएस-4 मानक की हैं। जबकि अनुमति बीएस-6 बसों की ही है।

एनजीटी के मानक से एनसीआर में बीएस-6 बसों के प्रवेश की अनुमति है। ऐसे में जून अंत तक बीएस-6 एसी बसें नहीं मिलीं तो रोक लग सकती है। कौशांबी को केवल बीएस-6 बसें जाएंगी चाहे वह नान एसी हों या एसी। मुरादाबाद रीजन के मुरादाबाद डिपो से 10 एसी बसें मुरादाबाद-कौशांबी के बीच चलती हैं। मुरादाबाद डिपो के एआरएम नरेश चंद्र गुप्ता ने बताया कि एनजीटी की ओर से ऐसा पत्र मिला था, उसके बाद से अभी कोई पत्र नहीं मिला है। मुख्यालय को नई बीएस-6 एसी बसों की डिमांड भेजी है, अब मुख्यालय तय करेगा कि एसी बस सेवा को बहाल करना है या फिर बीएस 6 नान एसी बसों को दिल्ली एनसीआर में संचालित किया जाएगा।

---

# साइकिल स्टैंड संचालक ने की थी कॉलेज में चोरी, 90 हजार रुपये व उपकरण बरामद

### एसपी देहात ने प्रेसवार्ता में किया खुलासा, आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/कांठ

**अमृत विचारः** जिले के कांठ थाना क्षेत्र में डीएसएम इंटर कॉलेज में साइकिल स्टैंड चलाने वाले फुरकान ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। शनिवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से कॉलेज में हुई चोरी के 90 हजार रुपये बरामद कर लिए हैं। चोरी में इस्तेमाल किए गए उपकरण भी आरोपी के पास से मिले हैं। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा है।

शनिवार को पुलिस लाइन में हुई प्रेसवार्ता में एसपी ग्रामीण संदीप कुमार मीणा ने बताया कि 19 मई की रात को डीएसएम कालेज में नकब लगाकर चोरी हुई थी। इस मामले में कालेज के प्रधानाचार्य कुमार देव अवस्थी ने कांठ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। चोर कार्यालय की अलमारी का ताला तोड़कर छात्रों की फीस के डेढ़ लाख रुपये चोरी कर ले गया था। सहायक पुलिस अधीक्षक ऋषभ रूणवाल और प्रभारी निरीक्षक कांठ योगेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ने चोरों की तलाश शुरू की।


पुलिस लाइन सभागार में खुलासा करते पुलिस अधीक्षक ग्रामीण संदीप कुमार मीणा।

इस दौरान कालेज में साइकिल स्टैंड का ठेका संचालित करने वाले फुरकान पर पुलिस को शक हुआ। फुरकान कांठ के मोहल्ला पट्टी वाला का रहने वाला है। वह तीन-चार साल से कालेज में साइकिल स्टैंड संचालित करने के बाद पड़ोस के आम के बाग को भी ठेके पर लेता है। फुरकान से पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कुबूल कर लिया। फुरकान के पास से पुलिस ने 90 हजार रुपये बरामद कर लिए। पूछताछ में फुरकान ने पुलिस को बताया कि कालेज में मेरा आना-जाना रहता था। इसलिए यहां की तमाम जानकारी मेरे पास रहती थी। 18 मई को कॉलेज बंद होने से पहले मैंने लिपिक को छात्रों की फीस अलमारी में रखते हुए देख लिया था। इतनी बड़ी रकम देखकर मेरे मन में लालच आ गया।

19 मई की रात को मौका देखकर मैंने नकब लगाया। इसके बाद कार्यालय में रखी अलमारी तोड़कर उसमें रखे डेढ़ लाख रुपये निकाल लिए थे। जिसमें से 60 हजार रुपये की धनराशि मैंने कर्जदारों को दे दी। एसपी ग्रामीण ने बताया कि फुरकान की निशानदेही पर कालेज के पास झाड़ियों में छिपा एक हथौड़ा, एक सब्बल, एक छैनी, एक सरिया मोड़ने का उपकरण बरामद कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करके जेल भिजवा दिया है। आरोपी ने जिन कर्जदारों को रुपये दिए हैं, उनके नाम भी बता दिए हैं। पुलिस उनसे भी रुपये बरामद करने का प्रयास करेगी।

### बच्ची से छेड़छाड़ में जेल गया युवक

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** मुगलपुरा थाना क्षेत्र में 11 वर्षीय बच्ची से छेड़छाड़ की गई। शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस ने आरोपी पर एससीएसटी एक्ट की धारा भी लगाई है।

थाना मुगलपुरा प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र निवासी महिला ने तहरीर देकर बताया कि उसकी 11 वर्षीय बेटी घर के पास खेल रही थी। आरोप लगाया कि उसी दौरान आरोपी मनीष प्रजापति मिठाई खिलाने के बहाने उसे अपने कमरे में ले गया। आरोपी ने बच्ची से छेड़छाड़ और अश्लीलता की। उसके चंगुल से छूटकर किसी तरह बच्ची घर पहुंची और मां को आपबीती सुनाई। जिसके बाद पुलिस में शिकायत की गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ और पाक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस उसकी तलाश में जुट गई थी। शनिवार को एसआई अरफान अली की टीम ने लालबाग निवासी आरोपी मनीष को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# जिले में 100 हेक्टेयर भूमि पर होगी हरी प्याज की खेती

- उद्यान विभाग की ओर से प्रति हेक्टेयर भूमि पर दिया जाएगा 12 हजार रुपये का अनुदान
- विभाग के कर्मचारियों को किसानों का ऑनलाइन पंजीयन करने का दिया लक्ष्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


गया प्रसाद, जिला उद्यान अधिकारी

**अमृत विचारः** किसानों के लिए उद्यान विभाग की ओर से हरी प्याज की खेती करने के लिए प्रति हेक्टेयर अनुदान दिया जा रहा है। निदेशालय से जनपद में 100 हेक्टेयर भूमि में हरी प्याज लगाने का लक्ष्य दिया गया है। इसमें किसानों की तादात बढ़ी तो लक्ष्य भी बढ़ाया जा सकता है। जनपद में हरी प्याज (आल की प्याज ) की खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रति हेक्टेयर भूमि पर अनुदान दिया जाएगा।

जल्द ही जनपद में भी बड़े पैमाने हरी प्याज (आल की प्याज) की खेती की जाएगी। जिसके लिए उद्यान विभाग की ओर से तैयारी कर ली गई है। शनिवार को जिला उद्यान अधिकारी गया प्रसाद ने बताया कि एकीकृत बागवानी योजना को लेकर इस वर्ष खरीफ के मौसम जनपद के किसानों को



हरी प्याज की खेती करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिसके लिए मुख्यालय से किसानों को हरी प्याज की खेती करने पर प्रति हेक्टेयर भूमि पर 12 हजार रुपये का अनुदान दिया जाएगा। इसके लिए किसान को एकीकृत बागवानी विकास मिशन की वेबसाइट पर पंजीकरण कराना होगा। जिसके लिए विभाग के कर्मचारियों को किसानों का ऑनलाइन पंजीकरण कराने के लिए फील्ड में भेजा जाएगा। सभी कर्मचारियों के लिए लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। इससे किसानों की आमदनी भी बढ़ेगी।

---


**मां की ममता :** 41 डिग्री सेल्सियस की भीषण गर्मी में दोपहर के समय मनोहरपुर गांव में चोंच में दाना चुगकर लाई मां। जिससे उसने अपने बच्चों का पेट भरा। ● राजेश राजा

### कारखाना संभालने के दौरान किया 15 लाख रुपये का गबन

- पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** कटघर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कारखाना के लेनदेन व काम संभालने के दौरान युवक ने लाखों रुपये का गबन कर डाला। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना कटघर क्षेत्र के कोहिनूर तिराहा ख्वाजा नगर निवासी डॉ. सियाराम ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी फर्म मेसर्स एसवीसीसी द्वारा काफी सालों से हैंडीक्राफ्ट उत्पादों का कार्य करती है। उन्होंने बताया कि फर्म का मुख्य कार्यालय प्रियदार्शिनी कालोनी सीतापुर रोड लखनऊ में है। साल 2018 में डॉ. सियाराम ने मुरादाबाद में एक कारखाना लगाने की कार्ययोजना बनाई। जिसमें पूर्व परिचित मोहम्मद रईस ने कारखाने की समस्त जिम्मेदारी निभाने की बात कही। रईस ने कहा कि सभी काम संभाल लेंगे। जिसके बाद डॉ. सियाराम ने रईस को मुरादाबाद के कारखाने की पूरी जिम्मेदारी दे दी। जिसके बाद महानगर की ज्यादातर निर्यात फर्मों से डॉ. सियाराम के कारखाने को आर्डर मिलने लगे। जिसमें निर्यात फर्म द्वारा चेक व नकद भुगतान किया जाने लगे। इस बीच सियाराम ने रईस से हिसाब मांगा तो आनाकानी करने लगा। बाद में पता चला कि रईस ने 15 लाख रुपये का गबन किया है। इतना ही नहीं पैसे मांगने पर वापस नहीं कर रहा है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रईस पर धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सीबीआई का अधिकारी बताकर अधिवक्ता की पत्नी से चार लाख ठगे

- अधिवक्ता का इकलौता बेटा बांग्लादेश में करता है नौकरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** शातिर साइबर ठग ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर अधिवक्ता की पत्नी के पास कॉल करके बांग्लादेश के ढाका में काम करने वाले उसके बेटे की गिरफ्तारी कर डर दिखाकर चार लाख रुपये खाते में ट्रांसफर करा लिए। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना मझोला क्षेत्र के मिलन विहार निवासी सत्यपाल सिंह यादव अधिवक्ता हैं। उनका इकलौता बेटा एक मल्टीनेशनल कंपनी में बांग्लादेश की राजधानी ढाका में काम करता है। अधिवक्ता ने बताया कि उनकी पत्नी सरोज के पास एक अंजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने कहा कि तुम्हारे बेटे को ढाका में सीबीआई ने पकड़ लिया है। इतना ही नहीं कॉल करने वाले ने खुद को सीबीआई का अधिकारी बताया कि और कहा कि जल्दी से चार लाख रुपये दो नहीं तो बेटे के साथ बहुत बुरा हो जाएगा। सरोज यादव के अनुसार कॉल करने वाले ने फोन पर बात कराई, जिसमें सामने वाला युवक रो रहा था और आवाज साफ नहीं आ रही थी। ऐसे में सरोज को लगा कि उसे अपने बेटे से ही बात की है और वह खतरे में है। इकलौते बेटे को मुसीबत में फंसा देख मां ने आरोपी द्वारा बताए गए अकाउंट नंबर में दो बार में चार लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। रकम ट्रांसफर करने के बाद जब सरोज ने अपने बेटे के पास उसका हाल जानने के लिए कॉल की तो पता चला कि वह किसी मुसीबत में नहीं है। जिसके बाद पीड़िता को ठगी का अहसास हुआ। इस मामले में अधिवक्ता सत्यपाल सिंह की ओर से थाने में तहरीर दी गई। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि तहरीर के आधार पर धोखाधड़ी और आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर साइबर सेल की मदद से जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएगा उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

---

# अल्ट्रासाउंड कराने आई महिला से छेड़छाड़, रिपोर्ट

- आरोपी ने साथियों के साथ पीड़िता का दुपट्टा खींचा था

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के अंतर्गत भतीजी के साथ अल्ट्रासाउंड कराने कांठ रोड पर पहुंची महिला के साथ छेड़छाड़ की गई। इतना ही नहीं विरोध करने पर आरोपियों ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने एक नामजद समेत चार आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना सिविल लाइंस के अगवानपुर चौकी क्षेत्र निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 22 मई को वह अपनी भतीजी के साथ अल्ट्रासाउंड कराने कांठ रोड पर निजी अस्पताल के पास आई थी। आरोप लगाया कि उसी दौरान गांव सैदपुर खद्दर निवासी संजय अपने तीन साथियों के साथ वहां पहले से खड़ा था। आरोपी संजय ने पीड़िता का दुपट्टा खींच लिया। विरोध करने पर आरोपी ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। आसपास के लोग एकत्रित हुए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। घर जाकर पीड़िता ने परिजनों को आपबीती बताई।

जिसके बाद परिजनों के साथ थाने पर पहुंच कर तहरीर दी। थाना सिविल लाइंस प्रभारी निरीक्षक आरपी शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी संजय और उसके तीन साथियों के खिलाफ छेड़छाड़ और धमकी देने का रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

**नई पहल** — छुट्टियों में बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों के बच्चों को प्रोजेक्ट वर्क के रूप में दिया अनोखा कार्य

# साक्षरता बढ़ाने को बड़ों को शिक्षित कर रहे बच्चे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** बेसिक शिक्षा विभाग के नगर क्षेत्र के परिषदीय कम्पोजिट/जूनियर हाईस्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को प्रोजेक्ट वर्क दिया गया है। जिसमें इन स्कूलों के बच्चे अपने परिवार के अशिक्षित अभिभावकों को अक्षर ज्ञान देकर ग्रीष्मावकाश में शिक्षित कर रहे हैं।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में नगर क्षेत्र के शिक्षकों द्वारा साक्षरता अभियान में सहयोग के लिए इस प्रकार का प्रोजेक्ट वर्क कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों को दिया गया है। इसके अन्तर्गत बच्चे अपने घर के अनपढ़ सदस्यों/माता-पिता को साक्षर करने का प्रयास कर रहे हैं। शिक्षकों द्वारा अवकाश घोषित होने से पूर्व बच्चों को प्रेरित किया गया था कि वह ग्रीष्मावकाश में अपने घर पर रहते हुए दादा-दादी, नाना-नानी, माता-पिता आदि अन्य निरक्षर सदस्यों को शिक्षा का महत्व बताते हुए उन्हें साक्षर करें। जिसमें हिंदी भाषा की वर्णमाला से शुरुआत करके नाम लिखना, पत्र लिखना तथा अखबार पढ़ने में सहयोग उनका सहयोग करना शामिल है। इस प्रकार साक्षर हुए व्यक्तियों को नव भारत साक्षरता अभियान से जोड़कर उन्हें साक्षरता का प्रमाण पत्र भी दिलाया जा सकता है और मुरादाबाद की साक्षरता दर बढ़ाने में भी इससे सहयोग मिलेगा। नगर शिक्षाधिकारी मनोज कुमार बोस का कहना है कि इस बार ग्रीष्मावकाश में यह पहल की गई है। इसका उद्देश्य सभी को साक्षर बनाना है।


अम्मी को पढ़ना सिखाता कंपोजिट विद्यालय गांधी पार्क के कक्षा 8 का छात्र हमजा।


मां सलमा को नाम लिखना सिखाती कक्षा 7 की छात्रा अनम। ● अमृत विचार

इस पहल को बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों के बच्चे बेहतर तरीके से आगे बढ़ा रहे हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य साक्षरता दर में वृद्धि कर पढ़ेंगे इंडिया तभी तो बढ़ेगा इंडिया के संदेश को सफल बनाना है।

# तीन विभागों पर बिजली बिल का 2.52 करोड़ बकाया

- पत्राचार के बावजूद संबंधित विभागों ने नहीं किया भुगतान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** सरकारी विभागों पर बिजली विभाग का करोड़ों रुपयों का बकाया है। दो से चार महीने के बाद भी भुगतान नहीं हो पा रहा है। हालांकि बिजली विभाग के चेयरमैन ने बकाया को लेकर अधिकारियों से वसूली को कहा है। वहीं पुलिस पीएसी प्रशिक्षण एकेडमी, लोक निर्माण विभाग और सिंचाई विभाग पर 2 करोड़ 52 लाख रुपये का बिल का बकाया है। विभाग की ओर से तीनों विभागों को बिल जमा कराने के लिए पत्राचार किया है।

अधिशासी अभियंता वितरण खंड द्वितीय शैलेंद्र सिंह ने बताया कि सरकार की ओर से सरकारी विभाग के बिजली का बिल जमा करने के लिए तीन महीने का समय निर्धारित किया गया है। कुछ सरकारी विभागों का बिल उनके मुख्यालय से ही जमा किया जाता है। लेकिन कुछ विभागों के बिजली के बिल का नकद भुगतान किया जाता है। बताया कि सिंचाई विभाग पर से पांच महीने से बिजली का 16 लाख 12 हजार रुपये का बिल बकाया है। वहीं लोक निर्माण विभाग पर पांच महीने से 36 लाख रुपये के बिजली के बिल का बकाया है। इस संबंध में कई बार पत्राचार किया गया है। लेकिन अभी बिल का भुगतान नहीं हो सका है। वहीं दो महीने से पुलिस पीएसी और प्रशिक्षण एकेडमी पर 2 करोड़ 4 लाख रुपये का बिजली का बिल बकाया है। यूपीपीसीएल के चेयरमैन आशीष गोयल ने सरकारी विभागों को हर महीने बिजली जमा करने के लिए कहा है।

## एक नजर

### छात्रों को दी गई विदाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** एसएल एजुकेशनल इंस्टीट्यूट पल्लूपुरा घोसी में शनिवार को स्नातकोत्तर, बीएड एवं एमलिब के प्रशिक्षणार्थियों की पढ़ाई पूरी होने पर विदाई समारोह हुआ। इसमें प्रथम वर्ष के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रबंधक भी मौजूद रहे। प्रबंधक ने सभी छात्रों को आगे भी सफलता प्राप्त करने की कामना की।

### तीन पर कार्रवाई

**मैनाठेर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के मिलक गुरेर में दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपी पक्ष के तीन लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई की है। गौरतलब है कि मिलक गुरेर निवासी अजीत ने बताया कि गुरुवार की शाम को उसके पड़ोसी मामूली विवाद में घर के सामने गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपी पक्ष के राहुल, विपिन, सचिन मारपीट करने लगे। उस समय लोगों ने मामला शांत करा दिया। शुक्रवार सुबह को आरोपी लाठी-डंडे लेकर घर में घुस आए और जो भी मिला उसे लाठी-डंडों से पीटा। जिसमें अजीत की मां और दो अन्य लोग घायल हो गए।







**लापरवाही :** किला तिराहे से नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम के सामने से लेकर सेल्स टैक्स चौराहे तक स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत निर्माण का कार्य चल रहा है। इसमें सड़क का निर्माण किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ वाहनों के आवागमन के कारण जाम लगा रहता है। सीवरेज पाइपलाइन खोदाई के कारण लोग परेशान हैं। सड़क पर मिट्टी व धूल नजर आती है। साथ ही पुलिया निर्माण के कारण टीडीआई सिटी को जाने वाला रास्ता बिल्कुल बंद है। जिससे वाहन चालकों को दीनदयाल नगर होकर जाना पड़ता है। पुलिया के निर्माण का कार्य शुरू हुए एक माह से ज्यादा हो गया है। जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ● अमृत विचार

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार एसी मैकेनिक को कुचला, मौत

## हादसे के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचार:** तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार एसी मैकेनिक को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बाइक ट्रक के बीच में फंसने के कारण चालक ट्रक लेकर भाग नहीं सका। जिसे लोगों ने पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया। वहीं मृतक के परिजनों को सूचना दी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। उनका रो-रोकर बुरा हाल था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शनिवार की रात को करीब 9:00 बजे थाना क्षेत्र डिडौली के गांव गंगदासपुर निवासी हिददन खान पुत्र नजारुल हुसैन मुरादाबाद से अपने गांव गंगासपुर जा रहा था। रास्ते में कैलसा रोड पर अगवानपुर बाईपास के पास सामने से आ रही बाइक से उसकी बाइक टकरा गई। जिससे उसकी बाइक सड़क पर फिसल गई। इस दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक ट्रक में फंसने के कारण थोड़ी दूर जाकर ट्रक रुक गया।

आसपास जा रहे राहगीरों ने ट्रक चालक को पकड़ लिया और इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने हादसे की सूचना मृतक के परिजनों को दी। मौत की सूचना पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन मौके पर पहुंचे। जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों ने बताया कि हिद्दन एसी रिपेयर का काम करता था। वह काम कर घर लौट रहा था। इस बीच यह हादसा हो गया।



हादसे के बाद मौके पर लगी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

### शादी में शामिल होने आए युवक से मारपीट, रिपोर्ट

**मुरादबाद, अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के अंतर्गत शादी समारोह में आए युवक को दो युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना सिविल लाइंस के चक्कर की मिलक में रहने वाले मोहम्मद इमरान ने पुलिस में मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इमरान के अनुसार वह अपने बहनोई के भाई शरीफ अहमद की बेटी की शादी में शामिल होने जिगर कालोनी स्थित मौसम पैलेस में गया था। आरोप लगाया कि उसी दौरान मोहल्ले में रहने वाले आहद हुसैन और समद वहां आ गए। दोनों ने इमरान के भाई अब्दुल्ला से गाली गलौज और मारपीट शुरू कर दी। इमरान बीच बचाव करने पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। बाद में जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। मारपीट में इमरान घायल हो गया। इसे लेकर काफी देर शादी में हंगामा होता रहा। थाना सिविल लाइंस प्रभारी निरीक्षक आरपी शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## नाले में मिला युवक का शव, नहीं हो सकी पहचान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मझोला थाना क्षेत्र के अंतर्गत शनिवार सुबह नाले में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत से शव को बाहर निकाला। काफी कोशिशों के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

शनिवार को सुबह लगभग 11 बजे मझोला थाना के ट्रांसपोर्टनगर चौकी क्षेत्र के आजादनगर में एक युवक का शव नाले में उतराता मिला। नजर पड़ने पर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दे दी। सूचना पर टीपीनगर चौकी प्रभारी सुशील चौधरी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद नाले से शव को बाहर निकलवाया। थोड़ी देर में ही थाना मझोला प्रभारी निरीक्षक केके वर्मा भी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। आसपास के लोगों से शव की पहचान कराने का प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में पुलिस ने अज्ञात में ही पंचनामा भरकर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम में डूबने के कारण मौत होने की पुष्टि हुई है। आशंका जताई जा रही है कि युवक नशे की हालत में नाले में गिर गया, जिससे उसके चेहरे पर चोट भी लगी होगी। बाद में डूबने के कारण उसने दम तोड़ दिया। इस संबंध में एसएचओ मझोला केके वर्मा ने बताया कि आसपास के थानों और जिलों को शव की फोटो भेज कर शिनाख्तगी का प्रयास किया जा रहा है। पोस्टमार्टम के बाद 72 घंटे के लिए शव को मोर्चरी में रखवाया गया है।

### ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ा

**मैनाठेर, अमृत विचार :** क्षेत्र के मुरादाबाद-सम्भल रोड पर एक ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया। सुबह रोड खाली होने के कारण बड़ा हादसा होने से बच गया। मुरादाबाद-सम्भल पर रोड पर डींगरपुर के पास शनिवार की सुबह एक ट्रक सम्भल की ओर से मुराादाबाद जा रहा था। इस दौरान सुबह में चालक को नींद की झपकी के कारण ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क के बीच डिवाइडर पर चढ़ गया। सुबह रोड खाली होने के कारण कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।



सर सैय्यद एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा छात्राओं को दिए गए मिट्टी के पात्र।

## प्लास्टिक से दूषित हो रही पृथ्वी : आबिद

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सर सैय्यद सोशल वेलफेयर सोसायटी ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक मुक्त स्वच्छता अभियान चलाया। जिसमें सोसायटी के अध्यक्ष मोहम्मद आबिद ने सोसायटी द्वारा चलाए जा रहे निशुल्क स्कूल में बच्चों को अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक मुक्त स्वच्छता अभियान और पर्यावरण के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक एक गंदगी है, जिससे हमारी पृथ्वी दूषित होती जा रही है। हमें इसको कम से कम उपयोग में लाना है और ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने हैं। उन्होंने बढ़ती गर्मी के चलते सभी बच्चों को पक्षियों के लिए मिट्टी के कुंडे देकर अपनी छत पर पानी और दाना रखने के लिए जागरूक किया। इस दौरान सलमा आबिद, मोहम्मद शोएब, अफशा, महक, गोसिया, इकरा, कशीश, मोहम्मद फैसल, मोहम्मद अदनान, रमशा व अमान शामिल रहे।

### मामूली बात पर युवक को पीटकर तोड़े दांत

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में मामूली बात पर दो भाइयों में विवाद हो गया। बड़े भाई ने अपने बेटे के साथ मिलकर छोटे भाई को मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट में उसके दांत भी टूट गया। शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। थाना सिविल लाइंस के अगवानपुर चौकी क्षेत्र के मोहल्ला पझाया निवासी पांच भाइयों का एक ही गली में मकान है। रास्ते मे बुग्गी हटाने को लेकर गुरुवार शाम दोनों भाइयों के परिवार में विवाद हो गया। उस समय मामला सुलझा दिया गया। शुक्रवार की सुबह दोनों पक्ष फिर आपस में भिड़ गए। छोटे भाई गुफरान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने घर पर था तभी बड़ा भाई अहसान अपने बेटे फैजान के साथ आया और गुफरान को पीट दिया। आरोप है कि फैजान ने गुफरान के मुंह में मुक्का मारा, जिससे उसके दांत टूट गए।

## चाणक्य अकादमी में मेधावी सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** 2024 के सीबीएसई और आईएससी बोर्ड के मेधावी छात्र-छात्राओं को चाणक्य प्रतियोगिता अकादमी द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में सम्मानित किया गया। मेधावी छात्राओं की सफलता के उपलक्ष्य में उनके शिक्षक व स्कूलों के प्रधानाचार्य को भी उनके उत्कर्ष परिणाम के लिए सम्मानित किया गया। अभिनंदन समारोह में मुख्य अतिथि रहे कोठीवाल डेंटल कॉलेज के डायरेक्टर केके मिश्रा ने सभी मेधावी विद्यार्थियों की हौसला अफजाई की।

शनिवार को चाणक्य प्रतियोगिता अकादमी में 2024 के सीबीएसई, आईएससी बोर्ड के जिलेभर के हाईस्कूल व इंटर के सभी मेधावी छात्रों के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में इंटर कॉलेज के हाईस्कूल व इंटर के टॉपर बच्चे शामिल हुए। इसके अलावा उनके शिक्षक व स्कूल के प्रधानाचार्यों को बैच लगा व शील्ड देकर सम्मानित किया।

मेधावियों के साथ आए उनके अभिभावकों को भी मंच पर बुलाकर सम्मानित किया। चाणक्य प्रतियोगिता अकादमी के अध्यक्ष विपिन गोयल, डायरेक्टर केतन गोयल ने सभी मेधावी छात्राओं को आईएएस, एनडीए सीयूईटी, एसएससी व रेलवे की सरकारी नौकरियों की तैयारी करने वाले बच्चों के लिए 20 प्रतिशत छात्रवृत्ति देने की घोषणा की। इस अवसर पर चाणक्य प्रतियोगिता अकेडमी के अध्यक्ष विपिन गोयल, डायरेक्टर केतन गोयल, सारंग गोयल, प्रबंधक मुकेश कुमार, प्रशासक सूरज देवल आदि उपस्थित रहे।




चाणक्य प्रतियोगिता अकादमी में सम्मानित किए गए मेधावी छात्र-छात्राएं।

**परेशानी** भीषण गर्मी में तीन घंटे से अधिक लगे जाम से स्थानीय नागरिकों और यात्रियों के छूटे पसीने

# साप्ताहिक बाजार में अतिक्रमण से हाइवे पर लगा जाम

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर में शनिवार को हाईवे के दोनों ओर लगने वाले कपड़ा बाजार के कारण जाम लग गया। इससे यात्रियों और स्थानीय नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शनिवार सुबह से ही तिकोनिया पार्क से रतुपुरा मोड़ तक पैदल चलने वालों को भी जगह नहीं मिली और वाहनों की भी लंबी कतारें लग गईं। इसके बावजूद कोई पुलिसकर्मी बाजार में दिखाई नहीं दिया।

ठाकुरद्वारा-स्योहारा मार्ग पर शनिवार को कपड़ा बाजार के कारण जाम लगता है। इसी के साथ दिल्ली से उत्तराखंड जाने वाले पर्यटक गजरौला-अमरोहा से सीधे कांठ करनपुर होते हुए ठाकुरद्वारा से काशीपुर जाते हैं। इससे भी जाम की समस्या बढ़ जाती है। इस बारे में नागरिकों ने कई बार नगर पालिका, पुलिस व वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर अतिक्रमण से निजात दिलाने की मांग की। लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई। शनिवार को फिर नगर के हालात ऐसे बने कि पूरे क्षेत्र में जाम लग गया। वाहन चालकों ने कोतवाली रोड से होते हुए काशीपुर चुंगी से वाहनों को निकालने का प्रयास किया तो पहले कोतवाली रोड पर जाम लगा। जिससे अग्रवाल सभा से लेकर काशीपुर चुंगी तक जाम लग गया। बड़ी मुश्किल से तीन घंटे बाद जाम खुला। नगरवासियों का आरोप है कि नगर पालिका अतिक्रमणकारियों के खिलाफ शिकंजा कसने में नाकाम है। इस संबंध में नगर के भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष शिवेंद्र गुप्ता के साथ भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पाल सिंह, पवन पुष्पद, नागेंद्र लामा हेमेंद्र प्रताप सिंह ने पुलिस क्षेत्राधिकारी व उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बड़े वाहनों के लिए समय सारिणी निर्धारित करने की मांग की थी। उसके बावजूद भी अधिकारी मूकदर्शन बने हुए हैं।



ठाकुरद्वारा-स्योहारा मार्ग पर शनिवार कपड़ा बाजार के दौरान लगा जाम। ● अमृत विचार

> कोतवाली में तैनात अधिकांश पुलिसकर्मियों की ड्यूटी चुनाव में लगने के कारण पुलिस बल की कमी रही। चुनाव सम्पन्न होने के बाद नगर को अतिक्रमण मुक्त कराने का अभियान चलाया जाएगा।
>
> -**शैलेंद्र कुमार सिंह**, कोतवाली प्रभारी, ठाकुरद्वारा

### किसानों से अवैध वसूली को लेकर हुई मारपीट

**अगवानपुर, अमृत विचार:** डीसीएम से पशु ले जा रहे किसानों से अवैध वसूली को लेकर मारपीट हुई। गुरुवार को किसान पशु ले जा रहे थे। तभी सचिन व उसके साथी गाड़ी रोककर किसानों से पैसे वसूल करने लगे। गोरक्षक दल के मंडल मंत्री सुमित चौधरी व उसके साथियों ने इसकी वीडियो बना ली। जिससे सचिन चिढ़ गया था। शुक्रवार की रात्रि सुमित व कौशल विश्नोई निवासी जेवड़ी आदि कांठ रोड स्थित ढाबे पर खाना खा रहे थे। कुछ ही देर में सचिन पुत्र पप्पू निवासी गोपालपुर नथनगला कोकारपुर अपने साथियों को लेकर ढाबे पर आ गया और गाली गलौच कर मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में सचिन चौधरी चोटिल हो गया। वही सूचना पर पहुंची पुलिस सभी को चौकी ले आई। वहीं इस संबंध में जब पुलिस से जानकारी की गई तो उन्होंने घटना की जानकारी इनकार किया।



## एक नजर

### फंदे से लटककर युवक ने की आत्महत्या

**रहरा, अमृत विचार :** आदमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में गृह क्लेश के चलते युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया। क्षेत्र के गांव निवासी 28 वर्षीय युवक नशे का आदी था। वह शुक्रवार को भी शराब पीकर अपने घर आया था। किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया था। इससे नाराज होकर युवक ने अपने घर के पीछे खेत में जाकर नीम के पेड़ के सहारे फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। देर रात परिजनों ने शव को उतार कर उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

### हिल्टन कॉन्वेंट स्कूल में पूल पार्टी में बच्चों ने की मस्ती

**अमरोहा, अमृत विचार :** हिल्टन कान्वेंट स्कूल में शनिवार को पूल पार्टी में बच्चों ने मस्ती की। प्रधानाचार्य अवनीश शर्मा ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए बच्चों के मनोरंजन के लिए स्विमिंग पूल में बच्चों ने आनंद लिया। इस दौरान निदेशिका भावना सैनी, मंजू माहेश्वरी, बृजबाला खंडेलवाल, पिंकी, समीना आदि शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहीं।

### बस की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोग जख्मी

**गजरौला, अमृत विचार :** रोडवेज बस की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। इन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मंडी धनौरा के कलाली रोड क्षेत्र निवासी कपिल सिंह और पवनेश कुमार शुक्रवार देर रात बाइक से घर लौट रहे थे। क्षेत्र में मंडी धनौरा मार्ग पर गांव अहरौला तेजवन के पास इनकी बाइक रोडवेज बस की चपेट में आ गई। इससे दोनों लोग घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने पर दिया जोर

**अमरोहा, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ शनिवार को बैठक की। इसमें निपुण अभियान और कायाकल्प के तहत स्कूलों में होने वाले कार्यों की समीक्षा और विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिन विद्यालयों में नामांकन कम है, वहां अभियान चलाकर इसे बढ़ाया जाए। सभी स्कूलों को निपुण किया जाए। स्कूल परिसर की सफाई को लेकर पेयजल, टॉयलेट आदि सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कराएं।

# ट्रांसफार्मर फुंकने से बिजली संकट गहराया, लोग परेशान

संवाददाता, बुरावली

**अमृत विचार :** न्याय पंचायत बुरावली में लाखन सिंह के घर के सामने रखा 25 केवी का ट्रांसफार्मर शनिवार सुबह फुंक गया। इससे बिजली आपूर्ति ठप हो गई। दिन भर लोगों को गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ा।

गर्मी से राहत पाने के लिए लोग घर के बाहर टहलते नजर आए। दिन भर बिजली आपूर्ति न मिलने से इन्वर्टर भी जवाब दे गए। घरों में पानी के टैंक खाली हो गए। इससे पेयजल की समस्या हुई। उधर, बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। बिजली कटौती का कारण कहीं ट्रांसफार्मर फुंकना तो कहीं ट्रांसफार्मर से तेल का रिसाव है। गर्मी में ट्रांसफार्मर ओवरलोड नहीं झेल पा रहे हैं। बुरावली में एक सप्ताह में तीन ट्रांसफार्मर फूंके हैं। दो ट्रांसफार्मर बदले गए। इनमें भी अभी भी हाजी नन्हे के घर के निकट रखे ट्रांसफार्मर से तेल का रिसाव हो रहा है। ग्रामीणों ने इस ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि की मांग की हैं। फुंके ट्रांसफार्मर को जल्द बदलवाने की मांग की है। मांग करने वालों में शफीक, रफीक, आबिद आदि शामिल हैं।


बुरावली में फुंका ट्रांसफार्मर।

## बिजली के प्री-पेड मीटर लगाने के लिए घर-घर जाकर किया जा रहा सर्वे, ग्रामीण क्षेत्रों में भी शुरू होगा कार्य

# शहर में 16 हजार लोगों के घरों पर लगाए जाएंगे प्री-पेड मीटर

संवाददाता, गजरौला

- रिचार्ज खत्म होने पर बिजली आपूर्ति हो जाएगी बाधित

**अमृत विचार :** पश्चिमांचल विद्युत विभाग की ओर से शहर क्षेत्र में पहले चरण में 16 हजार लोगों के घरों पर प्री-पेड मीटर लगाए जाएंगे। इसके लिए घर-घर जाकर सर्वे शुरू कर दिया गया है। शहर में शुक्रवार से काम तेज हो गया है। इसके बाद ग्रामीण क्षेत्रों में काम शुरू होगा।

बताया गया कि निजी कंपनी शहर क्षेत्र में 5जी नेटवर्क व आर्मर्ड केबल वाले स्थानों को चिह्नित कर रही है। जहां आर्मर्ड केबल नहीं हैं, वहां लगाए जा रहे हैं। उपभोक्ताओं के घर से सामान्य मीटर हटाकर प्री-पेड मीटर लगाने के लिए स्टाफ को भी ट्रेनिंग दी जा रही है। पश्चिमांचल विद्युत वितरण विभाग पहले शहर में 16 हजार उपभोक्ताओं के कनेक्शन पर प्री-पेड मीटर लगाएगा। इसके बाद ग्रामीण क्षेत्र में काम शुरू किया जाएगा। बकाया और न बढ़े, इसके लिए शहर क्षेत्र में प्री-पेड मीटर लगाए जाएंगे। यह मीटर मोबाइल रिचार्ज की तरह बिजली की सेवा देंगे। रीचार्ज खत्म होने पर बिजली आपूर्ति बाधित हो जाएगी। बिना रीचार्ज बिजली नहीं आएगी। इससे उपभोक्ताओं पर बढ़ते बकाया पर रोक लगेगी। साथ ही बिजली चोरी पर भी अंकुश लगेगा। प्री-पेड स्मार्ट मीटर एक प्रकार का डिजिटल मीटर है जो मोबाइल में लगने वाले सिम की तरह ही एक चिप के जरिये इस्तेमाल किया जा सकेगा। घरेलू प्री-पेड कनेक्शन वाले उपभोक्ता को एक बार में करीब पांच से छह हजार रुपये जमा करने पड़ सकते हैं। प्री-पेड बिजली मीटर में एक रिले (स्वचालित स्विच) होता है, जो कोई यूनिट नहीं रहने पर बिजली आपूर्ति बाधित कर देता है। जब रीचार्ज करते हैं तो बैलेंस (यूनिट) बढ़ जाता है और रिले फिर से बिजली प्रवाहित होने देती है। रीचार्ज करने पर एक कोड उपभोक्ता के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर आएगा। इसे मीटर में डालना होगा। जेई अजय कुमार ने बताया कि शहर में घर-घर जाकर प्री-पेड मीटर का सर्वे चल रहा है।



## नगर क्षेत्र के लोगों को निर्बाध मिलेगी अब बिजली की आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता,अमरोहा

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी को देखते हुए बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं को कटौती से राहत दी है। नगर क्षेत्र में बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से देने का निर्णय लिया है।

अधिशासी अभियंता निखिल कुमार ने शनिवार को बताया पावर कारपोरेशन के उच्च अधिकारियों ने विद्युत विभाग अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिए हैं। कहा है कि भीषण गर्मी को देखते हुए नगर में बिजली कटौती न की जाए। अधिशासी अभियंता ने बताया कि नगर को बिजली कटौती से मुक्त कर दिया गया है। रात्रि में बिजली लाइन में फाल्ट होता है, तो उसको तुरंत ठीक कराया जाए। उपभोक्ताओं को बिजली समस्या के बारे में बताने के लिए कंट्रोल रूम भी खोल दिया गया है। जहां 24 घंटे बिजली कर्मचारी तैनात रहेगा।

एसडीओ जीडी प्रजापति ने बताया कि शनिवार को बिजली विभाग की टीम ने राजस्व वसूली के लिए नगर में विशेष अभियान चलाया। बकाएदार 50 उपभोक्ताओं के घरों के कनेक्शन काटे। इस अभियान के दौरान बिजली विभाग की टीम ने 15 लाख रुपये की वसूली भी की है।

# गंगा किनारे होगी अब जैविक खेती

## किसानों को किया जाएगा प्रशिक्षित, गांवों में होंगे ठोस और तरल अपशिष्ट के प्रबंध

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- जिला गंगा समिति की बैठक में जैविक खेती को लेकर हुआ मंथन

**अमृत विचार :** अब गंगा किनारे पर जैविक खेती की जाएगी। इसके लिए किसानों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इससे किसानों की आय बढ़ेगी। इसके लिए किसानों के रजिस्ट्रेशन किए जाएंगे। प्रशासन की ओर से इसके लिए तैयारियां की जा रही हैं।

कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति की बैठक हुई। ग्राम पंचायत में ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, जल प्रबंधन सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर संबंधित विभागों ने प्रेजेंटेशन दिया।

बैठक में अनुपस्थित होने पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अमरोहा, धनौरा, हसनपुर से स्पष्टीकरण मांगा गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि गंगा समिति की बैठक को अधिकारी गंभीरता से लें, केवल प्लान ही न बनाया जाए। मौके पर भी कार्य दिखना चाहिए। नगर निकाय ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए प्रभावी प्लान तैयार करें। नालों का गंदा पानी नदी में नहीं गिरना चाहिए। इसके लिए बेहतर प्लान बनाया जाए।

पानी के बहने के लिए लेवल ठीक हो, जो नाले बनाए जा रहे हैं, उनका अधिशासी अधिकारी अधिकारी मौके पर जाकर निरीक्षण करें और कार्य गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। गंदा पानी ट्रीट करके उद्यान और बगीचों में प्रयोग में लाया जाए। डीएम ने गंगा किनारे बसे गांवों में किसानों को जैविक खेती के प्रति प्रशिक्षित करने के निर्देश उपनिदेशक कृषि को दिए। किसानों को जैविक खेती के प्रति ट्रेंड करने के लिए जो एजेंसी नामित है, उसके से जैविक खेती के लिए कार्रवाई की जा रही है। कितने किसानों को ट्रेंड किया गया है। कितने किसान जैविक खेती कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि जिस कंपनी को जैविक खेती के लिए किसानों को ट्रेंड करने के लिए नामित किया गया है, वह बेहतर तकनीक के साथ किसानों को जागरूक करें। उसकी प्रगति दिखना चाहिए।

मार्केटिंग भी अच्छी मिल सके। जिन किसानों का रजिस्ट्रेशन किया गया है, वह पूरी तरह से जैविक खेती के प्रति प्रशिक्षित होना चाहिए। कहा कि जैविक खेती का जो लक्ष्य दिया गया है, उसमें सभी किसानों को ट्रेंड किया जाए। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि गंगा के किनारे जो पंचायतें हैं, उनमें भी ठोस और तरल अपशिष्ट के बेहतर प्रबंध होना चाहिए, डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन हो। ग्राम पंचायत में यदि किसी के पास टॉयलेट नहीं है, तो इसका सर्वे कराकर उन्हें टॉयलेट दिया जाए। गंदा पानी नदी में नहीं न जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी न्यायिक माया शंकर यादव, उप निदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी, प्रभारी अधिकारी आदि मौजूद रहे।


बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी।


भाकियू की पंचायत में शामिल किसान। ● अमृत विचार

# भाकियू ने की नहरों में पानी छोड़ने की मांग

संवाददाता, हसनपुर

**पंचायत**

- मंडी में हुई भाकियू की पंचायत में किसानों के मुद्दों पर की गई चर्चा
- छुट्टा पशुओं को पकड़वा कर गोशाला भिजवाने पर दिया जोर

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत में किसानों ने कहा कि फसलें सूख रही हैं, इसलिए मध्य गंगा नहर में जल्द पानी छोड़ा जाए।

नगर के चेतन चौहान मार्ग स्थित मंडी समिति में शनिवार को भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत हुई। इसमें किसान नेताओं ने क्षेत्र में छुट्टा पशुओं को पकड़वा कर गोशाला भिजवाने की मांग की। कहा कि इन छुट्टा पशु फसलों में नुकसान कर रहे हैं। चकबंदी विभाग में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। कहा कि विद्युत विभाग की टीमें चेकिंग व बिल सही करने के नाम पर किसानों का आर्थिक और मानसिक शोषण कर रही हैं। उन्होंने देहरा मिलक बिजली घर पर तैनात टीजीटू को हटाने की मांग की। पंचायत की अध्यक्षता सागर सिंह ने की और संचालन ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह ने किया। इस दौरान सीता आर्य, बृजपाल सिंह,महेश पहलवान, हरिओम सिंह, बृजेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, गंगाराम, अनुज ठाकुर, रिंकू ठाकुर, संजीव बालियान, ठाकुर महेश सिंह, आनंदपाल, रोहतास कुमार, रघुवीर, चंचल आदि मौजूद रहे।

# देवर पर जबरन बैनामा कराने का आरोप, महिला ने किया हंगामा

संवाददाता, हसनपुर (अमरोहा)

- रजिस्ट्री कार्यालय में हंगामा की सूचना पर पहुंची पुलिस

**अमृत विचार :** नगर स्थित रजिस्ट्री में महिला ने अपने देवर पर ससुर से जबरन भूमि का बैनामा लगाने का आरोप लगाया और जमकर हंगामा किया। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को कोतवाली ले आई। लेकिन किसी भी पक्ष की ओर से कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है।

तहसील क्षेत्र के गांव शहवाजपुर निवासी कैलाश पुत्र सुमेर के जयप्रकाश, ओमप्रकाश व रविंद्र तीन पुत्र हैं। शनिवार को कैलाश अपने पुत्र रविंद्र के साथ नगर स्थित रजिस्ट्री कार्यालय बैनामा करने आए थे। तभी उनके बड़े पुत्र जयप्रकाश की पत्नी पार्वती अपने बच्चों के साथ रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचीं और देवर पर ससुर से जबरन भूमि का बैनामा कराने का आरोप लगाकर हंगामा किया। इस बीच कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को कोतवाली ले आई। पार्वती का आरोप है कि देवर रविंद्र ने सुसर कैलाश को तीन-चार दिन से गायब कर रखा था। गलत तरीके से भूमि का बैनामा करा रहा था। वहीं देर शाम तक दोनों पक्षों की ओर से कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं की गई। वरिष्ठ उप निरीक्षक शोकेंद्र बालियान ने बताया कि हंगामा की सूचना पर पुलिस को मौके पर भेजी गई थी। लेकिन किसी ने तहरीर नहीं दी है। तहरीर प्राप्त होती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।


हंगामा करती महिला को समझाते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

## दो सड़क हादसों में छह लोग घायल, सभी भर्ती

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिले में दो सड़क हादसे में छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

नौगांवा सादात क्षेत्र में मंडी धनौरा रोड पर शनिवार को गांव मुकारी के पास नगर के मोहल्ला गुजरी निवासी जावेद अली अपनी पत्नी अंजुम वह बेटे फिरोज के साथ बाइक से बछरायूं अपनी ससुराल जा रहा था। तभी सामने से पशु आ गया। इससे बेकाबू होकर बाइक गिर गई। हादसे में तीन लोग घायल हो गए। तीनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उधर, डिडौली क्षेत्र में गांव चौधरपुर के पास नेशनल हाइवे पर वाहन डिवाइडर से टकरा गया। इस हादसे में दिल्ली के सीलमपुर निवासी मोहम्मद अरमान, जुनैद और संजय घायल हो गए। ये तीनों नैनीताल जा रहे थे। सभी घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कर दिया गया है।


एसडीएम कार्यालय के बाहर मौजूद महिलाएं व अन्य। ● अमृत विचार

# तालाब के रास्ते से कब्जा हटाने की मांग, महिलाओं का प्रदर्शन

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के एक गांव के लोगों ने एसडीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। कहा कि तालाब की ओर जाने वाले रास्ते की पैमाइश कराकर उसे खाली कराया जाए। इस पर गांव के ही कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा है।

गांव नागलिया मुंशी में गाटा संख्या 178 में तालाब दर्ज है। इसमें गांव का पानी जाता था। लेकिन तालाब की ओर से जाने वाले मार्ग पर लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। कुछ दिनों से यह मार्ग बंद हो गया। गांव के मार्गों पर जलभराव हो गया है। शनिवार को ग्रामीण एसडीम कार्यालय के पास एकत्र हुए। कार्यालय में शिकायती पत्र देकर तालाब का रास्ता खाली करने की मांग की। इस मौके पर कृपाल सिंह, करन सिंह, नरेश कुमार, सतवीर, रिशिपाल, सुभाष, बिट्टू, मणिपाल, रामगोपाल, ओमवीर, रामवीर, बिजेंदर आदि मौजूद रहे।

## युवक ने फंदा लगाकर किया आत्महत्या करने का प्रयास

**अमरोहा, अमृत विचार :** रजबपुर थाना क्षेत्र में एक युवक ने घरेलू विवाद के चलते फंदा लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। परिजनों ने युवक को फंदे से उतार कर निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

गांव घनसुपुरा निवासी एक किसान का बेटा काफी दिनों से किसी बात को लेकर परिजनों से झगड़ा कर रहा था। शनिवार को इस विवाद को लेकर उसने घर में ही पंखे के कुंडे में फंदा बांधकर, उस पर लटककर आत्महत्या की कोशिश की। तभी परिजनों की नजर उस पर गई तो उसे फंदे से उतार कर हाइवे स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कर दिया।

**ठेका सूचना**

हजरत शेख दाऊद बंदगी रह० (वक्फ-311) उझरी, जनपद अमरोहा में प्रत्येक वर्ष लगने वाले सालाना उर्स/मेले का ठेका दिनांक 28/05/2024 (मंगलवार) को दरगाह हजरत शेख दाऊद बंदगी रह० के मैदान में खुली बोली के आधार पर प्रात: 11:00 बजे किया जाएगा। इच्छुक ठेकेदार समय से पहुंचकर बोली लगा सकते हैं। ठेके की शरायत की जानकारी विज्ञापन प्रकाशित होने के पश्चात किसी भी दिन प्राप्त की जा सकती हैं।

मौ० ताहिर (सदर) — इफ्तिखार उल हसन (सचिव)

दरगाह कमेटी
हजरत शेख दाऊद बंदगी रह०
(वक्फ-311) उझारी, जनपद अमरोहा।
मो० 9319201176

**अनदेखी** जिला अस्पताल में चिकित्सकों व स्टाफ की लापरवाही मरीजों पर पड़ रही भारी

# ओपीडी के कक्षों से चिकित्सक रहे गायब, मरीज परेशान

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में अव्यवस्था के बीच मरीजों को परेशान होना पड़ रहा है। दोपहर में चिकित्सक कक्षों से गायब रहते हैं। ओपीडी कराने आए मरीज चिकित्सकों को ढूंढते हैं। जिला अस्पताल में दोपहर एक बजे से ही ओपीडी में बैठे चिकित्सक गायब हो गए। उनकी कुर्सी खाली पड़ी थी। जबकि मरीज उनके इंतजार में रहे।

लोगों के स्वास्थ्य को लेकर शासन व प्रशासन के निर्देश हैं कि गर्मी में मरीजों को अस्पताल में इलाज मिले। लेकिन चिकित्सकों की लापरवाही मरीजों पर भारी पड़ रही है। जिला अस्पताल में ओपीडी का समय सुबह साढ़े आठ बजे है। लेकिन चिकित्सक व अन्य स्टाफ भी लापरवाह बना है। वहां नौ बजे के बाद तक भी चिकित्सक व स्टाफ नहीं पहुंच रहा है। जबकि वहां सुबह साढ़े आठ बजे से पहले ही मरीज पहुंचकर चिकित्सकों का इंतजार करते है। उधर, 12 बजे के बाद से ही चिकित्सकों की कुर्सी खाली होने लगती है। शनिवार दोपहर एक बजे ओपीडी में चिकित्सक व स्टाफ नदारद मिला। गर्मी में मरीज उनका इंतजार करते नजर आए। दोपहर एक बजे बाल रोग विशेषज्ञ मौजूद नहीं थे। केवल हड्डी रोग विशेषज्ञ ही अपने कक्ष में मौजूद थे। फिजीशियन कक्ष में भी कुर्सी खाली पड़ी थी। वरिष्ठ परामर्शदाता भी अपने कमरे में नहीं थे। वहां बाहर उपचार के लिए काफी मरीज मौजूद थे। जिला अस्पताल में शहर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी नाजिमा पत्नी अनसार अपनी बेटी के साथ एक कई घंटे तक रहीं। लेकिन चिकित्सक न होने की वजह से उनको उपचार नहीं मिला। वह दर्द के कारण कराह रही थीं। चिकित्सका के इंतजार में घंटों तक इंतजार करी रहीं।


चिकित्सकों का इंतजार करते मरीज। ● अमृत विचार

> जिला अस्तपाल में चिकित्सकों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि सभी दोपहर दो बजे तक बैठें। लेकिन शनिवार को अगर दोपहर एक बजे से चिकित्सक गैरहाजिर रहे तो इसकी जांच कर जवाब मांगा जाएगा। – डॉ. प्रेमा पंत त्रिपाठी, सीएमएस, जिला अस्पताल

### डायरिया के 15 और बुखार के 10 मरीज मिले

**अमरोहा।** गर्मी में लोग बुखार और डायरिया से पीड़ित हो रहे हैं। शनिवार को जिला अस्पताल में बुखार के 10 और डायरिया के 15 मरीज आए। कई अन्य मरीजों को भी अस्तपाल में भर्ती किया गया। जिले में वायरल बुखार, डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। चिकित्सकों का कहना है कि गर्मी के कारण लोग बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। तापमान 42 डिग्री तक पहुंच रहा है। गर्म हवा लोगों को बीमार बना रही है। डॉक्टरों ने गर्मी के चलते सतर्कता बरतने की सलाह दी है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## एक नजर

### अलीशा फीडर की आज चार घंटे बंद रहेगी बिजली

**संभल, अमृत विचार :** विद्युत उपकेंद्र रुकनुद्दीन सराय के अलीशा फीडर की बिजली आपूर्ति रविवार को चार घंटे बाधित रहेगी। यह जानकारी एसडीओ तृतीय महेंद्र सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि 11 केवी और एलटी लाइन के केबल बदलने के चलते सुबह 9 बजे से दोपहर एक बजे तक फीडर की बिजली बाधित रहेगी। उपभोक्ता धैर्य बनाए रखें।

### दो बाइकों की टक्कर में एक युवक घायल

**संभल/रजपुरा अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर निवासी रामरहीस पुत्र वीरेंद्र बाइक द्वारा ससुराल गांव पवसरा जा रहा था। जैसे ही वह गांव देवरा भूरा के समीप पहुंचा तो बबराला की तरफ से आ रही दूसरी बाइक से रामरहीस की बाइक टकरा गई। हादसे में रामरहीस गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया। जबकि दूसरा व्यक्ति बाइक लेकर भाग गया।

### बाइक चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला हातिम सराय निवासी इश्हाक खान शाम किसी काम से सदर कोतवाली क्षेत्र में मुंसफी मार्केट आया था। शंकर चौराहे से पुराना अस्पताल जाने वाले मार्ग के किनारे बाइक खड़ी कर इश्हाक मार्केट में चला गया। वह मार्केट से बाहर सड़क पर आया तो यहां खड़ी बाइक गायब थी। दुकान पर लगे सीसीटीवी की दुकानदार से वीडियो निकलवाई तो उसमें चोर बाइक र ले जाता नजर आया।

### तंत्र विद्या की शिकायत पर दंपती को धमकी

**संभल/धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना निवासी ग्रामीण ने तांत्रिक दंपती पर रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी धमकी देने का आरोप लगाकर एएसपी दक्षिणी को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की। धनारी बस स्टैंड निवासी नौबत सिंह ने एएसपी अनुकृति शर्मा को शिकायती पत्र देकर कहा कि पड़ोस में रहने वाले तांत्रिक दंपती आए दिन अपने घर के अंदर तंत्र विद्या करते हैं। छात्र छात्राओं को पढ़ाई करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। 23 मई की सुबह दंपती 15-20 लोगों के साथ घर में घुस आए और मारपीट की। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई तो अब तांत्रिक दंपती धमकी दे रहा है।

# जंगली सूअरों की तस्करी का खुलासा, कराये मुक्त

## धनारी क्षेत्र में पुलिस व वन विभाग की टीम ने की जांच-पड़ताल, नलकूप में मिले बर्तन व ईंटों से बना चूल्हा

कार्यालय संवाददाता, संभल/धनारी

**अमृत विचार :** संभल जिले के धनारी थाना क्षेत्र में गांव कृतिया में निजी नलकूप के पास कुछ जंगली सूअरों के शव बरामद हुए तो कई जिंदा सूअरों भी मिले। मौके पर ईंटों से बना चूल्हा नजर आया। आशंका जताई गई कि तस्कर सूअरों का शिकार करके मीट बनाकर खाते रहे। वन विभाग की टीम और पुलिस को नलकूप में कई बर्तन भी मिले। सुअरों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आधा दर्जन से अधिक सूअरों को बंधनमुक्त करके जंगल में छोड़ दिया। वन विभाग द्वारा तस्करों और नलकूप स्वामी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है।

थाना क्षेत्र के गांव कृतिया में कोढरी देवी मंदिर से पहले गांव के रामौतार का नलकूप है। शनिवार को नलकूप के पास कुछ जंगली सूअरों के शव पड़े दिखे। ग्रामीणों ने सूअरों के शव देखकर थाना पुलिस और वन विभाग को सूचना दी।



धनारी के जंगल में मिले बर्तन जिन में जंगली सूअर का मांस पकाया जाता था।

- आधा दर्जन से अधिक सूअरों को बंधनमुक्त कराकर जंगल में छोड़ा

मौके पर पहुंची पुलिस और वन विभाग की टीम भी हैरत में पड़ गई। पास में ही ईंटों का चूल्हा मिला। आशंका जताई गई कि आग जलाकर सूअरों का मीट बनाया जाता था। कुछ जंगली सूअरों के अधजले शव भी मिले। ग्रामीणों में चर्चा रही कि तस्करों द्वारा जंगली सूअरों का शिकार कर यहां भूनकर जाता होगा।

पुलिस और वन विभाग की टीम ने नलकूप के अंदर भी तलाशी ली। जांच पड़ताल करने के बाद जंगली सूअरों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं बंधे हुए कई जिंदा सूअर भी बरामद हुए। जिन्हें बंधनमुक्त कराकर जंगल में छोड़ दिया गया। तस्करों और नलकूप स्वामी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### काफी समय से शिकार कर रहे तस्कर

**संभल/धनारी अमृत विचार :** गांव कृतिया के ग्रामीणों का कहना है कि तस्कर काफी समय से जंगली सूअरों का शिकार करते आ रहे हैं। लगभग छह महीने से वाहनों में भरकर सूअरों को लोग लेकर आते थे। सूअरों का मांस भूनकर खाने के बाद अवशेष को इधर-उधर फेंक देते थे। रोजाना जंगलों में सूअर का शिकार करने की आवाज आती थी। कुछ समय बाद इधर-उधर आग जलती दिखाई देती थी। रोजाना 8 से 10 सूअरों का शिकार किया जाता होगा।

### नलकूप स्वामी भी शक के दायरे में

**संभल अमृत विचार :** पुलिस और वन विभाग की टीम ने नलकूप स्वामी से नलकूप की चाबी मांगी। काफी देर बाद चाबी देने के बाद जब नलकूप की तलाशी ली तो उसमें कई तरह के बर्तन बरामद हुए। इमनें तीन भगौने, थाली, कटोरी, चम्मच आदि मिले। जिससे नलकूप स्वामी पर भी शक की सुईं घूमने लगी। चर्चा रही कि जब नलकूप के पास सूअरों का शिकार किया जाता था तो नलकूप स्वामी ने पुलिस को सूचना क्यों नहीं दी।

> वन विभाग की टीम मौके पर गई थी। वहां हाथ पैर बंधे हुए लगभग 7 सूअर मिले। जिन्हें टीम ने खोला। पानी पिलाकर जंगलों में छोड़ दिया गया है। मौके से कुछ बर्तन या अन्य उपकरण भी बरामद हुए। पांच सुअर तस्करों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है। नलकूप स्वामी के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है।
>
> -प्रताप शर्मा वन क्षेत्राधिकारी, गुन्नौर

# पति से विवाद के बाद फंदे पर लटका मिला महिला का शव

संवाददाता, संभल/रजपुरा

**अमृत विचार:** रजपुरा थाना क्षेत्र में पति से विवाद के बाद महिला का शव छत पर बनी झोपड़ी में साड़ी के फंदे से लटका मिला।

थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवक की शादी एक वर्ष पहले गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 22 वर्षीय युवती से हुई थी। शुक्रवार की शाम किसी बात को लेकर दंपती में विवाद हो गया। जिसके बाद युवक खाना खाकर देर शाम छुट्टा पशुओं से फसल की रखवाली करने खेत पर चला गया और महिला सोने के लिए मकान की छत पर बनी झोपड़ी में आ गई। शनिवार की सुबह युवक घर पहुंचा तो परिजनों ने बताया कि महिला छत से उतरकर नीचे नहीं आई है। युवक ने छत पर पहुंचकर देखा तो झोपड़ी में लगी लकड़ी से बंधी साड़ी के फंदे पर पत्नी का शव लटक रहा था। आनन फानन में फंदा खोलकर महिला को नीचे उतारा और पुलिस को बिना सूचना दिए महिला के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

### पुरानी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट, दंपती घायल

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में मारपीट हुई। जिसमें एक पक्ष से दंपती घायल हो गया। थाना क्षेत्र के गांव पानीवाड़ा निवासी विपिन कुमार और मनीराम में पुरानी रंजिश है। विपिन पत्नी सीमा के साथ घर के गेट पर बैठा था। आरोप है कि मनीराम और शिशुपाल गाली गलौज करने लगे। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों में मारपीट हुई। जिसमें विपिन और उसकी गर्भवती पत्नी सीमा घायल हो गए। पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

# तलाक के बाद पति पर लगाया मकान व रकम हड़पने का आरोप

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** हयातनगर थाना क्षेत्र में मायके से दहेज लाने से मना किया तो पति ने मारपीट करते हुए पत्नी को तलाक देकर घर से निकाल दिया। महिला ने पति पर मायके वालों से उधार में लिए एक लाख रुपये व मेहर की रस्म में मिला मकान भी हड़पने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

थाना क्षेत्र के मुहल्ला तुर्तीपुर इल्हा निवासी जीनत की शादी डेढ़ वर्ष पहले सरायतरीन के मुहल्ला भूड़ा निवासी साकिब के साथ धूमधाम से हुई थी।

आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज की मांग करते हुए जीनत को शारीरिक व मानसिक रुप से प्रताड़ित करने लगे। कहा कि सात माह पहले कारोबार करने के लिए साकिब ने जीनत के पिता मारुफ रजा से एक लाख रुपये उधार लिए थे। एक माह बाद मारुफ रजा ने रुपये वापस मांगे तो साकिब ने अपने परिजनों के साथ मिलकर मारपीट करते हुए जीनत को तलाक देकर घर से निकाल दिया। कहा कि अब साकिब मेहर की रस्म में जीनत को मिला मकान व उधार में लिए रुपये हड़पकर दूसरी शादी करने की फिराक में है।

- शादी के बाद से ही ससुराल वाले शारीरिक व मानसिक रुप से प्रताड़ित करने लगे थे

### कब्जा कर जमीन पर अवैध निर्माण का आरोप

**संभल, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में जमीन के खाली पड़े हिस्से पर गांव के ही तीन सगे भाइयों पर निर्माण कर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाकर ग्रामीण ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपा है। थाना क्षेत्र के गांव कमालपुर कफूरपुर निवासी रहीश ने शनिवार को बहजोई में पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत को शिकायती पत्र सौंपकर कहा कि गांव के पास ही गाटा संख्या 489 में 0121 हेक्टेयर पैतृक जमीन स्थित है। जमीन का एक भाग खाली पड़ा हुआ है। आरोप है कि गांव के ही सगे तीन भाई खाली पड़े हिस्से पर रविवार को कब्जा करने के इरादे से अवैध निर्माण कार्य कराने लगे। मामला पुलिस तक पहुंचा तो सगे भाइयों ने निर्माण कार्य रुकवा दिया। शुक्रवार को सगे भाई फिर से जमीन पर निर्माण कार्य कराने लगे। रहीश ने अवैध निर्माण कार्य रुकवाकर एसपी से सगे भाइयों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की।

# कुत्तों के हमले का सच जानने पहुंचे सीडीओ

कार्यालय संवाददाता, संभल/मनोटा

**अमृत विचार :** विकास खंड असमोली की ग्राम पंचायत अकबरपुर गहरा की गोशाला में गायों को कुत्तों द्वारा हमला कर मारने की फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सीडीओ जांच के लिए पहुंचे। सीडीओ को गोशाला में साफ सफाई मिली। कहा कि फर्जी फोटो और वीडियो मामले में कार्रवाई कराई जाएगी।

ग्राम पंचायत अकबरपुर गहरा की गोशाला में गोवंश पशुओं पर कुत्तों द्वारा हमला कर मारने की फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। जिसका संज्ञान जिला प्रशासन ने लिया तो शनिवार को सीडीओ भरत कुमार मिश्रा ने बीडीओ अजीत सिंह से जानकारी। जिसके बाद सीडीओ, बीडीओ, सहायक विकास अधिकारी पंचायत सुनील कुमार सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी महेंद्र सिंह गोशाला पहुंचे।



गोशाला का निरीक्षण करते सीडीओ भरत कुमार मिश्रा। ● अमृत विचार

- गोशाला में गायों पर कुत्तों के हमला कर मारने की फोटो और वीडियो हुई थी वायरल
- फोटो और वीडियो की जांच होगी फर्जी हुई तो होगी कार्रवाई

सीडीओ गोवंश पशु स्वास्थ्य मिले। साफ सफाई को लेकर सराहना की। ग्राम प्रधान गुलाम अब्बास से फोटो वायरल होने की जानकारी की। सीडीओ ने कहा कि वायरल हो रहे फोटो व वीडियो की जांच कराई जाएगी। जिसने भी यह फर्जी फोटो और वीडियो वायरल की है उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# पशु चोरी में एक गिरफ्तार नकदी व जंजीर बरामद

**धनारी, अमृत विचार:** धनारी थाना क्षेत्र के गांव जडवार चौराहे के पास खडे.तीन दिन पहले ग्रामीण का पशुचोरी करने वाले एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से भैंस बांधने की लोहे की जंजीर व नकदी बरामद हुई।

थाना क्षेत्र के गांव सिरौलिया निवासी राजवीर ने बुधवार की रात को अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर गांव के ही एक व्यक्ति की भैंस चोरी की थी। शनिवार को राजवीर भैंस बेचकर हाथ में लोहे की जंजीर के साथ थाना क्षेत्र के गांव जडवार के चौराहे के पास खड़ा था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और राजवीर को हिरासत में ले लिया। लोहे की जंजीर कब्जे में लेकर पुलिस ने तलाशी तो राजवीर के पास से दो हजार रुपये की नकदी बरामद हुई। इस मामले में पुलिस राजवीर के तीन अन्य साथियों की तलाश में जुटी है।

# नियमों की धज्जियां उड़ा रहे 15 वाहनों का चालान, दो सीज

कार्यालय संवाददाता, संभल

- परिवहन विभाग के अधिकारियों ने चलाया चेकिंग अभियान

**अमृत विचार :** परिवहन विभाग के अधिकारियों ने यात्री वाहनों और माल वाहनों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। नियमों का उल्लंघन करने वाले 15 वाहनों का चालान करते हुए दो वाहनों को सीज कराया। वाहन चालकों और परिचालकों को नियमों का पालन करने की हिदायत दी।



नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई करते यात्री एवं मालकर अधिकारी एम आबेदीन अहमद।

एआरटीओ प्रवर्तन जयप्रकाश गुप्ता और पीटीओ आबदीन अहमद ने मुरादाबाद-बदायूं मार्ग पर वाहनों की चेकिंग की। एआरटीओ प्रशासन डॉ.पीके सरोज ने बताया कि अभियान में नियमों का उल्लंघन कर रहे 4 ट्रैक्टर ट्राली, 8 थ्री व्हीलर पैसेंजर, 3 एलपीजी वाहनों का चालान किया जबकि दो वाहनों को सीज करते हुए बनियाठेर एवं पुलिस लाइन में खड़ा कराया। अधिकारियों ने यात्री वाहन चालकों और परिचालकों से कहा कि किसी भी दशा में सीट क्षमता से अधिक सवारी वाहन में न बैठाएं। यदि वाहन के साइड में गेट पर व पीछे लगे स्टैंड पर सवारी खड़ी पाई तो उस वाहन को सीज किया जाएगा।

## सार-संक्षेप



बाबा मल्लक शाह के मजार पर दुआ करते अकीदतमंद। ● अमृत विचार

### उर्स में उमड़े अकीदतमंद, दरगाह पर की चादरपोशी

**संभल, अमृत विचार :** बाबा मल्लक शाह मियां के सालाना उर्स में अकीदतमंद उमड़ रहे हैं। अकीदतमंदों ने दरगाह पर हाजिरी लगाते हुए चादरपोशी की और मन्नतें मांगीं। कव्वाली का भी आयोजन हुआ। नगर में शंकर कॉलेज चौराहा के पास स्थित बाबा मल्लक शाह मियां की दरगाह पर सालाना उर्स में कमेटी की ओर से अकीदतमंदों के लिए लंगर लगाया गया। रात में कव्वाली का आयोजन हुआ। कव्वालों ने सूफियाना कलाम पेश करते हुए नातो मनकबत के नजराने पेश किए। अकीदतमंदों ने दरगाह पर चादरपोशी करके मन्नतें मांगी। इस दौरान मुन्ना खां, मेहंदी हसन, भूरा, बब्बू खां, असलम आदि मौजूद रहे।

### किशोर की मौत के मामले में नलकूप मालिक पर रिपोर्ट

**संभल, अमृत विचार :** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में नलकूप पर करंट से किशोर की मौत के मामले में नलकूप मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। प्रेमदास ने शनिवार को थाना हजरतनगर गढ़ी पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही नलकूप मालिक रीतिपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा कि शुक्रवार की शाम 17 वर्षीय पुत्र आयुष थाना क्षेत्र के गांव आबूनगर से गांव के ही विशेष, जीतू और प्रमोद के साथ घर आ रहा था। प्यास लगने पर आयुष रास्ते के किनारे जंगल में लगे गांव के ही रीतिपाल के नलकूप पर पानी पीने लगा। नलकूप मालिक की लापरवाही से यहां पानी पीते समय करंट लगने से आयुष की मौत हो गई थी। तहरीर मिलने पर पुलिस ने नलकूप मालिक रीतिपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।



सौंधन में वीर आल्हा जयंती कार्यक्रम में शामिल लोग। ● अमृत विचार

### यादव युवा संघ ने जयंती मनाकर वीर आल्हा को याद किया

**संभल/सौंधन, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के नारंगपुर में स्थित एमएसबाई इंटर कॉलेज में यादव युवा संघ ने वीर आल्हा की जयंती मनाई ।संघ के कार्यकर्ताओं ने बुंदेलखंड के महान योद्धा आल्हा के चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी वीरता का गुणगान किया। कहा कि मध्यकाल में आल्हा और ऊदल की वीर गाथा क्षत्रिय शौर्य के प्रतीक को दर्शाती है। आल्हा ने अपनी वीरता के बल पर 52 बार युद्ध में पृथ्वीराज चौहान को हराया था। एक बार युद्ध में आल्हा तथा पृथ्वीराज चौहान दोनों वीर योद्धा आमने-सामने आ गए और भीषण युद्ध हुआ। तभी आल्हा के गुरु गोरखनाथ के कहने पर आल्हा ने पृथ्वीराज चौहान को प्राण दान देकर छोड़ दिया था। इस दौरान जीतपाल यादव एडवोकेट, सतपाल सिंह यादव, हरिओम यादव, बृजेश यादव, सत्य प्रकाश यादव, जुगेंद्र यादव, मुकेश यादव, तेजपाल यादव, सुनील यादव, उमेश यादव, मोरध्वज यादव, सत्यप्रकाश यादव, अजयपाल यादव आदि रहे।

### देश विरोधियों ने संघ के विषय में नकारात्मक प्रचार किया

**बबराला, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तीन दिवसीय प्रारंभिक वर्ग का शनिवार को समापन हो गया। वर्ग शिविर में बबराला जिले के सभी तीनों तीनों खंडों और बबराला नगर से 120 बाल शिक्षार्थियों ने भाग लिया। गवां के जुगलकिशोर महाविद्यालय में चल रहे शिविर में शनिवार को पद विन्यास, सूर्य नमस्कार के साथ साहसिक खेलों का आयोजन हुआ। समापन सत्र में बाल वर्ग को विभाग प्रचार प्रमुख अरूण कांत ने संबोधित किया। बौद्धिक में देश के वर्तमान परिदृश्य की जानकारी देते हुए विभाग प्रचारक ने कहा कि देश विरोधियों ने संघ के विषय में नकारात्मक प्रचार किया, जबकि प्रारंभ से संघ का उद्देश्य भारत की एकता अखंडता, शांति, सुरक्षा और सद्भावना रहा है। वर्ग कार्यवाह सुनील शर्मा ने कहा कि समाज में फैल रही कुरीतियों को दूर करने का प्रयास करना होगा। इस दौरान जिला प्रचारक क्रांति कुमार, जिला शारीरिक प्रमुख हरगोविंद, जिला सेवा प्रमुख परमात्मा सिंह, जिला संपर्क प्रमुख जगदीप सहित संघ से जुड़े लोग रहे।

### पुलिस ने मुख्य आरोपी से दुष्कर्म का आरोप हटाया

**संभल/सौंधन, अमृत विचार :** कैला देवी थाना पुलिस ने छात्रा से दुष्कर्म के मुख्य आरोपी का चालान कर दिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी से दुष्कर्म का आरोप हटा दिया है। पुलिस का कहना है कि छात्रा के बयान के आधार पर ऐसा किया गया है। थाना क्षेत्र एक गांव निवासी कक्षा 12 की छात्रा के साथ 19 मई को युवक ने दूसरे गांव में ले जाकर जंगल में दुष्कर्म किया था। छात्रा के पिता ने दुष्कर्म को लेकर तीन युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शनिवार को पुलिस ने मुख्य आरोपी सुभाष निवासी गांव निरयावली का चालान कर दिया। पुलिस ने सुभाष को दुष्कर्म के आरोप से क्लीन चिट दे दी है। उसे छात्रा को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में अदालत में पेश किया गया है। थाना प्रभारी का कहना है कि छात्रा के बयान के आधार पर ऐसा किया गया है।

### विद्यालय के अभिलेखों का किया निरीक्षण

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के कस्बा नरौली में विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर के अभिलेखों का निरीक्षण किया गया। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर भकरौली के प्रधानाचार्य तालेवर, आचार्य राजीव कुमार व सरस्वती विद्या मंदिर पवांसा के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र ने गहनता से अभिलेखों का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश कुमार शर्मा व समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

**आवश्यकता है**

मदरसा इस्लामिया मआरिफुल उलूम कस्बा सहसपुर मौहल्ला सराय कला जिला बिजनौर (उत्तर प्रदेश) पिन नं. 246745 को प्राइमरी कक्षाओं में पढ़ाने हेतु दो योग्य शिक्षकों की आवश्यकता है। इच्छुक गण दिनांक 30 मई 2024 तक अपनी अर्जी अपने हाथ से लिखकर फोटो चस्पा करके अपनी मार्कशीट सहित डाक द्वारा प्रेषित करें। डाक मदरसे के मोहतमिम के नाम से प्रेषित करें। शेष जानकारी हेतु मोबाइल नंबर पर संपर्क करें- 9412440078, 9897378986

# आसानी से बुझाई जा सकती है गैस सिलेंडर में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने जिला अस्पताल परिसर में आग बुझाने के तरीके समझाए। गैस सिलेंडर में आग लगाने के बाद उसे अग्निशमन उपकरणों से बुझाना सिखाया।

पुलिस महानिदेशक अग्निशमन तथा आपात सेवा के आदेश पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी के निर्देशन में प्रभारी फायर स्टेशन संभल बाबूराम और कर्मचारियों ने शनिवार को जिला अस्पताल परिसर में आग बुझाने का डैमो किया। कर्मचारियों ने मौजूद अस्पताल स्टाफ और लोगों को बताया कि आग लगने पर किस तरह बुझाया जाए। यह भी बताया कि रसोई, मकान, दुकान और विद्युत तारों में लगी आग किस तरह बुझाई जाएगी। कहा गया कि रसोई गैस सिलेंडर में आग को आसानी से बुझाया जा सकता है। पानी से भीगा हुआ सूती कपड़ा जलते गैस सिलेंडर पर डालने से उसकी आग बुझ जाती है। अग्निशमन कर्मियों ने गैस सिलेंडर में लगी आग बुझाकर अस्पताल स्टाफ को दिखाई। इस दौरान जागेश सिंह, विजयपाल सिंह, सुमित कुमार, संजीव कुमार, मनोज कुमार आदि रहे।



जिला अस्पताल में आग बुझाने का तरीका समझाते अग्निशमन कर्मी।

- अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने जिला अस्पताल में समझाए आग बुझाने के तरीके

**मौसम** — संभल में 41 डिग्री सेल्सियस पहुंचा पारा, पंखे और कूलर भी नहीं आ रहे काम

# भीषण गर्मी में जनजीवन प्रभावित, सूरज उगल रहा आग

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** शनिवार को संभल में पारा 41 डिग्री सेल्सियस पहुंचा तो लोग परेशान हो गए। एक मिनट के लिए भी पसीना नहीं सूख रहा है। दोपहर के वक्त तो पंखे और कूलर भी जवाब दे गए। ऐसे में लोग राहत पाने के लिए छटपटाते नजर आए। शाम के वक्त भी गर्मी तेवर दिखाती रही तो लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी के कारण लोगों को दुश्वारियों से जूझना पड़ रहा है। शनिवार को सुबह से ही चिलचिलाती धूप निकली तो लोग परेशान होने लगे। जैसे-जैसे समय बढ़ा तो पारा भी चढ़ने लगा। मुख्य मार्गों पर दोपहिया सवारों ने तेज धूप से बचने के लिए चेहरों को कपड़े से ढक रखा था लेकिन भीषण गर्मी में चक्कर आने की शिकायत रही। दोपहर के वक्त तो पारा 41 डिग्री तक पहुंचा। उस वक्त लोग बेहाल हो गए। तमाम लोगों ने स्वीमिंग पूल में नहाकर राहत पाने का प्रयास किया। दोपहर में मुख्य मार्गों, बाजारों और गली मुहल्लों में सन्नाटे का माहौल बन गया। बाजारों में दुकानदार हाथ पर हाथ धरे बैठे नजर आए।



संभल में भीषण गर्मी के चलते तहसील रोड पर पसरा सन्नाटा।




बहजोई में खराब पड़ा वाटर कूलर।

- टपक रहा पसीना, सूख रहा गला दोपहर में हर तरफ सन्नाटे जैसा माहौल

### खराब हैं वाटर कूलर, गर्मी में राहगीरों की कैसे बुझे प्यास

**बहजोई, अमृत विचार :** भीषण गर्मी के चलते जहां लोग परेशान है तो वहीं गर्मी में ठंडा पानी देने वाले वाटर कूलर खराब पड़े हैं। कलेक्ट्रेट पर वाटर कूलर खराब हैं तो सरकारी अस्पताल पर लगा वाटर कूलर भी काम नहीं कर रहा है। यह वाटर कूलर गर्मी के प्रारंभ से ही खराब हैं। यहां आने वाले लोगों को जब प्यास लगती है तो वह वाटर कूलर के पास पहुंचते हैं, लेकिन मायूस होकर लौट जाते हैं। यही हाल बहजोई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर लगे वाटर कूलर का भी है। यह वाटर कूलर भी खराब पड़ा है। जिसके कारण भीषण गर्मी में आने वाले मरीजों व तीमारदारों को पानी के लिए भटकना पड़ता है। एकमात्र हैंड पंप है जिसके सहारे लोग प्यास बुझाते हैं। नगर के कोतवाली स्थित वाटर कूलर से भी गर्म निकल रहा है। नगर के व्यस्ततम चौराहे इस्लाम नगर चौराहा पर पीने के पानी की व्यवस्था न होने के कारण यात्री भटकते रहते हैं। लोगो ने इन्हें ठीक कराए जाने की मांग की है।

**नाम-परिवर्तन**

मैंने अपना नाम ARHAM KAMAL से बदलकर ARHAM AKHTAR रख लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना जाए। ARHAM AKHTAR S/o KAMAL AKHTAR R/o JIGAR COLONY CIVIL LINES मुरादाबाद।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरा पुत्र इमरान व उसकी पत्नी नूर बी पुत्री इरशाद गलत संगत मे पड़ गये है एवं आये दिन आस पड़ोस के रहने वालो से लड़ाई झगड़ा फसाद करते रहते है जिस कारण उन दोनो से सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में अपने कुकृत्यों एवं किसी भी लेन-देन के ये दोनो स्वयं जिम्मेदार होंगे। फरजन्द पुत्र श्री काले निवासी ग्राम जिठनिया जागीर थाना मिलक खानम, तह0 स्वार, जिला रामपुर।

**नाम-परिवर्तन**

मेरे पुराने पासपोर्ट में मेरा नाम (MOHAMMAD SHADAV) है जबकि आधार कार्ड मे मेरा सही नाम (MOHAMMAD SHADAB) है। भविष्य मे मुझे (MOHAMMAD SHADAB) के नाम से जाना व पहचाना जाये। मुहम्मद शादाब पुत्र बब्बन नि0 अंगूरी बाग निकट जुल्फेकार स्कूल रामपुर (उ0प्र)

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरा भाई सुमन कुमार व उसकी पत्नी कविता गलत चाल चलन में पड़ गए हैं। मैं पवन कुमार व मेरी पत्नी प्रीति कुमारी उक्त दोनों पति- पत्नी से सम्बन्ध विच्छेद करते हैं। इन दोनों के द्वारा किए गए कुकृत्यों एवं लेन -देन, झगड़े आदि के सुमन कुमार व उसकी पत्नी कविता स्वयं जिम्मेदार होंगें।
पवन कुमार पुत्र वीरेंद्र सिंह व प्रीति कुमारी पत्नी पवन कुमार, निवासी मौहल्ला पट्टी वाला, थाना व तह0 कांठ, जिला मुरादाबाद।

## एक नजर

### कस्टम इंस्पेक्टर के पद पर अंकित का चयन



**नजीबाबाद, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव खैरुल्लापुर उर्फ शाहपुर के रहने वाले अंकित कुमार गौतम का चयन सेंट्रल एक्साइज एवं कस्टम इंस्पेक्टर के पद पर हुआ है। इनकी पोस्टिंग विशाखापट्टनम में हुई है। अंकित ने जॉइनिंग कर ली है। बेटे की सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है। अंकित बताते हैं कि पिता आनंद कुमार गौतम का देहांत 20 वर्ष पूर्व हो गया था। वह पांच भाई बहन हैं। गरीबी के कारण उन्हें पढ़ाई करने में बहुत दिक्कतें आईं। लेकिन मेरे परिजनों ने मेरा साथ दिया। उनकी मां चंद्रेश गौतम ने बताया कि उनका सपना बेटे को बड़ा अधिकारी बनते देखना का था। यह आज पूरा हो गया।

### कागज नहीं दिखाने पर खनन लदा डंपर सीज

**किरतपुर, अमृत विचार :** वाहन चेकिंग के दौरान खनन अधिकारी ने डंपर सीज कर दिया। शनिवार को खनन इंस्पेक्टर शिवम कुमार ने किरतपुर से नजीबाबाद रोड पर चेकिंग की। डंपर में भरी ओवरलोड सामग्री के कागजों की जांच की तो चालक प्रपत्र नहीं दिखा पाए। इसके बाद डंपर को सीज थाने में खड़ा कर दिया। खनन इंस्पेक्टर ने बताया कि इस डंपर चेकिंग के दौरान रोका गया। चालक से उस डंपर में भरी बालू मिट्टी के कागज मांगे तो वह नहीं दिखा सका।

### हादसे में युवक की मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**किरतपुर, अमृत विचार :** गुरुवार शाम गांव कसीर रोड पर बाइक सवार युवक किरतपुर अपने घर वापस आ रहा था। रास्ते में कार चालक ने पीछे से बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी थी। इससे बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी। युवक की प्रशांत (22) पुत्र हरीराज निवासी ग्राम कसीर के रूप में हुई थी। थाना प्रभारी ने बताया कि अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कार चालक की तलाश जारी है।

### भूमि कब्जा मुक्त कराई

**नहटौर, अमृत विचार :** गांव सराय काजियान के पास मौजा नहटौर में राजस्व विभाग की टीम ने पैमाइश कर ग्राम समाज की भूमि को कब्जा मुक्त कराया।

# उधार दिए रुपये न मिलने पर किसान ने खाया जहर, मौत

## गांव फरीदाबाद में हुई घटना, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

संवाददाता, नहटौर

**अमृत विचार:** गांव फरीदाबाद में पड़ोसी ने उधार के रुपये नहीं लौटाए तो किसान ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। जहां शनिवार सुबह चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

गांव फरीदाबाद में किसान लाल सिंह (60) का परिवार रहता है। उसने अपने पड़ोसी लोकेश को एक लाख 30 हजार रुपये उधार दिए थे। बताया कि लाल सिंह उससे अपने रुपये वापस देने के लिए कई बार कह चुका था। लेकिन वह टाल देता था। इस मामले को लेकर गांव में शुक्रवार को एक पंचायत भी हुई। लेकिन लोकेश ने रुपये देने से मना कर दिया। इससे तनाव में आए लाल सिंह ने घर पहुंचकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे नहटौर के निजी अस्पताल भर्ती कराया। जहां से उसे सीएचसी भेज दिया गया। सूचना के बाद दरोगा बृजराज सिंह मौके पर पहुंचे और पूरे प्रकरण की किसान से जानकारी ली। इसके बाद किसान लाल सिंह के परिजन उसे उपचार के लिए बिजनौर ले गए। परिजन उसकी हालत में सुधार होने के बाद उसे घर ले आए। शनिवार सुबह हालत बिगड़ने पर परिजन उसे फिर सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल धर्मेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने व तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### छत से गिरकर गर्भवती की गई जान

**नांगल सोती, अमृत विचार :** गांव सराय आलम निवासी शिवम कश्यप उर्फ कालू पुत्र मुखराम सिंह की शादी एक वर्ष पूर्व हुई थी। शिवम की पत्नी अंजना कश्यप (22) गर्भवती थी। कुछ दिनों बाद ही उसका प्रसव हुआ। परिजनों के अनुसार, अंजना, उसकी देखभाल के लिए आई उसकी छोटी बहन मकान की छत पर बैठी थी। सात बजे वह नीचे उतरकर आ गई थी। तभी गर्भवती अंजना छत से नीचे गिर गई। परिजन उसे लेकर पहले निजी चिकित्सक, फिर नजीबाबाद के एक हॉस्पिटल में पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



जलभराव को लेकर प्रदर्शन करतीं महिलाएं व अन्य। ● अमृत विचार

# लदुपुरा में जलभराव को लेकर महिलाओं ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, चांदपुर

**अमृत विचार :** ब्लॉक जलीपुर क्षेत्र के गांव लदुपुरा में मुख्य मार्ग पर जलभराव को लेकर शनिवार को महिलाओं ने प्रदर्शन किया। उन्होंने जलभराव से बीमारी फैलने का खतरा बताया। समस्या का समाधान करने की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि मार्ग पर जलभराव होने से बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं। लोग जलभराव के बीच होकर गुजरने को मजबूर हैं। इस संबंध में कई बार शिकायत की गई। लेकिन कोई जिम्मेदारी समस्या का संज्ञान नहीं ले रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि जलनिकासी न होने से रास्ता पर पानी भरा हुआ है। इसमें कीड़े व मच्छर पनप रहे हैं। अब लोगों ने मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर जलनिकासी की मांग की है। मांग करने वालों में महिलाएं व अन्य शामिल हैं।

# दहेज उत्पीड़न में छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

किरतपुर, अमृत विचारः

**अमृत विचार:** टोड़रपुर की रहने वाली महिला ने ससुराल वालों पर मारपीट करने व दहेज की मांग करने को लेकर जान से मरने का आरोप लगाया है। पुलिस को शिकायती पत्र देकर छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। अशोक राजपूत की पुत्री दीपिका राजपूत ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह छह वर्ष पहले शंभू सिंह उर्फ गौरव निवासी टटीरी, जिला बागपत के साथ हुआ था। आरोप है कि पति दहेज की मांग को लेकर उसे मारता पीटता था। कुछ दिन पहले भी उसे मारा पीटा गया। इसमें शंभू सिंह, उमा देवी, उमेश्वरी देवी व राजेश्वरी देवी, योगेश पुत्र पुत्र सुभाष चंद्र निवासी सारंगपुर दिल्ली भी शामिल थे। इसके बाद पीड़ित महिला ने डायल 112 नंबर पर कॉल करके पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस इन लोगों को समझा चली गई। इसके बाद पीड़िता के साथ दो दिन बाद फिर से ससुराल वालों ने मारपीट की और घर से निकाल दिया गया। मारपीट में वह घायल हो गई थी। इसके बाद पीड़ित ने फोन कॉल करके अपने पिता को घटना की सूचना दी।

पीड़िता के पिता व भाई टटीरी गांव पहुंचे। वहां उनके साथ भी गाली गलौज व मारपीट की गई। बाद में पीड़ित महिला पिता व भाई के साथ अपने गांव टोड़रपुर आ गई। अब पीड़ित दीपिका राजपूत ने थाना प्रभारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी शंभू उर्फ गौरव, उमा देवी, उमेश्वरी, राजेश्वरी, योगेश सिंह व हिम्मत सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# शांति का पैगाम देता है इस्लाम : मौलाना

संवाददाता, नजीबाबाद

**अमृत विचार :** जोगीपुरा स्थित दरगाह-ए आलिया नजफ-ए-हिंद पर सालाना मजलिसों का सिलसिला जारी है। शनिवार को मौलाना सैयद शबाब नकवी, सिरसीवी सदर ने मजलिस को खिताब किया। कहा कि इस्लाम ने कभी किसी पर जुल्म या अत्याचार नहीं किया। इस्लाम हमेशा मोहब्बत व शांति का पैगाम देता है। इस्लाम के पैगंबर का यह हुक्म है कि मां की गोद से लेकर कब्र तक इल्म हासिल करो। दीन-ए-इस्लाम औरतों को पर्दे में रहने का हुक्म देता है।



लखनऊ कैंप में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते शिया वफ्फ बोर्ड के चेयरमैन टीम के साथ।

मौलाना शिको हैदर, मौलाना रईस हैदर, मौलाना कौसर मुज्तबा, मौलाना रईस अहमद, मौलाना अली गाजजी, मौलाना अजादार हुसैन ने भी मजलिस को खिताब किया। नोहाख्वानी और मातम करते हुए अंजुमन याद गार-ए-हुसैनी नौगांवा सादात, अंजुमन पंजतनी बुकनाला और अंजुमन लश्कर-ए-हुसैनी मेमन ने जुलूसों में शिरकत की। जायरीनों ने मौला अली के रोजे पर खिराजे अकीदत पेश की। उत्तर प्रदेश शिया वफ्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी व उनकी टीम ने दरगाह पर हाजरी देकर मौला की बारगाह में दुआ मांगी। उन्होंने लखनऊ के कैंप सुल्तानुल मदारिस व जामिया सुल्तानिया में ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस की। मौलाना सैय्यद कल्बे जव्वाद नकवी की देखरेख में शिविर लगाया गया। इसमें मौलाना सैय्यद शाहनवाज हैदर नकवी ने कैंप में मौजूद दरगाह के सदर इरम अली जैदी, सचिव मौलाना कसीम अब्बास व शमील शम्सी आदि का आभार व्यक्त किया। उधर, एसडीएम कुंवर बहादुर सिंह ने दरगाह पर व्यवस्था का जायजा लिया। दरगाह पर हजारों की तादात में जायरीन उमड़े।

## सार-संक्षेप

### टूरिस्ट बस में तीर्थयात्री की हार्टअटैक से मौत

**नगीना, अमृत विचार :** टूरिस्ट बस में आंध्रप्रदेश के सवार तीर्थयात्री की हार्टअटैक से मौत हो गई। परिजन बिना कार्रवाई के ही उसका शव अपने साथ ले गए।बताया गया कि आंध्र प्रदेश के कुछ लोग एक टुरिस्ट बस में सवार होकर बनारस भ्रमण कर अयोध्या में श्री राम लला के दर्शन के बाद उत्तराखंड के बद्रीनाथ व केदारनाथ की ओर जा रहे थे। शनिवार सुबह सात बजे तीर्थ यात्रियों की टूरिस्ट बस पुरैनी स्थित टोल प्लाजा के पास पहुंची तो यहां किसी काम से बस से उतरते समय आंध्र प्रदेश के सिक्काकुलम निवासी कोटनी बासुदेव राव (65) को हार्टअटैक आ गया। इससे उनकी मौत हो गई। अन्य यात्री अचेत अवस्था में कोटनी बासुदेव को उपचार के लिए सीएचसी लाए जहां डॉ. नवीन चौहान ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। तीर्थ यात्री की मौत से उसके परिजनों व अन्य तीर्थ यात्रियों में शोक व्याप्त हो गया। बाद में परिजन बिना कार्रवाई के ही शव को अपने गृहनगर ले गए।

### दो मैजिक वाहन कार से टकराए, कई लोग घायल

**स्योहारा, अमृत विचार :** शादी समारोह के बाद सामान भरकर ला रहे दो मैजिक वाहन सामने से आ रही कार से टकरा गए। हादसे में कई लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया कि शुक्रवार देर रात एक बजे मुरादाबाद-धामपुर रोड स्थित एक रिसोर्ट से शिवचरण निवासी मुबारकपुर गढ़ी मैजिक वाहन लेकर जा रहा था। जैसे ही गांव चंचलपुर के पास पहुंचे तो सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी। हादसे में वाहन सवार कुणाल निवासी मुबारकबाद गढ़ी, दीपक निवासी पुराना धामपुर, अभिषेक निवासी रायपुर, मोहित, दिल्यासु घायल हो गए। कार सवार मंजीत सक्सेना पुत्र राजेंद्र सक्सेना निवासी उबारी, जिला बदायूं सहित चार लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। उधर, रिसोर्ट के मालिक शिवचरण ने कार सवार के खिलाफ तहरीर दी है।

### शिक्षण संस्थानों में मिट्टी के पात्र बांटे

**किरतपुर, अमृत विचार :** अभा0विप की नगर इकाई ने नगर में पानी पिलाओ, पक्षी बचाओ अभियान चलाकर विद्यालयों में मिट्टी के पात्र वितरण किए। विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को पक्षियों के प्रति जागरूक किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई की ओर से शनिवार को अभियान चलाया गया। नगर के एलडीआर स्कूल, सर्वोदय विद्यालय, गुरुकुल कोचिंग संस्थान और लाइब्रेरी, एडवांस कोचिंग सेंटर आदि जगहों पर पात्रों का वितरण किया। नगर के विद्यालयों में मिट्टी के पात्र को वितरित कर छात्र-छात्राओं को पक्षियों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रवेश राजपूत, जतिन राजपूत, पंकज चौधरी, पीयूष शर्मा, गजेंद्र सिंह पाल, भावना राजपूत, प्रखर राजपूत व रूपांशु कुमार उपस्थित रहे।

### घर में घुसकर परिजनों पर हमला किया

**हापुड़, अमृत विचार :** गढ़मुक्तेश्वर नगर के मोहल्ला निवासी एक महिला ने बताया कि शुक्रवार को वह अपने घर पर काम कर रही थी। इस दौरान पड़ोसी युवक उसके घर में आ गया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ छेड़खानी की। पीड़िता ने शोर मचाया तो आरोपी ने उसके व उसके बच्चों के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। पीडिता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### शोरूम से बरामद कीं नकली जींस व पैंट

**संभल,अमृत विचार :** ब्रांडेड जींस का टैग लगाकर बाजार में नकली जींस बेची जा रही थी। कंपनी के अधिकारियों ने शोरूम से नकली जींस व पैंट बरामद की हैं। जींस -पैंट बनाने वाली कंपनी के अधिकारी शनिवार को कोतवाली पुलिस के साथ मोहल्ला नाला पर एक शोरूम पर पहुंचे। यहां कंपनी का टैग लगाकर नकली जींस व पैंट बेची जा रही थीं। दुकान से 540 नकली जींस पैंट कब्जे में ली गईं। एक युवक को भी हिरासत में लिया गया। नरोत्तम सराय में भी एक जींस बनाने के कारखाने पर कार्रवाई की गई। कोतवाल पवन कुमार ने कहा कि कंपनी के अधिकारी तहरीर दे रहे हैं। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जायेगी।

### दवा जलाने के प्रकरण की जांच की मांग

**नहटौर, अमृत विचार :** सरकारी अस्पताल में चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय के पीछे दवा जलाने के प्रकरण में अहम सबूत सामने आने के बाद भी जांच अधर में है। इसमें कुछ जिम्मेदार शामिल होने के संकेत मिल रहे हैं। बताया कि फार्मासिस्ट सहित तीन कर्मचारियों को सीएमओ कार्यालय से संबंद्ध किया गया है। किसान संगठनों ने इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की है। 12 मई को सरकारी अस्पताल में चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय के पीछे दवाई जलाने का वीडियो सोशल वायरल हुआ था। मामले की जांच एसीएमओ अनिल कुमार सिंह व आरपी विश्वकर्मा ने की। उन्होंने अपनी जांच रिपोर्ट सीएमओ को सौंप दी। इसमें षडयंत्र रचने व बाहरी तत्वों के होने की आशंका व्यक्त की गई। जांच रिपोर्ट के तथ्य सवालिया निशान उठा रहे है। जो दवाइयां जलाई गईं, वे पीएचसी के रैन बसेरे तक कैसी पहुंची और रैन बसेरे में दवा किसने रखवाई थी। इसका कोई भी जबाब देने को तैयार नहीं है। सफाई कर्मचारियों के ऊपर सब कुछ डाल दिया गया। भाकियू व सामाजिक संगठनो के लोगों ने इस प्रकरण की जांच अन्य विभाग के उच्च अधिकारियो से कराने की मांग की है।

# धान की पैदावार बढ़वाने पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को धान उत्पादन संगठनों, किसानों व कोर कमेटी, क्रेता-निर्यातकों का खरीफ कृषक वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम हुआ। इसमें जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने कहा कि संवाद का मकसद है, जनपद में उत्पादित बासमती धान का किसानों को अच्छा मूल्य मिले। इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से प्रगतिशील कृषकों, निर्यातकों, कोर कमेटी एवं क्रेता के साथ कृषि वैज्ञानिक और विशेषज्ञों के बीच संवाद कार्यक्रम कराया गया है।

उन्होंने कहा कि इस विशेषता को देखते हुए बासमती चावल के निर्यात होने से धान उत्पादकों को फसल का लाभकारी मूल्य भी प्राप्त हो सकेगा। सरकार की मंशा है कि उपज का बड़ा फायदा कृषकों को मिले। उन्होंने धान की पैदावार बढ़ाने के लिए कई पहलुओं पर मंथन किया। कृषि विशेषज्ञों एवं वैज्ञानिकों को बिंदुओं की तकनीकी जानकारी कृषकों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला बिजनौर को जैविक खेती एवं खेती को औद्योगिक के रूप में विकसित करने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए स्थानीय किसानों से आह्वान किया कि जैविक खेती के विकास के लिए आगे आएं। जिले में बासमती की अधिक पैदावार करने के लिए अग्रसर हो। जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि जिले में बासमती चावल की पैदावार बढ़ाने, जैविक खेती को विकसित करने में अपना योगदान दें। इस दौरान उप निदेशक कृषि गिरीश चन्द, जिला कृषि अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, निर्यातक, कृषि विशेषज्ञ और वैज्ञानिक मौजूद रहे।फोटो- संपा



बैठक में बासमती धान को लेकर चर्चा करते जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल।

- धान उत्पादक संगठनों, किसानों और वैज्ञानिकों के संवाद कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

# तीन दिन से लापता युवक का शव मिला, हत्या का आरोप

- सरुरपुर के निकट एक ढाबे के सामने की है घटना
- थाने पहुंचकर बहनोई ने की शव की शिनाख्त

संवाददाता, हापुड

**अमृत विचार :** गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र के गांव सरुरपुर के निकट एक ढाबे के सामने हाइवे किनारे मिले अज्ञात शव की शिनाख्त हो गई है। मृतक मेरठ का रहने वाला और मौत से तीन दिन पहले घर से लापता हुआ था। परिजन ने उसकी शिनाख्त करने के बाद हत्या की आशंका व्यक्त की है।

गांव सरुरपुर के ग्रामीण तीन दिन पहले जंगल से लेकर लौट रहे थे। इस दौरान गांव के निकट एक ढाबे के सामने दिल्ली-लखनऊ हाइवे किनारे युवक का शव देखा था। घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी थी।

शुक्रवार को सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव सिखेड़ा निवासी मनीष कुमार थाने पहुंचा और उसने अपने साले विशाल पिता जोगेंद्र निवासी गांव गावड़ी जिला मेरठ के लापता होने की तह रीर दी। सिंभावली पुलिस ने उससे एक शव गढ़ कोतवाली क्षेत्र में मिलने की बात कहीं तो वह गढ़ पहुंच गए। पुलिस ने उन्हें फोटोग्राफ दिखाए तो मनीष ने उसकी शिनाख्त अपने साले विशाल (26) के रूप में की। मनीष ने पुलिस को बताया कि उनका साला तीन दिन से घर से लापता था। परिजन उसको तलाश कर रहे थे। परिजन ने विशाल की हत्या होने की आशंका व्यक्त की है। सीओ आशुतोष शिवम ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद जांच कर परिजन की तहरीर पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# गैस सिलेंडर लीक, घर में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचारः** हयातनगर थाना क्षेत्र में खाना बनाते समय लीक गैस सिलेंडर की वजह से घर में आग लग गई। खाने पीने के सामान सहित अन्य घरेलू सामान जलकर बर्बाद हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस व फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और पानी डालकर आग को बुझाया।

थाना क्षेत्र के गांव नगला खोकर निवासी करन सिंह की 18 वर्षीय पुत्री कामिनी शनिवार रात गैस के चूल्हे पर खाना बना रही थी। अचानक से सिलेंडर से गैस लीक होने लगी और छप्पर में आग लग गई। आग लगती देखकर मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने करन सिंह के पशुओं को खोलकर बाहर निकाला और पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश करने लगे। सूचना मिलने पर पुलिस व फायर ब्रिगेड कर्मी मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसी तरह से सिलेंडर बाहर निकालकर आग को बुझाया। करन सिंह ने बताया कि आग लगने से खाने पीने व घरेलू सामान सहित लाखों रुपये का नुकसान हो गया।

### पर्स से चोरी किए रुपये

**अगवानपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के ग्राम प्रेमनगर निवासी भागीरथ के मकान में सोनी पत्नी नन्द किशोर किराए पर रहती है। उसी मकान में वेद प्रकाश विश्नोई भी परिवार के साथ रहता है। आरोप लगाया कि उसने पर्स से पांच हजार रुपये चोरी कर लिए। रुपये वापस मांगे तो आरोपी गाली देने लगा।

# मुरादाबाद की महिला को रोडवेज बस ने कुचला, मौत

संवाददाता, हापुड़

**अमृत विचार :** गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र के गांव अल्लाबख्शपुर स्थित ढाबे के बाहर बैठी महिला को रोडवेज की बस ने कुचल दिया। हादसे में महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया है।

मुरादाबाद में थाना सिविल लाइन क्षेत्र के चंदननगर निवासी माया सैनी (45) शुक्रवार देर रात रोडवेज बस से परिजन समेत अपने घर लौट रही थीं। इस दौरान जैसे ही गांव अल्लाबख्शपुर स्थित हाइवे किनारे रोडवेज के ढाबे पर पहुंची। इस दौरान महिला बस से उतरकर ढाबे के बाहर आकर बैठ गई। तभी वहां आई शाहजहांपुर डिपो की बस ने उसे कुचल दिया। मौके पर ही महिला की मौत हो गई। सीओ आशुतोष शिवम ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शव को पोस्टमार्टम को भेजकर बस को कब्जे में ले लिया है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
- एम.कॉम.
- एम.बी.ए.
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
श्री अतुल बाबू (7409998289)

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

# आनंद से भरी पूरी है सृष्टि

सत्य, शिव और सौंदर्य अस्तित्व का प्रसाद हैं। प्रसन्न होने के लिए यह सब पर्याप्त है। मनुष्य ने प्रत्यक्ष रूप में बड़ी उन्नति की है। भौतिक ज्ञान व्यापक हुआ है। विज्ञान के क्षेत्र में आश्चर्यजनक शोध हुए हैं। भारतीय दर्शन में आनंदमय चिंतन के शाश्वत सूत्र हैं। कला और सौंदर्यबोध भी शिखर पर हैं। सुख, स्वस्ति और आनंद भी अविरल प्रवाहमान हैं, लेकिन पश्चिम प्रेरित आधुनिकता ने जीवन को प्रतिस्पर्धी बनाया है। प्रतिस्पर्धी जीवन के प्रभाव में आनंद के स्रोत व्यक्ति को आश्वस्ति नहीं देते। प्रसन्न रहना और प्रसन्न होना सभी व्यक्तियों का मौलिक अधिकार है। प्रसन्नता सहज सुलभ है, लेकिन प्रसन्नता के सूचकांक में दुनिया के तमाम देशों की स्थिति चिंताजनक है। पश्चिम प्रेरित आधुनिकता में धन और भौतिक संसाधनों को संग्रह करने की प्रतिस्पर्धा है। व्यक्तिवाद बढ़ा है। सामाजिक उल्लास के लिए सामूहिक जीवन की आवश्यकता होती है। सामाजिक उल्लास की परम्परागत व्यवस्था का नाम उत्सव है। अकेला व्यक्ति प्रसन्न नहीं हो सकता। एकाकी व्यक्ति उत्सवों का आयोजन भी नहीं कर सकता। उत्सवों के आनंद घटे हैं।

जीवन में प्रसाद का अभाव है और अवसाद का प्रभाव। अवसाद वस्तुतः पराजित मानसिकता का परिणाम है। मित्रता सुख देती है। मित्र परस्पर सुख-दुख बांटते हैं,लेकिन मित्रता भी स्वार्थ निरपेक्ष नहीं है। एकाकी होने में दुख है। एकाकी अनुभव होने में और ज्यादा दुख है। बृहदारण्यक उपनिषद् में सृष्टि के विकास का सुंदर वर्णन है। ऋषि कहते हैं, ''पहले यह अकेला था। अकेले होने के कारण उसे आनंद नहीं मिला। उसे अकेले में आनंद नहीं आया।'' आकार में सबसे बड़ी बृहदारण्यक उपनिषद् शतपथ ब्राह्मण का एक हिस्सा है। इसका अध्ययन विचारोत्तेजक है। इसमें सृष्टि सृजन के सम्बंध में कहते हैं, ''पहले केवल आत्मा था। वह अकेला था-अहमस्मि। बताते हैं कि वह भयभीत हुआ। उसने चारों ओर देखा। दूसरा कोई नहीं था। दूसरा कोई नहीं तो डर कैसा। वह निर्भय हो गया।'' इसका संदेश सुस्पष्ट है। आत्मबोध निर्भय बनाता है। आगे बताते हैं, ''उस अकेले को आनंद नहीं आया-स वै नैव रैमे तस्मात् एकाकी न रमते।'' वैसे भी अकेले को



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

भारतीय सामाजिक जीवन में प्राचीन काल से ही ईश्वर, देवी, देवता जैसे प्रतीक हैं। आशावादी अपनी आस्तिकता के कारण अपने दुख और अवसाद से छुटकारा पाने के लिए देव शक्तियों पर विश्वास करते हैं। पश्चिम प्रेरित सभ्यता इसे अंधविश्वास कहती है, लेकिन ऐसे देव विश्वास मनुष्य शरीर की रासायनिक क्षमता को आशावादी बनाते हैं और विषाद प्रसाद में बदल जाता है।

आनंद नहीं आता। एक कोई और हो तो अच्छा लगता है। उसने एक और की इच्छा की। उसने स्वयं को विभाजित कर दिया। वह एक से दो हो गया। आत्मविश्वास का संकट भी अंतर्मन को आहत करता है। तनाव भी दुख के लिए उत्तरदायी है। अवसाद से अनेक बीमारियां भी बढ़ती हैं। इसका उल्टा भी होता है। लंबे समय की बीमारी भी अवसाद बढ़ाती है। अवसाद एक विशेष प्रकार की मनोदशा है। इस मनोदशा में स्वयं पर विश्वास नहीं रह जाता। आत्मविश्वास की कमी अवसाद को और भी बढ़ाती है। इसके प्रभाव की गंभीरता को देखते हुए 2021 में जापान में मिनिस्ट्री ऑफ लोनलिनेस मंत्रालय बनाया गया। इस मंत्रालय का उद्देश्य लोगों को अवसाद की दशा से मुक्त करना था, लेकिन इस सरकारी विभाग के द्वारा किए गए काम कोई परिणाम नहीं दे सके। दरअसल अवसाद जैसी खतरनाक मनोदशा को दूर करने के लिए सरकारी विभाग बना देना पर्याप्त नहीं है। निराशा विशेष प्रकार की मनोदशा है। आशा अभावग्रस्त व्यक्ति को भी दुखी नहीं होने देती। आशा का सीधा अर्थ है कि भविष्य में सब कुछ अच्छा ही होगा। आशा भविष्य पर विश्वास है। निराशा अपने कर्मों पर भी विश्वास नहीं करने देती। मनोचिकित्सकों के लिए यह एक बीमारी है। उनका कहना है कि मस्तिष्क का एक हिस्सा मनुष्य को अपनी सुरक्षा के लिए सावधान करता है और उसके निर्णय लेने की विधि को भी प्रभावित करता है। ऊंचाई से डर लगना या लिफ्ट में घबराहट का अनुभव करना दुख है। अवसाद की स्थिति में मस्तिष्क का यह हिस्सा व्यवस्थित काम नहीं करता। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत अवसाद के मरीजों के मामलों में अग्रणी देशों में है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

भारतीय सामाजिक जीवन में प्राचीन काल से ही ईश्वर, देवी, देवता जैसे प्रतीक हैं। आशावादी अपनी आस्तिकता के कारण अपने दुख और अवसाद से छुटकारा पाने के लिए देव शक्तियों पर विश्वास करते हैं। पश्चिम प्रेरित सभ्यता इसे अंधविश्वास कहती है, लेकिन ऐसे देव विश्वास मनुष्य शरीर की रासायनिक क्षमता को आशावादी बनाते हैं और विषाद प्रसाद में बदल जाता है। भारतीय दर्शन परंपरा में परम सत्ता को समूचे अस्तित्व के लिए कर्ता धर्ता बताया गया है। भारतीय संस्कृति में यथार्थवाद की अनेक धाराएं हैं।

चार्वाक मत न ईश्वरीय सत्ता मानता है और न पुनर्जन्म। उसकी घोषणा मजेदार है, ''जब तक जियो सुख से जियो। उधार लो और घी खाओ-यावत् जीवेत्, सुखम् जीवेत्। ऋणम् कृत्वा, घृतम् पीवेत्।'' इस देह और संसार के परे कुछ भी नहीं है। इसे नास्तिक दर्शन माना जाता है। लेकिन यह दर्शन सुख की गारंटी देता है। ऋग्वेद से लेकर समस्त वैदिक साहित्य में आनंद प्राप्ति का दर्शन है। मनुष्य निराशा में आनंदित नहीं होता और दुख में भी नहीं। जीवन दृष्टि को आनंदमार्गी बनाना जरूरी है। आशा में आश्चर्यजनक ऊर्जा होती है। छान्दोग्य उपनिषद की कथा के अनुसार सम्पूर्ण वैदिक साहित्य और भौतिक विज्ञान की सभी शाखाएं पढ़ लेने के बाद भी नारद अशांत थे। वे उस समय के प्रतिष्ठित विद्वान सनत् कुमार के पास गए। सनत् कुमार ने उनके द्वारा पढ़ी सम्पूर्ण विद्या को अपर्याप्त बताया है और कहा कि आशा में बल है। इसमें सुख है। नारद ने पूछा, यह सुख क्या है? सनत् कुमार ने बताया, ''जो पूर्ण है, वही सुख है। जो अपूर्ण है वही दुख है।'' ऋषि ने अन्य उपनिषद में पूर्ण का अस्तित्व समझाते हुए कहा है, ''यह पूर्ण है। वह पूर्ण है। उस पूर्ण से यह पूर्ण प्रकट हुआ है। पूर्ण से पूर्ण घटाओ तो पूर्ण ही बचता है।'' पूर्णता पूर्ण अनुभूति देती है। ब्रह्म पूर्ण है। ब्रह्मविद ब्रह्म अनुभूति पाते हैं। ब्रह्म अनुभूति में ब्रह्मानंद है।

सृष्टि आनंद से भरी पूरी है। देखने की सकारात्मक दृष्टि होनी चाहिए। नदी तट पर खड़े होकर जल प्रवाह देखना आनंद है। नदी की लहरों का नाद संगीत सुनना आनंद है। आकाश में चमकते तारों को प्रीतिपूर्ण ढंग से देखना भी आनंद है। वायु का स्पर्श आनंददायी है। मित्र का साथ विशेष आनंददाता है। विद्वान आचार्य के पास बैठना आनंद है। गीत या कविता सुनना आनंद है। संगीत के सात सुरों को ध्यान से सुनना भी आनंददायी है। कलाओं का दर्शन आनंददाता है। प्रकृति बहुरुपिया है। सर्वत्र रूप ही रूप हैं। पेड़ों पर बैठे चहकते गीत गाते पक्षियों को देखना सुनना आनंद है। पक्षियों के छोटे बच्चों को सहलाना विशेष आनंद है। बच्चे बिल्ली के हों या कुत्तों के अथवा अन्य किसी जानवर के, उनको सहलाना, उनके प्राकृतिक व्यवहार को ध्यान से देखना भी आनंद है। सूरज उगने से पहले लालिमा से भरी पूरी ऊषा को देखना विशेष आनंद है। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त करना भी आनंद है। स्वयं को प्रकृति सृष्टि का अविभाज्य अंग जानना भी आनंद है। प्रकृति में यत्र तत्र सर्वत्र आनंद के प्रोत्साहक रूप हैं। उन्हें देखना सुनना भी आनंद है। आनंद रस आपूरित जीवन दृष्टि में समूचा ब्रह्माण्ड आनंद से भरा पूरा छलकता अमृतघट होता है। यह सहज सुलभ है। तब विषाद की कोई स्थिति नहीं होती। आनंदमयता में जीवन प्रसाद से भर जाता है।

# अफसर साहित्यकार और हिंदी जगत

आजकल अफसर लेखक को हिन्दी साहित्य वाले बहुत सम्मान देते हैं। अफसर लेखक की भूमिका को वे गंभीरता से विश्लेषित नहीं करते, जन सरोकारों के संदर्भ में उसकी भूमिका को खोलकर नहीं देखते। उसे सिर्फ संसाधनों के संदर्भ में देखते हैं। इसने साहित्य के जन सरोकारों को प्रदूषित किया है,संघर्षशील कतारों को कमजोर किया है।

एक जमाना था हिन्दी में जन सरोकारों से जुड़े साहित्यकार महत्वपूर्ण माने गए, बाद में ऐसा दौर आया कि अफसर साहित्यकार ही साहित्य के सितारे बन गए। आज साहित्यकारों में अफसर साहित्यकारों के इर्द-गिर्द जमघट रहता है, ये अफसर साहित्यकार साहित्य को कुछ नहीं दे पाए हैं। हां, एक काम जरूर हुआ है कि साहित्यकार में अफसरों की आदतें आ गई हैं। साहित्यकारों में वे सारी तिकड़में आ गई हैं, जो अफसर में होती हैं। तिकड़मी और ऊपर के कनेक्शन वाला मजेदार साहित्यकार पैदा हुआ है, जो साहित्य में मजे ले रहा है और साहित्य को मजमे की तरह इस्तेमाल करके विनिमय कर रहा है। अफसर साहित्यकारों के पास एक अच्छी खासी जमात सरकारी तंत्र और राजनेताओं की है। इसने साहित्य को सत्ता के तंत्र का पुर्जा बनाकर रख दिया है। सवाल यह है कि साहित्यकार की भूमिका को समग्रता में देखें या अंश में देखें? कहां से देखें?

साहित्यकार को समग्रता में देखना सही होगा। इससे साहित्य में आए अफसरों और प्रशासनिक अधिकारियों, कुलपति, कुलाधिपति आदि की बीमारियों से साहित्य को बचाने में मदद मिलेगी। एक जमाना था लेखक हुआ करता था। बाद में कार्यकर्ता लेखक आया,लेकिन इसके बाद अफसर लेखक ने साहित्य के क्षितिज को अपने कब्जे में ले लिया है। अफसर लेखक आज महान लेखक है। यह वह व्यक्ति है जिसके सामाजिक सरोकार सत्ता से अभिन्न रूप से जुड़े हैं और यह अपनी संगत, शोहरत, संपर्क आदि के जरिए साहित्य जगत को प्रभावित कर रहा है। इसे साहित्य में करप्शन का गोमुख भी कह सकते हैं। साहित्य की प्रतिवादी भूमिका, नागरिक की प्रतिवादी भूमिका आदि को विकृत करने में अफसर साहित्यकार की विगत 60 सालों में महत्वपूर्ण भूमिका रही है।



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

हिंदी जगत का एक अन्य पहलू है। यहां पाखंडी किस्म के अ-लेखक बहुत हैं। ये लिखते नहीं हैं, साहित्यकारों की गप्पें ज्यादा हांकते हैं।

नामी लेखकों की चाटुकारिता करना, उनकी आवभगत करना और उनसे संपर्क रखना। इस तरह के अ-लेखकीय प्राणी अमूमन कॉलेज -विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग में पाए जाते हैं। ये साहित्य के गप्पी हैं, इनकी न तो पढ़ने में रूचि है और न संसार को जानने में रूचि है। वे तो साहित्य में लंबी हांकने में माहिर हैं।

सोशल मीडिया पर हिंदी में फैशनेबुल नॉनसेंस लिखने वालों की अच्छी खासी संख्या है। इसके दायरे में सतही लेखन, अप्रासंगिक कृत्रिम रूप में अवधारणाओं का प्रयोग और उन पर हमला, अर्थहीन शब्दों का प्रयोग आदि आते हैं। इसमें वे लोग शामिल हैं, जो शब्दों को मेनिपुलेट करने में माहिर हैं और विज्ञानसम्मत चीजों तथा पदबंधों का निषेध करते हैं। इसमें वह लेखन भी शामिल हैं, जो ज्योतिष, अंधविश्वास और बहुलतावाद का निषेध करता है। इस तरह का लेखन सोशल मीडिया के सामान्य चिंताधारा वाले मित्रों को अपील करता है और उत्तेजित करता है। मजेदार बात यह है कि हिन्दी के अधिकांश लेखक गुदड़ी के लाल होने के गुमान में रहते हैं।

# तीर्थ स्थलों को न बनाएं पर्यटन का अड्डा

तेईस हजार फीट की ऊंचाई पर एक तरफ बर्फ से ढकी चोटियां साफ दिखाई देती हैं तो दूसरी ओर नंगी पठारी शिखर श्रेणियां छाती ताने खड़ी रहती हैं। हिमशिखरों से समय-समय पर हिमनद का हिस्सा टूटा रहता है। काले कबरे पहाड़ों से पत्थर गिरते हैं। इस बीच नागिन की तरह बलखाती पगडंडी पर होता है, एक आम आदमी। मंदाकिनी के तट पर स्थित पवित्र केदारनाथ धाम के मार्ग का कोई यात्री यही वर्णन कर सकता है, लेकिन केदारनाथ की यात्रा अब पहले जैसी नहीं रही।

पहले इस यात्रा में केवल बड़े-बुजुर्ग लोग ही जाया करते थे और तब जब कोई बुजुर्ग चार धाम की यात्रा पर निकलता था तो सारा गांव मिलकर उन्हें विदा करता था। लोग आशीर्वाद लेते थे। गांव के सभी लोग अपने घरों से भेंट (पैसा) लाकर उन्हें देते और कहते थे कि लौट के आओ तो उन्हें मंदिर का प्रसाद अवश्य दें। तब यात्रा श्रद्धा, विश्वास और मर्यादा से जुड़ी थी। यात्रा के दौरान यात्री इस बात का ध्यान रखते थे कि उनसे कोई भूल न हो, कोई अपराध न हो, लेकिन आज अधिकतर यात्रियों में न श्रृद्धा है और न ही विश्वास। यदि श्रद्धा होती तो शिव के धाम को रील बनाने और नाचने की जगह न बनाते। यदि विश्वास होता तो जानते की हर तीर्थ स्थल की कुछ अपनी मर्यादाएं होती हैं जिनका स्वतः पालन करना जरूरी है। आज से ढाई तीन दशक पहले तक हिंदू जनमानस में बद्री-केदार की यात्रा जीवन की अंतिम यात्रा मानी जाती थी। यह गृहस्थ धर्म निभा लेने के बाद कि वो यात्रा थी कि मृत्यु भी हो जाए तो मोक्ष की प्राप्ति हो, पर आज जो लोग महज घुम्मकड़ी तथा वीडियो और रील बनाकर अपने



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

मैदान में ऐसा माना जाता है कि इन महीनो में पहाड़ पर बहुत ठंड पड़ती है,लेकिन ऐसा कुछ नहीं होता उस समय मौसम पूरी तरह से साफ रहता है और ठंड भी ज्यादा नहीं होती है।



लाइक्स और कमेंट्स बढ़ाने के लिए यात्रा कर रहे हैं,वे उन यात्रियों के लिए भी परेशानी का सबब बनते हैं, जो सच में श्रद्धा भाव के साथ दर्शन को निकले हैं।

केदारनाथ जाने वाले सभी यात्रियों को तीर्थाटन और पर्यटन के अंतर को समझना चाहिए। यह कोई पर्यटन स्थल नहीं है और न ही कोई पिकनिक स्पॉट कि आप वहां ढोल-नगाड़ों के साथ पहुंच जाए जोर-जोर से वाद्य यंत्र बजाकर मंदिर परिसर में नृत्य करने लगे। केदारनाथ करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। हिमालय की इस अलौकिक भूमि पर तपस्वी और साधक अखंड शांति के लिए ध्यान लगाते हैं। इसलिए यहां पर किसी भी प्रकार का शोर करना सांस्कृतिक और पारंपरिक मान्यताओं पर अतिक्रमण है। साथ ही यह वाइल्ड लाइफ सेंचुरी के नजदीक होने के कारण भी मान्य नहीं है। इसे ध्वनि प्रदूषण के लिहाज से भी देखा जाना चाहिए। केदारनाथ के कपाट खुलते ही जितनी भीड़ इस बार पहुंची इतनी शायद ही पहले कभी रही होगी। अब सवाल यह उठता है कि लोग मई-जून के महीने में ही यहां क्यों आना चाहते हैं, जबकि यहां वर्ष के बाकी दिनों में मौसम ज्यादा अच्छा रहता है। जाने क्यों लोगों में यह धारणा बैठ गई है कि इन धामों की यात्रा गर्मियों में ही की जानी चाहिए। इसके चलते यात्रियों का सारा दबाव मई से लेकर जुलाई तक रहता है, जबकि देखा जाए तो यात्रा के लिए सितंबर-अक्टूबर से बेहतर कोई और वक्त नहीं है।

मैदान में ऐसा माना जाता है कि इन महीनो में पहाड़ पर बहुत ठंड पड़ती है, लेकिन ऐसा कुछ नहीं होता उस समय मौसम पूरी तरह से साफ रहता है और ठंड भी ज्यादा नहीं होती है। पहाड़ का होने के नाते मेरी यही सलाह है कि यदि आपने इन्हीं दिनों आने की जिद न पाली हुई हो तो आप अपनी यात्रा को सितंबर-अक्टूबर तक टाल दीजिए। आज की तुलना में उन महीना में आपकी यात्रा कम खर्चीली, ज्यादा सुविधावाली और पर्याप्त मानसिक सुकून देने वाली होगी। एक सवाल यह भी है कि केदारनाथ की यात्रा को पिकनिक के रूप में लेने, शॉर्ट वीडियो और रील बनाने की यात्रा समझने वाले कितने लोगों को केदारनाथ का असल महात्म्य पता है। भगवान शिव के 11 ज्योतिर्लिंग के रूप में प्रसिद्ध केदारनाथ को स्कंद पुराण और शिव पुराण में केदारेश्वर भी कहा गया है। मान्यता है कि महाभारत युद्ध के बाद पांडव गोत्र वध पाप से मुक्ति के लिए भगवान शिव के दर्शन हेतु यहां आए थे। पांडवों की परीक्षा देने के लिए भगवान शिव ने महिष का रूप धारण किया, लेकिन पांडवों ने उन्हें पहचान लिया।

पांडवों के छूते ही भगवान का महिष रूप पांच भागों में विखंडित हो गया। खंडित शरीर के भाग जहां-जहां गिरे वे सभी पंच केदार तीर्थ के रूप में प्रतिष्ठित हुए। कहते हैं केदारनाथ में शरीर का पृष्ठ भाग गिरा। यहां मंदिर के गर्भगृह में शिवलिंग न होकर एक टेढ़ी चट्टान के रूप में स्थित प्रस्तर प्रतिमा की पूजा अर्चना की जाती है। उच्च हिमालय पहाड़ी पर स्थित केदारनाथ भूकंपीय दृष्टि से एक अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र है। यहां होने वाली कोई भी गतिविधि यहां के पारिस्थितिक तंत्र और जैव विविधता को प्रभावित करती है। हमें 2013 की आपदा को नहीं भूलना चाहिए जब मुख्य मंदिर को छोड़कर पूरे परिसर को नुकसान पहुंचा था। मुख्य मंदिर के पीछे स्थित अन्य सभी छोटे मंदिर और शंकराचार्य का समाधि स्थल पूरी तरह से मलबे में दब गया था। ईश्वर करें ऐसी आपदा दोबारा न आए। इसके इसके लिए सरकार और स्थानीय प्रशासन को कुछ कड़े नियम बनाने होंगे। सरकार ने ऐसा किया भी है, लेकिन अधिक जिम्मेदारी उन लोगों की है,जो यहां पहुंचते हैं।

# मतदान के लिए जागरुकता बनाम लोलुपता

लोकसभा चुनाव में अपेक्षित मतदान नहीं होने से लोकतंत्र की मजबूती के हिमायती लोगों में चिंता है। कोशिश यही होती रहती है कि मतदान पिछले चुनाव से अधिक हो। मतदान बढ़ाने के लिए शासकीय और गैर शासकीय प्रयास लगातार किए जाते रहते हैं। वैसे भी आधुनिक संचार क्रांति के दौर में जब अधिकांश लोगों के हाथों में चलती, फिरती और घूमती दुनिया के रूप में एंड्रायड फोन (मोबाइल) है तब तो मतदान का प्रतिशत स्वतः ही बढ़ना चाहिए, लेकिन अभी भी मतदान की महत्ता बतानी पड़ रही है। यह कोई सुखद स्थिति नहीं कही जा सकती।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

इस बीच मतदान बढ़ाने के लिए कामर्शियल फर्म्स, कंपनियों तथा दुकानदारों द्वारा मतदान करने के बाद विशेष छूट की घोषणा की जा रही है। उंगली पर निशान दिखाने पर इस तरह के व्यापारी अपने उत्पाद में छूट देने का प्रचार कर रहे हैं। इस छूट के पीछे क्या मतदान बढ़ाने का उद्देश्य है या ग्राहक तलाश की कोशिश है, यह स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता,लेकिन दौराने चुनाव मंचों से मुफ्त सामग्री देने की राजनीतिक दलों की घोषणा के बाद मतदान के लिए इस तरह का ऑफर प्रथम दृष्ट्या प्रलोभन ज्यादा लग रहा है। कहीं-कहीं प्रशासन ने अपने खर्च पर वोट दिलाने का काम किया।

किसी एक को हवाई जहाज के टिकट की व्यवस्था भी की बात सामने आई। इस तरह की व्यवस्था की जाने लगेगी तब इसका भविष्य पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। फिर तो वोट के लिए बहुतेरे मुफ्त हवाई यात्रा का ख्वाब पालने लग जाएंगे। इस पर गहराई से चिंतन किया जाना चाहिए तथा चुनाव आयोग को मतदान के लिए किस तरह की सुविधा दी जाए, यह भी स्पष्ट नियम बनाना चाहिए। अन्यथा इस तरह के प्रलोभनों की आड़ में प्रत्याशी भी यदि लग जाएंगे तो फिर आदर्श आचार संहिता का क्षरण भी होने लग सकता है।

# याद आई ठुकाई

हमारी शिक्षा-दीक्षा का प्रारंभ एक मिशनरी स्कूल से हुआ था। क्रिसमस डे को हम बरसों तक 'बड़े दिन' की छुट्टी के तौर पर मनाते रहे। खूब केक खाया और ढेर सारी छुट्टियों में ठंड के बावजूद खूब मस्ती लूटी। बाद में उस मिशन स्कूल ने हमारा नाम काट दिया।

दरअसल हमारी अंग्रेजी बहुत कमजोर थी और मैथ भी और ये अभी तक कमजोर है। अब वो बात दूसरी थी कि मां अपनी पड़ोसनों को स्पष्टीकरण देती रही कि हमने खुद ही नाम कटा दिया है। हम भी अपने सखाओं से यही कहते रहे। पिताजी जी ने हमारा दाखिला हिंदी मीडियम के सरकारी जनता स्कूल में लिखवा दिया, जहां सारे त्योहार बड़े जोश-खरोश से मनाए जाते थे। छुट्टियां भी खूब मिलती थीं, लेकिन पिटाई भी जम कर हुई। याद आता है कि पीटी वाले मास्टर जी मुर्गा भी बनाते थे। मैथ वाले मास्टर जी को पीठ पर मुक्का ठोंकने में बहुत आनंद मिलता था। उनके सामने हम लोग बिना कहे पीठ करके खड़े हो जाते थे।



वीर विनोद छाबड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

अंग्रेजी वाले मास्टर साहब के सामने हम हथेली खोल खड़े हो जाते, मार लो जितनी छड़ी मारनी है। यानी यूं समझिए कि कक्षा नौ तक मास्टरों ने हमें लेफ्ट-राइट इतना ठोका कि इतना तो घर वालों और बलशाली सखाओं ने भी मिलाकर नहीं ठोका होगा। ठुकाई करने वाले मास्टरों के बारे में हमारा धारणा ये था कि ये भी अपने छात्र जीवन में खूब ठुके होंगे तभी तो हम लोगों से बदला ले रहे हैं। आज एक मास्टर जी जैसी शक्ल वाला दिखा तो याद आई ठुकाई।

# राष्ट्र की उन्नति के लिए आवश्यक है सामाजिक एकीकरण

राष्ट्रीय एकीकरण भारतीय समाज के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है, क्योंकि भारत विभिन्नताओं का देश है और स्वतंत्रता के 77 वर्ष बाद भी भारत में राष्ट्रीय एकीकरण की समस्या निरंतर बनी हुई है। विभिन्न धर्म, मत, पंथ, संप्रदायों के लोग भारत में रहने के बावजूद भी अपनी अलग संस्कृति एवं अलग-अलग नियम, विधि-विधान के अनुसार कार्य एवं व्यवहार करते हैं जिससे भारत की अखंडता को हानि पहुंच रही है। हालांकि कहने के लिए भारत विभिन्नताओं में एकता का देश है और यही विभिन्नता में एकता भारत को विश्व के समस्त राष्ट्रों में अलग पहचान दिलाती है। कहा जाता है कि भारत इंद्रधनुष के सतरंगी रंगों के समान है।

यहां पर विभिन्न धर्म, संप्रदाय, जाति एवं जनजाति के लोग निवास करते हैं और सभी की अपनी विभिन्न प्रकार की बोली, भाषाएं, रीति-रिवाज और परंपराएं हैं जिसके कारण लोगों में जातिवाद, भाषावाद, क्षेत्रवाद, प्रांतीयता, सांप्रदायिकता, विषमता आदि असमानताएं देखने को मिलती हैं, जो कहीं न कहीं भारत के एकीकरण में बाधा बनकर विकराल समस्या उत्पन्न कर रही है। विभिन्न राजनीतिक दल अपने-अपने स्वार्थ पूर्ति के कारण भी राष्ट्र को एकता के सूत्र में बांधने में बहुत बड़ी समस्या उत्पन्न करते हैं, जिन्होंने अपने स्वार्थ के कारण भारतीय समाज



डॉ. अंजू सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर,बरेली

राष्ट्रीयता या राष्ट्रीय एकीकरण किसी भूगोल या राजनीति की उपज नहीं है,बल्कि शक्तिशाली और समृद्ध बनने के लिए राष्ट्रीयता को नागरिकों के मस्तिष्क में एक ठोस आधार प्राप्त होना चाहिए।

को अलग-अलग जाति और धर्म के स्वार्थ के रूप में विभाजित कर रखा है, जो भारत के राष्ट्रीय एकीकरण में घातक साबित हो रहा है। समय रहते राष्ट्रीय एकीकरण की समस्याओं को दूर करना आवश्यक है जिससे भारत का विकास सुचारू रूप से हो सके। एक समाज या राष्ट्र का निर्माण अनेक परिवारों, समूह, समितियों, संस्थाओं, समुदायों (यहां तक की विभिन्न भूखंडों जिनमें समाज के सदस्य निवास करते हैं) के द्वारा होता है।

इस समाज में अनेक धर्म, जाति, मत, पंथ, संप्रदाय आदि के लोग भी निवास करते हैं और उन लोगों में अपनी भाषा, धर्म और क्षेत्र आदि को लेकर विभिन्न प्रकार की विभिन्नताएं पाई जाती हैं। जिस प्रकार वह सभी लोग एक राष्ट्र में रह रहे हैं तो उनके धर्म, विचार, भाषाएं भी एक ही होनी चाहिए, परंतु ऐसा नहीं है और यही राष्ट्रीय एकीकरण के लिए समस्या उत्पन्न कर रहे हैं। इतनी विभिन्नताओं के बावजूद राष्ट्रीय एकता बनाए रखने एवं विभिन्न प्रजाति, धार्मिक, भाषा-भाषी, भौगोलिक समूहों को एक सूत्र में बंधे रहने की स्थिति को ही राष्ट्रीय एकीकरण कहते हैं। राष्ट्रीय एकीकरण विभिन्नताओं के बीच में समाज के लोगों में एक होने की दृढ़ भावना की अभिव्यक्ति है ताकि उनमें राष्ट्रीयता की भावना पनप सके और वह स्वयं की सामान्य सामाजिक, सांस्कृतिक व राजनीतिक जीवन में सक्रिय हिस्सेदारी समझ सके। राष्ट्रीय एकता या एकीकरण विभिन्नताओं के बीच एकता के सूत्र को ढूंढने और इस सूत्र में जन-जीवन को पिरोने की प्रक्रिया है।

राष्ट्रीयता या राष्ट्रीय एकीकरण किसी भूगोल या राजनीति की उपज नहीं है, बल्कि शक्तिशाली और समृद्ध बनने के लिए राष्ट्रीयता को नागरिकों के मस्तिष्क में एक ठोस आधार प्राप्त होना चाहिए। एक प्रजातंत्र में केवल प्रजा के होने से ही काम नहीं चलता, बल्कि समाज के सदस्यों को नागरिक भी बनना होगा और नागरिकता केवल तभी संभव है जब प्रत्येक व्यक्ति यह अनुभव करे कि उसकी राष्ट्र के एकीकरण के लिए महत्वपूर्ण भूमिका है और वह राष्ट्र का अभिन्न हिस्सा है। इससे राष्ट्रीय एकीकरण में सहायता प्राप्त होगी और भारत के निवासियों में सद्भावना का भाव उत्पन्न होगा। राष्ट्रीय एकीकरण की आवश्यकता राष्ट्र की एकता अखंडता और व्यवस्था को बनाए रखने के लिए अत्यधिक आवश्यक है। राष्ट्र के प्रति, संपूर्ण समाज के प्रति नागरिकों के कर्तव्य एवं उन कर्तव्यों का निर्वहन करने की प्रेरणा देने के लिए भी राष्ट्रीय एकीकरण की महती आवश्यकता है। सोशल मीडिया ने भी राष्ट्रीय एकीकरण को बहुत क्षति पहुंचाई है। सोशल मीडिया के माध्यम से छोटी सी न्यूज को बड़ा मुद्दा बनाकर सांप्रदायिकता के रूप में परिवर्तित कर दिया जाता है, जो राष्ट्र के लिए घातक सिद्ध हो रहा है।

आज मीडिया राष्ट्रीय एकीकरण में बाधा बन रही है। भारत के विभिन्न प्रदेशों या क्षेत्रों में रहने वाले लोगों में परस्पर विरोध, तनाव एवं संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। उसे दूर करने के लिए भी राष्ट्रीय एकीकरण की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। देश में सांप्रदायिक एकता का वातावरण उत्पन्न करने के लिए राष्ट्रीय एकीकरण अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकता है। लोगों को एक-दूसरे की भाषा से प्रेम करने की भावना को प्रोत्साहित किया जाए। इसीलिए किसी भी भाषा और धर्म के प्रति सम्मान और सद्भावपूर्ण व्यवहार राष्ट्रीय एकीकरण के लिए सहायक सिद्ध होगा।

# परिवर्तन की उम्मीद

यह बात करीब नौ महीने पहले की है। इंफोसिस के फाउंडर नारायण मूर्ति ने एक बयान दिया था कि कर्मचारियों को सप्ताह में 70 घंटे काम करना चाहिए। इसके ठीक विपरीत अंग्रेजी के एक राष्ट्रीय अखबार ने छापा है कि कंपनियां प्रतिभा को बनाए रखने के लिए चार दिवसीय कार्य सप्ताह, कौशल और मानसिक कल्याण की शुरुआत कर रही हैं। यह अब कर्मचारियों के लिए सिर्फ पैसे के बारे में नहीं है।

यह बहुत समय पहले की बात नहीं है जब आदर्श कार्यस्थल वह हुआ करता था, जो प्रतिस्पर्धी वेतन प्रदान करता हो। युवा सहस्त्राब्दी और जेन जेड कर्मचारियों (जेन जेड वो है, जो 1997 से 2012 के मध्य पैदा हुए) का बढ़ता अनुपात अब वित्तीय सुख-सुविधाओं से परे दिखता है। यह अधिक समग्र कार्य जीवन की मांग करता है, जो उन्हें अन्य गतिविधियों का आनंद लेने और काम पर सीखने का मौका दे। पिछले चार वर्षों में, कार्यस्थल में महामारी के कारण आवश्यक बड़े बदलाव देखे गए हैं जिसने वर्क फ्रॉम होम को आदर्श बना दिया है। इन परिवर्तनों ने अधिकांश भारतीय कंपनियों में भर्तीकर्ताओं को नीतियों में बदलाव करने के लिए मजबूर कर दिया है, क्योंकि वे युवा कर्मचारियों की महत्वाकांक्षाओं से मेल खाते हैं और प्रतिभा को बनाए रखते हैं।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

एक बार इसे पश्चिमी अवधारणाओं, हाइब्रिड कार्य, एक अधिक समावेशी और न्यायसंगत कार्य संस्कृति और अधिक महत्वपूर्ण रूप से देखा जाता है। तकनीकी प्रगति (जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग) के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए कर्मचारियों को बेहतर कौशल प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है और नेतृत्व पाठ्यक्रम अब एचआर प्रतिभा खोज मॉड्यूल का एक अभिन्न अंग बन रहे हैं। ऐसे में देश में निजी क्षेत्र में काम करने की स्थिति में परिवर्तन की उम्मीद महसूस होने लगी है। आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के प्रभावी होने में वैसे अभी कुछ समय हैं, लेकिन यह सिर पर खड़ी है। इसके आते ही कपनियों में काम काज अप्रत्याशित रूप से बदलने वाला है।

# गोशाला में चहारदीवारी व टिनशेड बनेगा

## जिलाधिकारी ने रम्पुरा, सिरसा ठाठ गोशालाओं का निरीक्षण

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी ने गोशाला का औचक निरीक्षण कर 70 मीटर चहारदीवारी एवं टिन शेड के शेष हिस्से का शीघ्र निर्माण पूरा कराने के निर्देश खंड विकास अधिकारी को दिए।

जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने स्थानीय अधिकारियों के साथ गोशाला रम्पुरा एवं सिरसा ठाठ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को गोशाला रम्पुरा एवं सिरसा ठाठ में गोवंशों के लिए भूसा, दाना, हरा चारा पेयजल आदि की पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था दुरुस्त मिली। दोनों गोशालाओं में क्षेत्र पंचायत निधि से निर्मित टिन शेड के शेष हिस्से का शीघ्र निर्माण कराने के निर्देश खंड विकास अधिकारी छजलैट को दिए।

इसके साथ ही उन्होंने नोडल अधिकारियों को गोशाला से संबंधित ग्राम पंचायत में चारे के लिए चिह्नित ग्राम समाज की भूमि पर हरे चारा की बोआई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सिरसा ठाठ की गोशाला में निर्माण के दौरान शेष 70 मीटर चहारदीवारी का शीघ्र निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गोवंश पशुओं को गोशालाओं में पर्याप्त सुविधा इसी तरह उपलब्ध रहें। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने गोवंश के पीने के लिए पानी भी देखा। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी छजलैट, नायब तहसीलदार पीयूष कुमार सहित संबंधित विभागों के स्थानीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।


गोशाला का निरीक्षण करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

**जांच**
- जिलाधिकारी को गोशाला में पर्याप्त चारा और भूसा मिला
- 70 मीटर चहारदीवारी एवं टिन शेड पूरा कराने के निर्देश

### लापरवाही पर लेखपाल से मांगा स्पष्टीकरण

**बिलारी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम हाजीपुर में तैनात लेखपाल से गोशाला के कार्य में लापरवाही को लेकर एसडीएम ने लेखपाल से स्पष्टीकरण मांगा है। स्पष्टीकरण न देने पर एक पक्षीय कार्रवाई की चेतावनी दी है। हाजीपुर क्षेत्र के लेखपाल रोहित चौहान को पत्र देकर कहा है कि उनके द्वारा गोशाला के कामों में लापरवाही बरती गई। ग्राम समाज की श्रेणी 5 व 6 की भूमि पर हरे चारे की बोआई नहीं कराई गई। इसके अलावा गोशालाओं में हरे चारे की आपूर्ति भी नहीं की गई। वहीं, किसानों से दान में मिले एक-एक क्विंटल भूसा एकत्र करने के कार्य में भी कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। न ही भूसा एकत्र करके उसकी रसीद उपलब्ध कराई गई। मामले को गंभीर मानते हुए एसडीएम मणि अरोड़ा ने लेखपाल को नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा है।

### मेला देखने गए युवक से मारपीट, चार पर रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** उर्स का मेला देखने गए युवक से कई युवकों ने गाली गलौज की। जब उसने विरोध किया तो उसे मारपीट कर घायल कर दिया। मेले में मौजूद लोगों ने किसी तरह उसे बचाया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव बंकावाला निवासी नितिन पाल ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि वह अपने चचेरे भाई के साथ उर्स का मेला देखने गया था। इस दौरान वह दोनों मेले में गन्ने का जूस पी रहे थे। तभी पीछे से गांव के ही सुमित पुत्र रामकरन, लक्की पुत्र जितेन्द्र सिंह, कन्नू उर्फ सुशान्त पुत्र ब्राह्मपाल, ओमकार पुत्र बलवीर सिंह ने उससे गाली गलौज शुरू कर दी। जब उसने विरोध किया तो उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जब चचेरे भाई ने उसे बचाने का प्रयास किया तो उसे भी पीटकर घायल कर दिया। मेले में लोगों के ललकारने पर सभी आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की थी। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### 28 से होंगी श्री गोविंद डिग्री कॉलेज में प्रयोगात्मक परीक्षाएं

**बिलारी, अमृत विचार :** श्री गोविंद डिग्री कॉलेज तेवर खास में प्रयोगात्मक परीक्षाएं 28 मई से होंगी। बीएससी सेकंड सेमेस्टर, बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर एवं बीएससी छठे सेमेस्टर और फिजिक्स की 28 मई को, बीएससी दूसरा सेमेस्टर, बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर एवं बीएससी छठे सेमेस्टर और जूलॉजी की 29 मई को, बीएससी दूसरा सेमेस्टर, बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर एवं बीएससी छठे सेमेस्टर की बॉटनी की 30 मई सुबह 9:30 बजे से प्रयोगात्मक परीक्षाएं होंगी। इस दौरान सभी छात्र-छात्राएं प्रवेश पत्र और फाइल साथ लेकर विद्यालय पहुंचें। यह जानकारी श्री गोविंद डिग्री कॉलेज तेवर खास के प्रचार्य डॉ. सीडी शुक्ला ने दी।

### डिबेट में सजल राघव को मिला प्रथम स्थान

**बिलारी, अमृत विचार :** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि सेवा केंद्र बिलारी से सात बच्चों ने प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया था। जिसमें डिबेट में सजल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शनिवार को ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि माउंट आबू राजस्थान में चल रहे समर किड्स कार्निवल में भारत के अलावा अन्य देशों से भी बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। गाइड चंद्रपाल सिंह यादव ने बताया कि वाद-विवाद प्रतियोगिता में बिलारी से सजल राघव ने भाग लिया था। वाद विवाद प्रतियोगिता में सजल ने 100 में 100 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।



### आज भी जमा होगा बिजली का बिल

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर में विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधा को देखते हुए उप खंड अधिकारी ने बताया कि जो उपभोक्ता अपना बिल कार्य दिवस में नहीं जमा कर पाए हैं। वह रविवार को बिल विद्युत उपखंड में जमा कर सकते हैं। रविवार को विद्युत विभाग के कैश काउंटर सुबह 9 बजे से लेकर दोपहर 3 बजे तक खुले रहेंगे।

### शांतिभंग की आशंका में चार आरोपी गिरफ्तार

**कांठ, अमृत विचार :** थाना कांठ पुलिस ने शांति भंग की आशंका में चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना कांठ पुलिस ने मोईन पुत्र मोमीन उम्र 22 वर्ष, नफीस पुत्र मोहम्मद लतीफ उम्र 58 वर्ष, मकसूद पुत्र सगीर उर्फ गामा उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम गढ़ी थाना कांठ, मोहम्मद इरफान पुत्र फुरकान उम्र करीब 31 वर्ष निवासी मोहम्मद पट्टीवाला कस्बा व थाना कांठ को शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

### देवर के साथ जा रही महिला से अभद्रता

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत देवर के साथ बाइक पर जा रही महिला से कुछ लोगों के तमंचे के दम पर अभद्रता का मामला चर्चा में है। पीड़ित महिला ने आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। महिला के अनुसार वह देवर के साथ बाइक से बिलारी से दवा लेकर अपने मायके को जा रही थी। इसी दौरान जैसे ही वह ग्राम चक खिताबपुर के पास पहुंची तो वहां से दो युवकों ने उनका पीछा किया और रास्ते में रोककर तमंचे के दम पर गाली-गलौच की। तब महिला के देवर ने घटना की सूचना गांव वालों को दी। गांव वालों को आता देख आरोपी गाली गलौज करते हुए वहां से फरार हो गए।

## सार-संक्षेप


कांठ में हाईवे पर बना नया बस स्टैंड। ● अमृत विचार

### नए बस स्टैंड पर नहीं रुकतीं रोडवेज की बसें

**कांठ, अमृत विचार :** नगर में करोड़ों रुपयों की लागत से बना नया बस स्टैंड बेमकसद साबित हो रहा है। कई बार निर्देश देने के बाद भी यहां निगम की बसें नहीं रुकतीं। जबकि हरिद्वार-मुरादाबाद हाईवे पर रोडवेज बसों के ठहराव से जाम जैसी स्थिति बनी रहती है। लंबे प्रयासों के बाद करोड़ों रुपयों से नगर में बस स्टैंड बना। लेकिन अधिकतर बसें यहां नहीं रुक रही हैं। बस चालकों पर अधिकारियों के निर्देशों का कोई असर नहीं हो रहा है। बस चालक अपनी मर्जी से हरिद्वार-मुरादाबाद हाईवे (पुराना बस अड्डा) पर बसें खड़ी कर हाईवे पर जाम लगा देते हैं। इससे हाईवे पर दोनों ओर बसें खड़ी होने से जाम की स्थिति बनी रहती है। हालांकि अभी भी नए बस स्टैंड पर यात्रियों के लिए शेड और अन्य सुविधाएं नहीं कराई गई हैं। स्थानीय लोगों ने रोडवेज के अधिकारियों से नए बस स्टैंड पर ही बस के ठहराव की मांग की है।

### परिजनों को नशीला पदार्थ खिला युवक के साथ गई युवती

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव युवती ने परिजनों को खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर खिलाया और युवक के साथ कहीं चली गई। जानकारी होने पर युवती के परिजनों ने तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। चर्चा है कि एक गांव निवासी युवती की पड़ोस के गांव निवासी युवक से किसी शादी समारोह में जान पहचान हो गई थी और जान पहचान प्रेम प्रसंग में बदल गई। बाद में दोनों ने एक दूसरे के साथ रहने का इरादा बना लिया। चर्चा है कि शुक्रवार रात युवती ने अपने परिजनों को खाने में मिलाकर कोई नशीला पदार्थ खिला दिया। जिसके बाद परिवार के लोग गहरी नींद में सो गए और वह रात में युवक के साथ स्कूटी से उसके साथ कही चली गई। सुबह जब नशा कम हुआ तो परिजनों को घटना के बारे में पता चला। बताया जाता है कि अभी भी युवती के परिजनों में से एक युवक नशे की हालत में है और उसकी हालत ठीक नहीं है। युवती के परिजनों ने थाना कुंदरकी में शिकायती पत्र देकर युवती की बरामदगी की मांग की है। मामले में पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

### छापा मारकर अवैध नर्सिंग होम किए सील

**डिलारी, अमृत विचार :** शनिवार को डिप्टी सीएमओ नरेंद्र कुमार चौधरी ने क्षेत्र वासियों की शिकायत पर कस्बा डिलारी में जनता हेल्थ क्लिनिक, सीपी सिंह अस्पताल पर छापेमारी की। डिप्टी सीएमओ नरेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि अस्पतालों में चिकित्सकों पर वैध डिग्री और सुविधाएं नहीं मिलीं। जिसके चलते अवैध नर्सिंग होम सील किया गया है।


अस्पताल सील करती स्वास्थ्य विभाग की टीम व पुलिस।

### प्रेमी के साथ गई छात्रा, बरामदगी की गुहार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** प्रेम प्रसंग के चलते छात्रा अपने प्रेमी के साथ कहीं चली गई। काफी तलाशने के बाद भी न मिलने पर परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मुरादाबाद रोड स्थित गांव की छात्रा विद्यालय जाती थी। इसी दौरान छात्रा का अपने गांव के युवक से प्रेम प्रसंग हो गया। बताया जाता है कि युवक और छात्रा एक ही बिरादरी के हैं। छात्रा क्षेत्र के इंटर कॉलेज की छात्रा है। युवक मजदूरी कर परिवार का पोषण करता है। दोनों के एक ही गांव के होने पर प्रेम प्रसंग हो गया। एक सप्ताह पहले छात्रा अपने प्रेमी के साथ कहीं चली गई। परिजनों ने उसे काफी तलाशा, लेकिन न मिलने पर पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर में कहा है कि गांव का युवक उनकी पुत्री को लेकर कहीं चला गया है। परिजनों ने पुलिस से दोनों को बरामद करने की मांग की। पुलिस ने प्रेमी युगल की तलाश शुरू कर दी है।

## दवा लेने जा रहे व्यक्ति की बाइक खंभे से टकराई, मौत

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** दवा लेने जा रहे व्यक्ति की अनियंत्रित बाइक बिजली के खंभे से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के मोबाइल फोन से कॉल कर सूचना परिजनों को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बिजनौर के थाना अफजलगढ़ के गांव सुआवाला निवासी 52 वर्षीय इरफान पुत्र भूरा किसान था। इरफान शनिवार शाम बजे थाना डिलारी के गांव मलकपुर सेमली में बाइक से दवा लेने जा रहा था। इसी दौरान मधुपुरी के तीव्र मोड़ पर गति तेज होने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। हादसे में इरफान की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर कोतवाली प्रभारी शैलेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे। आसपास के लोगों से पूछताछ करने के बाद मृतक की जेब से निकले मोबाइल से परिजनों को सूचना दी। जानकारी पर मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताते हैं कि मृतक का एक बेटा इमरान राजस्थान में तो दूसरा बेटा फैजान सऊदी अरब में काम करता है।


खंभे से टकराकर गिरी बाइक।

## ढकिया ने गजरौला को 54 रन से हराया

संवाददाता, डिलारी

**अमृत विचार :** चेयरमैन ढकिया मुजम्मिल हुसैन के सौजन्य से कराई युवा ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में ढकिया की टीम ने गजरौला की टीम को 54 रनों से हरा दिया।

शनिवार को युवा ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में जॉनसन क्रिकेट क्लब ढकिया के कप्तान जुनैद जॉनसन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने 15 ओवरों में पांच विकेट गंवाकर 215 रन बनाए। जिसमें इंतजार हुसैन ने 64, तंजीम हुसैन ने 46, वसीम राही ने 44 और फरमान अहमद ने 31 रनों का योगदान दिया। गजरौला की तरफ से नदीम ने दो, जबकि हामिद रजा और सलीम ने एक-एक विकेट अपने नाम किया।

216 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गजरौला की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और पारी के दूसरे ओवर में मोहम्मद असद ने नसीम को बिना खाता खोले पवेलियन वापस भेज दिया। इसके बाद गजरौला की टीम के बल्लेबाजों ने चार ओवर में 56 रन बनाए। नावेद और फरमान की गेंदबाजी ने गजरौला की कमर तोड़ दी। मोहम्मद सलीम के 91 रन और हामिद रजा के 28 रन की बदौलत गजरौला 15 ओवरों में पांच विकेट के नुकसान पर मात्र 161 रन ही बना सकी। ढकिया की तरफ से नावेद अख्तर सबसे कामयाब गेंदबाज रहे। उन्होंने तीन ओवर में आठ रन देकर एक विकेट हासिल किया, इसके अलावा फरमान, असद और इंतजार ने भी एक-एक विकेट लिया। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि मुजम्मिल हुसैन चेयरमैन ढकिया, पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी असलम जावेद, रईस अहमद, नफीस अहमद, और कमेटी के सदस्य हाजी राशिद, इमरान खान, सलमान खान, नाजिम खान, शाहरुख खान रहे।


विजेता खिलाड़ियों के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

## स्वास्थ्य विभाग की कायाकल्प टीम ने किया सीएचसी कांठ का निरीक्षण

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग की कायाकल्प टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ पहुंचकर व्यवस्थाएं देखीं। टीम ने प्रत्येक कार्यालय का बारीकी से निरीक्षण किया और परिसर में साफ सफाई का जायजा लिया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में पहुंचकर स्वास्थ्य विभाग की कायाकल्प टीम की मैनेजर डॉ. गरिमा, बीपीएम संभल संजीव कुमार, प्रोग्राम असिस्टेंट रविंद्र सिंह, मोहम्मद आरिफ ने सीएचसी की ओपीडी, इमरजेंसी, ओटी, लैब, दवाओं का स्टोर, कोविड वार्ड आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। टीम के सदस्यों ने अस्पताल के पीछे के पहुंचकर लैब टेक्नीशियन एवं टीवी विभाग के कक्ष भी देखे। टीम ने समस्त व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों से बात की और सभी स्टाफ से कार्य की जानकारी ली। इसके साथ ही टीम ने अस्पताल परिसर में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और इमरजेंसी की तैयारी को भी देखा। सारी व्यवस्थाएं देखकर कायाकल्प टीम ने बिंदुवार जानकारी ली। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव चौधरी, चीफ फार्मासिस्ट भगवान सिंह, आयशा बीपीएम आदि अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।


सीएचसी के निरीक्षण के दौरान कायाकल्प टीम। ● अमृत विचार

### बच्चों के विवाद में बड़ों में मारपीट, दो घायल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** बच्चों में खेल के दौरान विवाद हो गया। बाद में परिजनों में मारपीट हो गई। एक पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र की मधुपुरी निवासी मनोज कुमार पुत्र परवीन सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि मेरा पुत्र व संजीव की भांजी में खेलने को लेकर कहासुनी हो गई थी। जिस पर गांव के ही हरकेश लाल पुत्र किशोरी लाल, संजीव पुत्र हरकेश लाल ने गाली गलौज शुरू कर दी। जब उसने विरोध किया तो लाठी-डंडों से हमला कर मारपीट कर घायल कर दिया। जिसमें बीच बचाव कराने आई पीड़ित की पत्नी सानिया के साथ भी मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित मनोज ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो पर एनसीआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू की दी है।

### बालिग होने पर युवती ने थाने में लगाई शादी कराने की गुहार

**डिलारी, अमृत विचार :** युवती ने थाने पहुंचकर पुलिस से उसकी शादी कराने की गुहार लगाई है। थाना डिलारी क्षेत्र के गांव निवासी युवक कोचिंग सेंटर मुरादाबाद में पढ़ाई कर रहा था। उसी कोचिंग सेंटर में उसे किशोरी से प्यार हो गया। दोनों मिलने लगे। युवक ने युवती से संबंध बनाए और मोबाइल से फोटो खींच लिए। इसके बाद कई जगह बुलाकर शोषण किया। मामले का पता लगने पर किशोरी के परिजनों ने युवक पर शादी का दबाव बनाया। उस समय मामला थाने पहुंचा था। तब युवती की उम्र शादी के लायक नहीं थी। शनिवार को आठ माह बाद बालिग होने पर युवती थाने पहुंची और युवक से शादी की जिद पर अड़ गई। थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों को बुलाया है।


छात्र-छात्रा को सम्मानित करते आरिफ पाशा व अन्य। ● अमृत विचार

## तुलसी, जैद को मिला फायरिंग अवार्ड

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** किसान पब्लिक इंटर कॉलेज की एनसीसी कैडेट तुलसी कश्यप और मोहम्मद जैद को बरेली जोन में उत्कृष्ट फायरिंग अवार्ड मिला है। किसान पब्लिक इण्टर कॉलेज के दोनों एनसीसी कैडेट्स का चयन 23वीं वाहिनी मुरादाबाद से शाहजहांपुर जोन के लिए हुआ था। इसमें किसान पब्लिक इंटर कॉलेज की छात्रा तुलसी कश्यप और मोहम्मद जैद ने मंडल स्तर पर क्वालीफाई किया था। 15 मई से 24 मई तक शाहजहांपुर के फायरिंग कैंप में भाग लिया। कैंप में 100 मीटर की राइफल फायरिंग में तुलसी और मोहम्मद जैद ने उत्कृष्ट फायरिंग अवार्ड प्राप्त किया। शील्ड एवं प्रमाण पत्र के साथ कॉलेज आने पर छात्रों का स्वागत किया। कॉलेज संचालक आरिफ पाशा ने कहा कि किसान पब्लिक इंटर कॉलेज के छात्र एनसीसी कैडेट्स के रूप में नाम ऊंचा कर रहे हैं। उन्होंने दोनों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर कॉलेज के प्रधानाचार्य अमर सिंह एवं एनसीसी एएनओ विनीत कुमार मौजूद रहे।

### खाना बनाते समय दौरा पड़ने से महिला झुलसी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** चूल्हे पर खाना बनाने के दौरान महिला को दौरा पड़ गया। इससे महिला के कपड़ों में आग लग गई। उसकी चीख सुनकर परिजनों ने आग को बुझाया। लेकिन तब तक महिला झुलस चुकी थी। महिला को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव भरतावाला निवासी मितान सिंह की पत्नी सीमा देवी सुबह नौ बजे चूल्हे पर खाना बना रही थी। इसी दौरान उसे दौरा पड़ गया और वह जलते चूल्हे पर गिर गई। देखते ही देखते उसके कपड़ों में आग लग गई। उसकी चीख निकलते ही घर में मौजूद परिजनों ने कंबल आदि डालकर आग को बुझाया और आनन फानन सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। महिला के पति व परिजनों ने बताया कि काफी समय से सीमा का दौरा पड़ते हैं। जिसका उपचार भी चल रहा है। चिकित्सक ने बताया कि महिला की हालात अब सामान्य है। उपचार किया जा रहा है।

## सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी की शिकायत

संवाददाता, कांठ

**गोलमाल**
- एसडीएम ने संयुक्त खंड विकास अधिकारी को सौंपी जांच
- ग्रामीणों ने प्रधान द्वारा पुरानी ईंटों को भी बेचने की बात कही

**अमृत विचार :** ग्राम सलेमपुर में पुराना खड़ंजा उखाड़ कर इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण हो रहा है। ग्रामीणों ने इंटरलॉकिंग सड़क में मानक के अनुसार निर्माण सामग्री नहीं लगाने एवं पुरानी ईंट बेचने की शिकायत एसडीएम से की है। एसडीएम ने शिकायत की जांच संयुक्त खंड विकास अधिकारी को सौंपते हुए कार्रवाई का आश्वासन ग्रामीणों को दिया है।

ग्राम पंचायत सलेमपुर में ईटों का खड़ंजा उखाड़कर इंटरलॉकिंग सड़क बनाई जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि रेत के ऊपर बजरी नहीं बिछाई जाने पर निर्माणाधीन सड़क नीचे बैठने लगी है। इसके अलावा ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान द्वारा पुरानी ईंट बेचने का आरोप लगाया है। गांव की महिला हुस्नबानो का कहना है कि 3000 रुपये प्रति हजार ईंटों के हिसाब से पुरानी ईंट खरीदी हैं। इस संबंध में एक वीडियो भी वायरल हुई है।

ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान की शिकायत एसडीएम कांठ से की है। एसडीएम विनय कुमार सिंह ने बताया कि उन्होंने संयुक्त खंड विकास अधिकारी गिरीश पंथ से बातचीत की है। ग्रामीणों द्वारा लगाए आरोपों की जांच संयुक्त खंड विकास अधिकारी गिरीश पंथ जांच कर आख्या देंगे। इसके बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।



गोरखपुर लोकसभा सीट पर भाजपा और सपा के बीच हो रहा है दिलचस्प सीधा मुकाबला

# योगी के अभेद्य किले में जातीय दांव लगा पाएगा सेंध



मनोज त्रिपाठी

गोरखपुर लोकसभा सीट पर गोरक्ष पीठ का दबदबा माना जाता है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह गृह जनपद भाजपा का मजबूत गढ़ भी है। 2018 का उपचुनाव छोड़ दें, तो 1989 से इस सीट पर गोरक्ष पीठ के सहारे कमल खिल रहा है। योगी आदित्यनाथ स्वयं 1998 से 2014 तक लगातार पांच बार गोरखपुर लोकसभा सीट से सांसद रहे हैं। इससे पहले 1989 से 1996 तक तीन चुनावों में गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवैद्यनाथ ने यहां का प्रतिनिधित्व किया था। इस बार गोरखपुर लोकसभा सीट पर भाजपा सांसद रवि किशन का मुकाबला सपा प्रत्याशी काजल निषाद और बसपा के मुस्लिम उम्मीदवार जावेद सिमनानी से है। गोरखपुर में सातवें और अंतिम चरण में पहली जून को वोट पड़ने हैं, लिहाजा चुनाव प्रचार अब अंतिम दौर में प्रवेश कर गया है।




- सपा ने 2018 उपचुनाव का परिणाम दोहराने की मंशा से निषाद वोट बैंक पर खेला है दांव
- भाजपा सांसद रवि किशन को गोरक्ष पीठ के साथ मोदी- योगी के नाम और काम का सहारा

## 2019

- 2019 के लोकसभा चुनाव में गोरखपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी अभिनेता रवि किशन (रवीन्द्र शुक्ला) ने जीत दर्ज की थी। उन्हें 7,17,122 वोट मिले थे। सपा के राम भुआल निषाद को 4,15,458 और कांग्रेस के मधुसूदन त्रिपाठी को 22,972 वोट ही मिले थे। इससे पहले 2014 के चुनाव में यहां से योगी आदित्यनाथ ने बड़े अंतर से जीत हासिल करके भाजपा का कमल खिलाया था। उन्हें 5,39,127 वोट मिले थे। सपा के राजमती निषाद को 2,26,344 और बसपा प्रत्याशी राम भुवाल निषाद 1,76,412 ही हासिल कर पाए थे। कांग्रेस के अष्टभुजा प्रसाद त्रिपाठी 45,719 वोट पाकर चौथे स्थान पर रहे थे। लेकिन 2014 से 2019 के बीच की कहानी में एक ट्विस्ट भी है। 2017 में विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के बाद भाजपा ने प्रदेश में सरकार बनाई और गोरखपुर से सांसद योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री बनने पर लोकसभा सीट से इस्तीफा दे दिया। इस पर 2018 में यहां उपचुनाव हुआ। भाजपा ने उपेंद्र दत्त शुक्ल को मैदान में उतारा। सपा ने निषाद पार्टी अध्यक्ष संजय निषाद के पुत्र प्रवीण निषाद को प्रत्याशी बनाया। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी को हरा दिया। प्रवीण निषाद ने इस बार संत कबीर नगर से भाजपा सांसद के रूप में चुनाव लड़ा है। सपा को काजल निषाद से कुछ उसी तरह के करिश्मे की उम्मीद है। हालांकि पिछली बार पार्टी का निषाद वोट बैंक पर लगाया गया दांव बेकार साबित हुआ था। 2019 में रविकिशन ने सपा के राम भुआल निषाद को तीन लाख से ज्यादा मतों से हराया था।
- एक अनुमान के मुताबिक गोरखपुर लोकसभा में निषाद वोटरों की संख्या कम से कम साढ़े तीन लाख है। हालांकि निषाद समाज के नेता चार लाख से ज्यादा मतदाता बताते हैं। सपा को उम्मीद निषाद मतदाता अगर उसके साथ आते हैं, तो लोकसभा क्षेत्र के दो लाख से अधिक यादव और करीब डेढ़ लाख मुस्लिम मतदाता मिलकर चुनावी परिणाम बदल देंगे। लेकिन यह रणनीति परवान चढ़ने में सबसे बड़ी अड़चन निषाद पार्टी है, जो अब भाजपा के साथ हैं। इसके बावजूद जातीय समीकरण ध्वस्त करने के लिए भाजपा सांसद रवि किशन लगातार कह रहे हैं कि यह मंदिर की सीट और उसके पास ही रहेगी। वैसे यहां भाजपा के पास भी तीन लाख से ज्यादा ब्राह्मण और राजपूत मतदाता और एक लाख के करीब भूमिहार और वैश्य मतदाताओं का मजबूत समीकरण है।

### प्रत्याशी प्रोफाइल



- भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता और अब राजनेता भाजपा सांसद रवि किशन का असली नाम रवींद्र शुक्ला है। उन्होंने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत कांग्रेस से की थी। 2014 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस से जौनपुर सीट से लड़ा था, लेकिन हार गए थे। इसके बाद 2017 में भाजपा में शामिल हो गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरपरस्ती में भाजपा से 2019 का चुनाव गोरखपुर से 60 .52 फीसदी मत पाकर जीता था।



- सपा प्रत्याशी काजल निषाद लापतागंज टीवी सीरियल से प्रसिद्ध हुई थीं। उन्होंने भोजपुरी फिल्मों में भी काम किया है। वह पिछले काफी समय से राजनीति में भी सक्रिय हैं। 2012 में गोरखपुर ग्रामीण विधानसभा सीट से कांग्रेस से चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गई थीं। 2017 में कैंपियरगंज सीट से भी हार का सामना करना पड़ा था। वह पिछले साल गोरखपुर मेयर का चुनाव भी सपा से हार गई थीं।



- बसपा के गोरखपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी जावेद सिमनानी छात्र जीवन से ही पार्टी से जुड़े हैं। उनके पिता और भाई सभी बसपा के लिए काम करते रहे हैं। सिमनानी ने अपना करियर बूथ अध्यक्ष के रूप में शुरू किया था, बाद में सेक्टर अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी, बसपा के मुख्य जोन समन्वयक और कई अन्य पदों पर काम किया है। वह निकाय चुनाव में पार्षद चुनाव लड़े थे, पर हार गए थे।

# तीन बार के रनर को पहली और भाजपा को चौथी जीत की तलाश

बांसगांव लोकसभा सीट



कमलेश पासवान।



सदल प्रसाद।

**अमृत विचार।** गोरखपुर जिले में दो लोकसभा सीटें गोरखपुर और बांसगांव आती हैं। बांसगांव सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। बांसगांव में बसपा को छोड़कर भाजपा, कांग्रेस व सपा तीनों प्रमुख दल जीत हासिल कर चुके हैं। यह सीट ओम प्रकाश पासवान के लिए जानी जाती है, जिनकी हत्या के बाद उनकी पत्नी सुभावती पासवान साल 1996 में यहां से सांसद चुनी गई थीं। उनके ही पुत्र कमलेश पासवान यहां पिछली बार जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं और इस बार चौथी जीत दर्ज करने के लिए तत्पर नजर आ रहे हैं। कमलेश 2009, 2014 व 2019 के तीन चुनाव लगातार जीत चुके हैं। इस बार उन्हें जीत मिली तो कांग्रेस नेता महावीर प्रसाद के रिकार्ड की बराबरी करने के साथ ही लगातार चार जीत दर्ज करने का नया रिकार्ड भी बना देंगे। उनसे पहले इस सीट पर कांग्रेस नेता महावीर प्रसाद ने भी चार बार जीत हासिल की थी, जिसमें तीन लगातार जीत दर्ज करके हैट्रिक लगाई थी। महावीर प्रसाद 1980, 1984 व 1989 के लोकसभा चुनाव में लगातार जीते थे। साल 2004 में वह चौथी बार जीते थे। इस तरह वह लगातार चार जीत नहीं दर्ज कर पाए थे।

बांसगांव लोकसभा सीट की कहानी सदल प्रसाद के बिना अधूरी है। वह यहां से तीन बार 2004, 2014 और 2019 में लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं। तीनों बार बसपा से किस्मत आजमाई लेकिन हर बार उपविजेता ही रहे। यह पहला मौका है, जब वह सपा-कांग्रेस गठबंधन के तहत कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में हैं।

सदल प्रसाद बांसगांव सुरक्षित विधानसभा सीट पर साल 2002 से 2012 के बीच दो बार विधायक रहे हैं। इस बार उनके सामने अपने परंपरागत दलित मतदाताओं के साथ सपा के यादव और मुसलमान वोट बैंक को जोड़ना बड़ी चुनौती है। चुनाव प्रचार के दौरान वह इसी मिशन में जुटे दिखाई देते हैं, ताकि तीन बार रनर रहने के बाद इस बार पहली बार जीत दर्ज कर सकें।

लेकिन उनकी इस राह में रोड़ा बसपा प्रत्याशी डा. रामसमुझ नजर आ रहे हैं, जो गोरखपुर व बस्ती मंडल की एकमात्र सुरक्षित सीट पर बसपा का खाता खोलने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं।

- इस लोकसभा सीट पर भाजपा, कांग्रेस और बसपा में कोई भी जीते, बनेगा नया रिकार्ड
- भाजपा सांसद कमलेश पासवान जीत की हैट्रिक के बाद इस बार चौका लगाने की कोशिश में
- कांग्रेस प्रत्याशी सदल प्रसाद बसपा से पिछले तीन चुनाव लड़कर हर बार रहे हैं यहां उप विजेता
- सुरक्षित सीट पर बसपा लगी है पहली जीत के लिए नए सिरे से सियासी बिसात बिछाने में

### सांसद के प्रति नाराजगी को मुद्दा बनाने का प्रयास

बांसगांव में बसपा पिछले चार चुनावों में दूसरे स्थान पर आ रही है। ऐसे में बसपा को त्रिकोणात्मक संघर्ष में आने से रोक कर कांग्रेस व सपा ने सदल प्रसाद को जिताने के लिए बांसगांव में सवर्ण मतदाताओं की भाजपा सांसद से नाराजगी को मुद्दा बनाकर भुनाने की रणनीति बनाई है। हालांकि बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में कई स्थानों पर भाजपा प्रत्याशी कमलेश के प्रति लोगों की नाराजगी दिखाई तो देती हैं, लेकिन इनमें से अधिकतर लोग मोदी और योगी के नाम पर ईवीएम में बटन कमल निशान का ही दबाने की बात भी करते नजर आते हैं।

### जातीय समीकरण का लेखा-जोखा

बांसगाव में पासी समुदाय सहित अन्य दलितों की संख्या चार लाख से ज्यादा है। ब्राह्मण और राजपूत मिलकर करीब तीन लाख तो यादव मतदाताओं की संख्या ढाई लाख तक बताई जाती है। मुस्लिम वोटर डेढ़ लाख गिनाए जाते हैं।

### पिछले दो चुनावों का परिणाम

साल 2019 के चुनाव में भाजपा के कमलेश पासवान एक लाख से अधिक मतों से जीते थे। उन्हें 5,46,673 वोट मिले थे। बसपा के सदल प्रसाद ने 3,93,205 वोट पाए थे। 2014 के चुनाव में भी भाजपा के कमलेश पासवान ने बसपा प्रत्याशी सदल प्रसाद को हराया था। कमलेश 4,17,959 वोट मिले थे, जबकि सदल प्रसाद ने 2,28,443 वोट पाए थे।

### सभी पांचों सीटों पर भाजपा का कब्जा

बांसगांव लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें दो सीटें देवरिया जिले की रूद्रपुर और बरहज हैं, जबकि तीन सीटें चौरी-चौरा, बांसगांव और चिल्लूपार गोरखपुर जिले की हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने सभी पांचों सीटों पर कब्जा जमाया था।

# मतदान ने आधा दर्जन सीटों पर समीकरण और उलझाया

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** प्रदेश की 14 लोकसभा सीटों पर शनिवार को मतदान समाप्त होने के बाद आए 54 फीसदी से कुछ अधिक वोट पड़ने के प्रारंभिक आंकड़े ने आधा दर्जन से अधिक सीटों पर सियासी समीकरण और उलझा दिए हैं। इसके चलते वोटों के हिसाब-किताब में चार जून तक तमाम प्रत्याशियों की धड़कनें तेज ही रहने वाली हैं। पूर्वांचल के रण में वैसे भी इस बार कई सीटों पर ओबीसी तथा दलित वोट बैंक में बंटवारे से भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन के बीच पांच से सात सीटों पर कड़ा मुकाबला माना जा रहा था।

फूलपुर, इलाहाबाद, प्रयागराज, डुमरियागंज में औसतन 54.05 फीसदी के मुकाबले लगभग चार प्रतिशत तक कम वोट पड़ने की सूचना है। इसके मुकाबले अंबेडकर नगर में करीब 62 फीसदी, आजमगढ़ और बस्ती में 57 फीसदी के आसपास वोट डाले गए हैं, बाकी जगह मतदान के आंकड़े औसत मतदान से एक-डेढ़ प्रतिशत ही कम या ज्यादा हैं। ऐसे में बड़ा सवाल है कि अंबेडकर नगर में सात फीसदी से ज्यादा वोट आखिर किसके पक्ष में या किस कारण से पड़ा है। अंबेडकर नगर से बसपा के सांसद रितेश पांडेय इस बार भाजपा से चुनाव लड़े हैं। उनका मुकाबला सपा-कांग्रेस प्रत्याशी लालजी वर्मा से हुआ है। लालजी वर्मा छह बार के विधायक हैं। मायावती सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे थे।

यहां बसपा से कमर हयात भी हैं, लेकिन भाजपा-सपा के बीच नजदीकी संघर्ष नजर आया है। आजमगढ़ और बस्ती में लगभग तीन प्रतिशत तक ज्यादा पड़े वोटों को सपा अपने तो भाजपा अपने पक्ष में बता रही है। जानकारों का मानना है कि आजमगढ़ में सपा के धर्मेंद्र यादव को भाजपा सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ की चुनौती से जूझना पड़ा है।



साधा समीकरण

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बारासात लोकसभा क्षेत्र में टीएमसी उम्मीदवार काकुली घोष के लिए प्रचार किया। मतदाताओं को लुभाने के लिए उन्होंने डांडिया नृत्य में हिस्सा लिया।

# अंतिम चरण की 13 सीटों पर भाजपा के पास मजबूत जमीन

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** प्रदेश में सातवें और अंतिम चरण में पूर्वांचल की 13 सीटों पर पहली जून को वोट पड़ेंगे। इनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संसदीय क्षेत्र वाराणसी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गोरखपुर सीट भी शामिल हैं। इस चरण में भी भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन में जंग देखने को मिल रही है। बसपा कई सीटों पर त्रिकोणात्मक तस्वीर बनाती नजर आ रही है।

सातवें चरण में जिन 13 सीटों पर वोट पड़ने हैं, उनमें से 11 सीटों पर पिछली बार एनडीए ने जीत दर्ज की थी जबकि दो सीटों पर सपा-बसपा गठबंधन की जीत हुई थी। इस भाजपा जहां सभी 13 सीटों को जीतने के इरादे से अपनी ताकत लगाए है, वहीं विपक्षी गठबंधन में अपनी सीटें बढ़ाने के लिए जातीय गणित सेट करने में जुटा है। 2019 के लोकसभा चुनाव के आंकड़ों पर नजर डालें तो 13 सीटों पर इंडिया गठबंधन की लड़ाई आसान नहीं है। अगर सपा-कांग्रेस के साथ बसपा को अपनी सीटें बढ़ानी है तो उन्हें कम से कम 15 फीसद वोट अपने पक्ष में लाना होगा। पिछले चुनाव में भाजपा को औसतन 52.11 फीसद वोट मिले और सपा-बसपा के खाते में 37.43 वोट ही आए थे। 2019 में सपा-बसपा का गठबंधन था जो भाजपा के सामने बेहद मजबूत था, बावजूद इसके गठबंधन को तब दो ही सीटें मिल पाई थी। इस बार सपा के साथ बसपा नहीं है, कांग्रेस जिसका साथ है, उसकी संगठन जमीन पर कहीं भी मजबूत नहीं है। इसके मुकाबले एनडीए का जातीय समीकरण बेहद मजबूत है। पूर्वांचल में भाजपा के साथ राजभर, चौहान, निषाद और गैर यादव ओबीसी समाज दिखाई देता है। ओम प्रकाश राजभर, अपना दल सोनेलाल और निषाद तथा जनवादी पार्टी समर्थन में एकजुट है।

मांगा आशीर्वाद



मंडी लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह ने जनसंपर्क किया। उन्होंने केंद्र सरकार को युवा, किसान विरोधी बताया और वोट मांगा। कहा कि इंडिया गठबंधन ही इस देश में विकास करेगा।

# निशिकांत चौका तो विजय हांसदा हैट्रिक लगाने को आतुर

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में मतदान के छह चरण पूरे हो चुके हैं। इसी के साथ ही सातवें चरण की सीटों पर जीत के लिए सभी दलों ने ताकत झोक दी है। हर दल ने अपने- अपने हिसाब से चक्रव्यूह की रचना की है। झारखंड में जहां इंडिया गठबंधन पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को मुद्दा बनाकर सहानुभूति के सहारे जीत दर्ज करने की कवायद में जुटा है तो भाजपा हेमंत सोरेन के भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाकर झामुमो, कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के रचे हुए चक्रव्यूह को भेदना चाहती है। अंतिम चरण में तीन सीटों पर चुनाव होना है। इनमें से गोड्डा सीट पर भाजपा के कद्दावर नेता निशिकांत दुबे तीन बार से लगातार जीत रहे हैं तो दुमका सीट पर भाजपा का कब्जा 2019 में हुआ था। रही बात राजमहल सीट की तो यह झामुमो का मजबूत गढ़ है। पार्टी यहां जीत बरकरार रखने के साथ ही अन्य सीटों पर जीत दर्ज करने को आतुर दिख रही है।

### राजमहल में मोदी लहर भी काम नहीं आई



- राजमहल सीट पर कांग्रेस ने 8, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) 5, भाजपा दो और बीएलडी व जनता पार्टी ने एक-एक बार जीत दर्ज कर चुकी है। 2009 में इस सीट पर भाजपा जीती थी लेकिन 2014 और 2019 में जब प्रचंड मोदी लहर थी तो यहां के मतदाताओं ने भाजपा को नकार दिया था। झामुमो के विजय कुमार हांसदा लगातार दो बार से जीत रहे हैं। इस बार वे हैट्रिक लगाने की तैयारी कर रही हैं। भाजपा ने उनके सामने पूर्व विधायक ताला मारांडी को टिकट दिया है। वे पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। जबकि सीपीआईएम ने गोपेन सोरेन को मैदान में उतारा है। गोपेन पिछला चुनाव हार चुके हैं। झामुमो यहां महंगाई, बेरोजगारी को मुद्दा बना रही है और हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को आदिवासी अस्मिता को ठेस पहुंचाने वाला बता रही है। अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित इस सीट पर भाजपा को जीत के लिए मोदी की गारंटी का ही सराहा है। पार्टी यहां भ्रष्टाचार के मुद्दे को आगे रखकर वोट मांग रही है। वैसे यहां की छह विधानसभा सीटों में से चार पर झामुमो और एक- एक पर कांग्रेस व भाजपा का कब्जा है।

### राजमहल की बरेहट सीट से हेमंत सोरेन विधायक

- पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राजमहल लोकसभा की बरेहट विधानसभा सीट से ही विधायक हैं। ऐसे में झामुमो ने यहां पर ताकत झोक दी है। पार्टी के बड़े नेता यहां डेरा डाले हुए हैं।पार्टी को लगता है कि इस सीट पर हार का मतलब है कि आगामी विधानसभा चुनाव में इसका गलत संदेश जाएगा।

### गोड्डा में भाजपा का किला ढहाने को मजबूत किलेबंदी



गोड्डा संसदीय सीट पर भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे लगातार तीन बार से जीत रहे हैं। इस बार वे चौका लगाने के लिए एड़ी- चोटी का जोर लगा रहे हैं। निशिकांत दुबे उस वक्त चर्चा में आए थे जब उन्होंने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के विरुद्ध शिकायत की थी और आरोप लगाया था कि उन्होंने सुविधाएं लेकर संसद में सवाल पूछे। यहां टीएमसी के नेताओं को भी उनके विरुद्ध चुनाव प्रचार में उतारने की कोशिश कांग्रेस और झामुमो की ओर से की जा रही है। यहां से कांग्रेस के प्रदीप यादव उनके विरुद्ध मैदान में हैं। पूरा विपक्ष एकजुट होकर उन्हें हराने की कोशिश कर रहा है। जातीय समीकरण के हिसाब से निशिकांत यहां पर भारी पड़ते दिख रहे हैं। प्रदीप यादव भी मंझे राजनीतिज्ञ हैं वे एक बार सांसद रहे हैं और वर्तमान में विधायक हैं। विधानसभा चुनाव के परिणाम पर नजर डालें तो इंडिया गठबंधन यहां भारी दिखता है।

### शिबू सोरेन की हार का बदला ले पाएंगे नलिन



दुमका संसदीय सीट झामुमो की परंपरागत सीट रही है। इस सीट पर पार्टी प्रमुख शिबू सोरेन आठ बार जीते। 2019 में उन्हें भाजपा के सुनील सोरेन ने हराया था। इस बार भाजपा ने यहां शिबू सोरेन की बहू सीता सोरेन को मैदान में उतारा है। मुख्यमंत्री न बनाए जाने से खफा सीता सोरेन ने बगावत कर भाजपा का दामन थामा है। वह इसी संसदीय क्षेत्र की जामा सीट से विधायक हैं। उनके मुकाबले झामुमो ने दुमका से विधायक नलिन सोरेन का चेहरा बनाया है। नलिन और सीता में इस बात की जंग है कि कौन खुद को इस सीट पर शिबू सोरेन का असली उत्तराधिकारी कौन होगा। इस सीट पर भाजपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबू लाल मरांडी 1998 और 1999 में इस सीट से सांसद रह चुके हैं। यहां विधानसभा की छह सीटें हैं। एक सीट भाजपा, एक पर कांग्रेस का कब्जा है जबकि चार सीटों पर झामुमो जीती थी लेकिन झामुमो विधायक सीता सोरेन बाद में भाजपा में आईं और उम्मीदवार बन गईं। वह मतदाताओं को बताने में जुटी हैं कि उनके साथ परिवार में अन्याय हुआ है। इसलिए उन्हें सांसद बनाकर मतदाता ही न्याय दिला सकते हैं। नलिन जहां सीता सोरेन को हराकर खुद को इस सीट पर शिबू सोरेन का राजनीतिक वारिस साबित करने के लिए रात दिन एक किए हुए हैं तो सीता सोरेन यह बताने में जुटी हैं कि यदि वह हार गईं तो उन्हें परिवार से भी कुछ नहीं मिलेगा। भाजपा ने भी इस सीट पर पूरी ताकत झोक दी है। पार्टी की कोशिश है कि सीता की जीत से वह यह बताने में कामयाब होगी कि यहां की जनता ने भ्रष्टाचार को हराया है।

## सार-संक्षेप

### घरेलू हिंसा से संबंधित शिकायतों में संशोधन की अनुमति स्वीकार्यः इलाहाबाद हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम, 2005 के तहत एक आवेदन में संशोधन की अनुमति देते हुए कहा कि संबंधित न्यायालय उक्त अधिनियम के तहत शिकायतों में संशोधन स्वीकार कर सकती हैं। उक्त आदेश अधिनियम, 2005 (डीवी अधिनियम) की धारा 12 के तहत न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश और उसके बाद अपर सत्र न्यायाधीश, कानपुर देहात के आदेश के खिलाफ दाखिल याचिका को खारिज करते हुए पारित किया गया। न्यायालय के समक्ष यह प्रश्न था कि क्या डीवी अधिनियम के तहत दाखिल आवेदन का निस्तारण करने वाली संबंधित अदालत को मूल रूप से दाखिल आवेदन में संशोधन की अनुमति देने की शक्ति है या नहीं। इस प्रश्न पर विचार करते हुए कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से निष्कर्ष निकाला कि संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष दावा की गई राहतें उक्त अधिनियम के अध्याय 4 की धारा 12 से 29 के तहत अनिवार्य रूप से सिविल प्रकृति की मानी गई हैं। सलीम अहमद की याचिका पर विचार करते हुए न्यायमूर्ति डॉ. योगेंद्र कुमार श्रीवास्तव की एकलपीठ ने यह माना कि मूल आवेदन में संशोधन की अनुमति तब भी दी जा सकती है, जब वह किसी साधारण दोष से संबंधित हो, जिसका औपचारिक संशोधन के माध्यम से उपचार किया जा सकता हो और ऐसे संशोधन को अनुमति देने से दूसरे पक्ष का कोई नुकसान न होने की संभावना हो।

### क्लोन चेक से रकम निकालने आया जालसाज गिरफ्तार



लखनऊ, अमृत विचार : जनरल पोस्ट ऑफिस (जीपीओ) में खोले गए फर्जी खाते में क्लोन चेक लगाकर रकम निकालने का प्रयास कर रहे एक जालसाज को शनिवार सुबह गिरफ्तार किया गया। आरोपी इससे पहले भी दो इसी तरह फर्जीवाड़ा करके क्लोन चेक से रकम निकाल चुका है। आरोपी को पकड़ने के बाद कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस अब उससे पूछताछ करने में जुटी है। जीपीओ के अधिकारियों ने बताया कि सुबह 10 :30 बजे एक युवक चेक से रुपये निकालने आया। काउंटर पर उसने चेक जमा किया। यह चेक आजमगढ़ के हीरापट्टी पंजाब नेशनल बैंक का था। 45 हजार रूपये का यह चेक देखकर काउंटर पर तैनात बाबू को शक हुआ। उसने पूछताछ की तो चेक जमा करने वाला युवक जयप्रकाश कुमार भागने लगा। इस पर बाबू ने अन्य सहयोगियों की मदद से उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने बताया कि लखनऊ के बुद्धेश्वर का रहने वाला है। इससे पहले 21 मई को भी दो चेक इसी तरह से लगाकर 93 हजार रूपये निकाल चुका है। पुलिस के मुताबिक बिना किसी जांच पड़ताल के जीपीओ में खाते खोले जा रहे हैं। क्लोन चेक से इससे पहले भी इसी खाते से रकम निकलने के बाद भी विभाग ने इसपर अंकुश नही लगाया।

### पांच नए आश्रम पद्धति विद्यालय का शुरू हुआ काम

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में पांच नए आश्रम पद्धति विद्यालयों का निर्माण शुरू हो गया है। इनके निर्माण पर लगभग 40 करोड़ रुपये खर्च होगा। अगले वर्ष तक इनका काम पूरा होने की संभावना है। कन्नौज, शाहजहांपुर, गौतमबुद्धनगर, शामली और बागपत जिलों में पांच नए आश्रम पद्धति विद्यालय बनाए जा रहे हैं। इन विद्यालयों के निर्माण में करीब 40 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। शासन ने निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए पहली किस्त के रूप में 20 करोड़ रुपये जारी कर दिए थे। इन जिलों में स्कूलों के निर्माण के लिए मानक के हिसाब से पांच-पांच एकड़ भूमि जिला प्रशासन की ओर से पहले ही मुहैया करवा दी गई है। वर्तमान में यूपी के 75 जिलों में 94 राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित हैं। उक्त पांच जिलों में राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों का निर्माण शुरू हो गया है।

### 125 करोड़ गरीबों के बुरे दिन दूर नहीं हुए : मायावती

अमृत विचार। बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि केन्द्र में यूपीए हो या फिर वर्तमान की एनडीए सरकार, कुछ मुठठी भर लोगों को छोंड़कर देश के लगभग 125 करोड़ गरीब व मेहनतकश जनता के बुरे दिन दूर नहीं हुए हैं। उन्हें आत्म-सम्मान के साथ रोटी-रोजी का बुनियादी हक नहीं मिल रहा है। मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स में पोस्ट करते हुए कहा कि महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी जैसी राष्ट्रीय समस्याओं से मुक्ति की चिंता करते हुए, सरकार चुनने का संकल्प के साथ मतदान करना होगा। तभी बहुजन हिताय व बहुजन सुखाय संभव है। उन्होंने कहा कि अच्छी सरकार के लिए आपका वोट जरूरी है।

### राम मंदिर परिसर में शुरू होगा अस्पताल

**अयोध्या, अमृत विचार :** राम मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के अंतिम दिन शनिवार को राम जन्मभूमि परिसर के 70 एकड़ के निर्माण योजना पर अंतिम मुहर लग गई। ट्रस्ट के मुताबिक राम मंदिर के साथ परकोटा, सप्त मंदिर और शेषावतार मंदिर निर्माण किया जा रहा है। राम मंदिर में विराजमान रामलला के बराबर ऊंचाई पर शेषावतार का मंदिर बनेगा। मंदिर परिसर में अपोलो हॉस्पिटल अपना एक ब्रांच खोलने जा रही है। इसके लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के साथ अनुबंध किया गया है। दो महीने के अंदर कार्डियक व इमरजेंसी सुविधाओं से युक्त अस्पताल शुरू हो जाएगा। इसके अलांवा तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट कार्यालय, ऑडिटोरियम, अतिथि निवास गृह का निर्माण किया जाना है। परिसर में लैंडस्कैपिंग का कार्य भी किया जाएगा। निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने दूसरे दिन बैठक से पूर्व राम जन्मभूमि परिसर में चल रहे निर्माण कार्य में यात्री सुविधा केंद्र सहित मंदिरों के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। बैठक के बाद श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि निर्माणाधीन यात्री सुविधा केंद्र अगस्त तक तैयार होकर एलएंडटी को हैंडओवर कर दिया जाएगा।

### 40,175 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से किया मतदान

**लखनऊ, अमृत विचार :** छठे चरण की 14 लोकसभा सीटों पर 40,175 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पोस्टल बैलेट के जरिये अर्ह श्रेणियां 85 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाता, दिव्यांग, अनिवार्य सेवायें व मतदान कार्मिकों ने मतदान किया। इसके अलावा कुल 35,532 सेवा मतदाताओं को भी रिटर्निंग अधिकारी के जरिये इलेक्ट्रॉनिक माध्यम (ईटीपीबीएस) से पोस्टल बैलेट की व्यवस्था की गई। 12,494 कार्मिकों को ईडीसी जारी किया गया है। मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग की ओर से 14 सामान्य प्रेक्षक, आठ पुलिस प्रेक्षक व 18 व्यय प्रेक्षक तैनात किये गये थे। इसके अलावा 2,192 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 282 जोनल मजिस्ट्रेट, 24 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 2,833 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किये गये। निर्वाचन आयोग की ओर से राज्य स्तर पर एक वरिष्ठ सामान्य प्रेक्षक, एक वरिष्ठ पुलिस प्रेक्षक व एक वरिष्ठ व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये।

## प्रधानमंत्री ने इंडी गठबंधन की पार्टियों को बताया सांप्रदायिक और जातिवादी

# वंचितों का जो अधिकार, मोदी उसका चौकीदार

ब्यूरो/एजेंसी, लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन में जितनी पार्टियां हैं उनमें कुछ अवगुण समान हैं। ये घोर सांप्रदायिक, घोर जातिवादी और घोर परिवारवादी हैं। इन्होंने बाबा साहब का अपमान किया, रामनाथ कोविंद का अपमान किया, एक आदीवासी महिला राष्ट्रपति का अपमान किया। महाराज सुहेलदेव को इन्होंने कभी सम्मान नहीं दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा, ये लोग दलितों का आरक्षण छीन कर उसे मुस्लिमों को देने का षडयंत्र कर रहे हैं। कर्नाटक में उन्होंने रातों रात मुसलमानों को ओबीसी बना दिया। बंगाल में इनका बहुत बड़ा षडयंत्र खुल गया है। पूरा इंडी गठबंधन आरक्षण की लूट में शामिल है। मोदी इनसे लड़ाई लड़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जबतक मोदी जिंदा है एससी, एसटी ओबीसी का आरक्षण किसी हालत में छीनने नहीं देगा। यह भी जोड़ा कि वंचितों का जो अधिकार है, मोदी उसका चौकीदार है। प्रधानमंत्री शनिवार को गाजीपुर के आरटीआई मैदान में भाजपा प्रत्याशी पारसनाथ राय के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए कहा है कि उप्र. सरकार में आज दंगे भी बंद हो चुके हैं और दंगाई भी। उन्होंने सपा को निशाने पर लेते हुए कहा कि सपा सरकार के समय माफिया खुली जीप में बैठकर कानून को खुलेआम चुनौती देते थे, हर महीने दो से तीन दंगे हुआ करते थे।

मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन तुष्टिकरण में हर हद पार कर रहा है। सपा नेता राममंदिर को बेकार बताते हैं। कांग्रेस के शहजादे राममंदिर पर ताला लगाना चाहते हैं। कांग्रेस फिर से कश्मीर को आग में झोंकना चाहती है, सैनिकों को शहीद करना चाहती है, पाकिस्तान को मजबूत बनाना चाहती है। जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश सरकार में मंत्री व सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर आदि मौजूद रहे।



गाजीपुर की सभा में लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री मोदी। साथ में योगी व अन्य।

### इंडी गठबंधन वालों ने गाजीपुर से धोखा किया

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन वालों ने गाजीपुर के साथ विश्वासघात किया है। यहां के लोग गरीबी में घुट घुटकर जीने को मजबूर रहे। यहां की तकलीफ को सबसे पहले हमारे गहमरी बाबू ने उठाया था। उन्होंने आंख में आंसू लेकर नेहरू जी को यहां की स्थिति बताई और कहा कि कैसे यहां के लोग जानवरों के गोबर से गेहूं बीनकर खाते थे। कांग्रेस ने उसमें भी राजनीतिक मौके तलाश लिए। सियासी ड्रामे किए। आंख में धूल झोंकने के लिए पटेल आयोग बना, रिपोर्ट आई और फाइल को धूल फांकने के लिए छोड़ दिया गया।

## अयोध्या में कम मतदान से भाजपा हैरत में

**अयोध्या, अमृत विचार :** भाजपा हैरत में है। अयोध्या और राम मंदिर के मुद्दे पर जहां 2024 के चुनाव में पार्टी पूरे देश में फतह करने की सोच रही थी, वहीं अयोध्या में ही मतदाताओं ने भाजपा को निराश कर दिया है। मौजूदा चुनाव में फैजाबाद लोकसभा सीट पर 59.14 फीसदी मतदान हुआ। वहीं इस सीट की पांच विधानसभाओं में सबसे कम मतदान अयोध्या में हुआ जो पिछली बार की अपेक्षा 5.48 प्रतिशत कम है। हैरानी की बात यह है कि अयोध्या विधानसभा में भी देहात के मुकाबले महानगर में बेहद कम वोट पड़ा। जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे ... यह नारा भाजपा की तरफ से इस लोकसभा चुनाव में पूरे देश में लगाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर के बाद सर्वाधिक अगर कहीं का दौरा व प्रवास किए हैं तो वह अयोध्या ही है।

# सिंथेटिक ड्रग की गिरफ्त में प्रदेश सालाना 300 करोड़ का कारोबार

## रेव पार्टियों के बढ़ते चलन से नशे की दलदल में फंस रहा युवा वर्ग

सुनील कुमार मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ सहित प्रदेश के प्रमुख शहरों में सिंथेटिक ड्रग का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। नॉरकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश में सिंथेटिक दवाओं का सालाना करीब 300 करोड़ से अधिक का कारोबार हो रहा है। लेकिन वैध दवाओं की शक्ल में बिक रहा यह नशा मुश्किल से 10 फीसदी ही पकड़ में आ रहा है। शुक्रवार को एसटीएफ ने ट्रॉमाडोल टैबलेट्स के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया। इनसे पूछताछ में सामने आया कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में दवाओं की बिक्री कर रहे थे। यह इनपुट मिलने के बाद एनसीबी की टीम इस सिंडिकेट का पता लगाने में जुट गई है।

नॉरकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की जांच में सामने आया कि रेव पार्टियों के बढ़ते चलन ने सिंथेटिक ड्रग के कारोबार को बढ़ा दिया है। नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम जैसे शहरों के बाद लखनऊ में भी यह तेजी से पैर पसार रहा है। गांजा, चरस, अफीम जैसे प्राकृतिक मादक पदार्थों से तैयार होने वाले नशे के मुकाबले रसायनिक तत्वों से बनाए जा रहे सिंथेटिक ड्रग आसानी से सुलभ और ज्यादा उत्तेजक हैं। इसलिए युवा जल्दी इसकी लत पकड़कर नशे के दलदल में फंसते जा रहे हैं। इसमें कुछ दवाएं ऐसी भी हैं जिनकी एक डोज ही जिंदगी के लिए घातक साबित हो सकती है। नॉरकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने चार साल में जितने मादक पदार्थ पकड़े उनमें 20 से 30 फीसदी सिंथेटिक ड्रग शामिल हैं। 2020 से अब तक एनसीबी ने प्रदेश भर से करीब 60 हजार किलो मादक पदार्थ पकड़े हैं। इनकी बाजार कीमत 400 करोड़ रूपये से ज्यादा है। इसमें बड़ी मात्रा में नाइट्राजपॉम, अल्प्राजोलम, क्लोनाजपॉम, एमडीएम, एलएसडी और नशीली दवाओं में उपयोग होने वाला घातक रसायन एसिटिक एनहाइड्राइड शामिल है।



### 6 से 10 हजार तक की एक डोज

एनसीबी के विशेषज्ञों के मुताबिक कुछ नशे बेहद मंहगे हैं जो बड़ी-बड़ी पार्टियों में परोसे जा रहे। इनमे एलएसडी और एमडीएमए ज्यादा चलन में है। उन्होंने बताया कि वैक्टिरिया के वजह के बराबर एलएसडी के एक डोज की कीमत 6 से 10 हजार रूपये है। जबकि एमडीएमए 40 से 40 हजार रूपये प्रतिग्राम की रेट से बिक रहा है। इसकी एक डोज 8 से 10 हजार रुपये तक होती है। दोनों ड्रग पाउडर फार्म में होते हैं।

## रेवती रमण सिंह समेत 50 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**प्रयागराज, अमृत विचार :** प्रयागराज की दोनों लोकसभा सीट इलाहाबाद और फूलपुर में शाम 6:00 बजे वोटिंग समाप्त हो गई। इलाहाबाद में शाम 6:00 बजे तक 51.75 और फूलपुर में 48.94 प्रतिशत मतदान हुआ दोनों सीटों 51 29 प्रत्याशी मैदान में थे। प्रयागराज में कांग्रेस प्रत्याशी उज्जवल अमर सिंह के पिता और पूर्व सांसद रेवती रमण सिंह को करैली पुलिस ने शाम को हिरासत में ले लिया था। करीब दो घंटे थाने पर रखने के बाद उन्हे छोड़ दिया गया। लेकिन हंगामा करने के मामले में करेली थाने के दरोगा मनीष कुमार की तारीख पर रेवती रमण समेत 50 समर्थकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# किशोरी का अपहरण कर तीन युवकों ने किया सामूहिक दुष्कर्म

संवाददाता, किशनपुर-फतेहपुर

- जंगल में मवेशी चराने गई थी किशोरी, पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की

अमृत विचार : किशनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की 15 वर्षीय किशोरी को अगवा कर उसके साथ तीन युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर तीनों आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पीड़ित किशोरी के पिता का आरोप है कि उसकी 15 वर्ष की बेटी जंगल में मवेशी को चराने गई थी। इस दौरान गांव के ही रहने वाले झुर्री, धर्मपाल व ननकाई किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए। किशोरी को अगवा कर पूरा दिन उसके साथ गैंगरेप किया। किशोरी को घर में न देखकर परिजनों ने किशोरी की तलाश शुरू की, लेकिन किशोरी का कहीं पता नहीं चला। देर रात किशोरी घर लौटी। तब उसने आप बीती परिजनों से बताई। किशोरी की आप बीती सुनने के बाद परिजनों के पैर तले से जमीन खिसक गई। इसके बाद परिजन किशोरी को लेकर थाने पहुंचे और मामले की शिकायत पुलिस से की। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू की। देर रात पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट सहित संगीन धाराओं में रिपोर्ट कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है।

## अयोध्या मेडिकल कॉलेज पर 12 लाख का जुर्माना

**अयोध्या, अमृत विचार :** नेशनल मेडिकल काउंसिल (एनएमसी) ने राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। बताया जाता है कि मानक पूरे न मिलने पर यह जुर्माना ठोका गया है। जुर्माने की राशि एक हफ्ते के अंदर जमा करनी होगी। लखनऊ स्वास्थ्य महकमे के विश्वस्त सूत्रों की मानें तो अयोध्या मेडिकल कॉलेज ने एनएमसी को कुछ गलत सूचनाएं दी थीं। इसके बाद एनएमसी ने ऑनलाइन जांच में मेडिकल कॉलेज की ओर से दी गईं सूचनाओं की जांच कराई तो मानक पूरे नहीं मिले। मेडिकल कॉलेज के फैकल्टी की बायोमीट्रिक अटेंडेंस शॉर्ट थीं। इसके अलावा एनॉटॉमी विभाग में भी कमियां मिलीं। डिलीवरी भी कम हुई थीं। सीजर भी मानक के मुताबिक नहीं हुए थे।

# हाईवे पर हादसा : 3 श्रद्धालुओं की मौत, 11 लोग हुए घायल

अयोध्या कार्यालय

- ओवरटेक के चक्कर में टेंपो ट्रैवलर हुई हादसे का शिकार

**अमृत विचार :** कर्नाटक के श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या आ रही एक टेंपो ट्रैवलर प्रयागराज हाईवे पर हादसे का शिकार हो गई। हादसा शुक्रवार मध्यरात्रि के बाद बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के शेरपुर पारा स्थित एक एजेंसी के सामने हुआ। दुर्घटना में तीन श्रद्धालुओं की मौत हुई है, जबकि 11 घायल हुए हैं।

कर्नाटक के जिला गुलबर्गा स्थित नगर कोतवाली के ओम नगर मोहल्ला निवासी श्रद्धालुओं का एक समूह तीर्थाटन के लिए निकला था और शुक्रवार रात काशी विश्वनाथ से दर्शन-पूजन के बाद वाराणसी से एक टेंपो ट्रैवलर से अयोध्या दर्शन पूजन के लिए आ रहा था। मध्य रात्रि के बाद टेंपो ट्रैवलर प्रयागराज हाईवे पर बीकापुर कोतवाली क्षेत्र स्थित शेरपुर पारा स्थित एक एजेंसी के निकट ओवरटेक करने के चक्कर में हादसे का शिकार हो गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक टेंपो ट्रैवलर का दायां हिस्सा किसी ट्रक से रगड़ खाने के चलते बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और वाहन में सवार श्रद्धालु घायल हो गए। पुलिस में एंबुलेंस की मदद से 14 घायलों को अस्पताल भिजवाया। जहां इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. आशीष पाठक ने श्रद्धालु शिवपूजन और तनजप्पा को मृत घोषित कर दिया। जबकि नौ गंभीर घायलों शिवराज, सुगलाबाई, अनरप्पा कोरे, कीर्ती वारी, सुंदरपता, तारावती, प्रीती (19), शिवलीला व चंद्रकांता को भर्ती किया है। गंभीर घायल शिवराज को हायर सेंटर सेंटर रेफर किया था, जहां उसकी मौत हो गई।

## वर्ग पहेली-81

**बाएं से दाएं**

3.1. पानी गिरने की ध्वनि 2. ज़ोर से उछाला हुआ पानी का छींटा 3. धारा के किसी वस्तु से टकराने के बाद उत्पन्न होने वाला शब्द, छपाछप।

4.1. चुभना, पीड़ा देना, गड़ना 2. किसी दुखद घटना का बार-बार स्मरण होना 3. टीस उठना 4. किसी की याद में तड़पना।

5.1. कंघा, कंघी 2. कंधा, भुजबल।

6.1. ऐसे वर्ण या अक्षर जिनके उच्चारण में मुंह के अतिरिक्त नाक से अनुस्वरात्मक ध्वनि निकलती है 2. नाक के योग से बोलने या गाने वाला।

8.1. पत्रभाग 2. स्तंभ 3. पंक्ति 4. हाशिया।

**ऊपर से नीचे**

1.1. भोग करने वाला, भोगी 2. खाने वाला, भक्षक 3. भोजन पर आमंत्रित अतिथि।

2.1. किसी को दबाना 2. रस्सी या सूत के दो टुकड़ों को बटकर जोड़ना।

3.1. किसी भार या धक्के से वस्तु का वेग से दूर जाना 2. दूर या अलग रहना 3. बंधन से निकल जाना 4. कूदना, उछलना 5. किसी व्यक्ति या जंतु का अपने नमिता

5.1. साग-सब्ज़ी 2. हरी पत्तियों वाली छोटी वनस्पति से बनी सब्ज़ी 3. तरकारी।

7. ज्योतिष, तारे, सितारे।




### वर्ग पहेली -80 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 पा | शी | ■ | 2 आ | ■ | ■ | 3 फ़े |
| ■ | ■ | 4 म | न | ब | सि | या |
| 5 ए | ■ | ■ | न | ■ | ■ | ज़ी |
| 6 की | श | ■ | फा | ■ | 7 फ | ■ |
| क | ■ | 8 अ | न | भ | ला | ■ |
| 9 र | ह | मा | न | ■ | दे | ■ |
| ण | ■ | न | ■ | 10 सं | श | य |

## सुडोकू -160

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | 2 | | |
| | | | | 4 | | | | |
| | 6 | | | | | | | |
| | | | 9 | | 4 | | | |
| | | | | | | | | 9 |
| 2 | | | 8 | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | 6 | | | | |
| | | 8 | | | | | | |

### सुडोकू -159 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 4 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 1 | 2 | 7 | 3 | 8 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 5 | 7 | 9 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 4 | 3 | 8 | 1 | 7 | 9 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 6 | 9 | 8 | 2 | 5 | 7 | 4 | 3 |
| 2 | 7 | 5 | 6 | 4 | 3 | 1 | 8 | 9 |
| 5 | 4 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 |
| 7 | 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 5 | 9 | 4 |
| 8 | 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 मई रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 18.06 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मूल 10.36 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

**मेष** — आज वैवाहिक जीवन को आपको पर्याप्त समय देना चाहिए। जीवनसाथी आपका मनोबल बढ़ा सकता है। आपको ज्यादा काम में व्यस्त होने के बजाय अपनों को समय देना चाहिए। उत्तम भोजन का आनंद ले सकते हैं। रिश्तेदारों से लंबे समय के बाद बात हो सकती है।

**वृष** — आज व्यापार को लेकर कुछ परेशानियां सामने आ सकती हैं। हीनता की भावना से आपको बचना चाहिए। मन में किसी नकारात्मक विचार को लेकर परेशानी हो सकती है। सेहत को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही न करें।

**मिथुन** — आज दिन की शुरुआत किसी अच्छी खबर से हो सकती है। विदेश यात्रा पर जाने की योजना भी बना सकते हैं। आप गृहस्थ सुख का भरपूर आनंद लेंगे। जिन लोगों का विवाह तय नहीं हो रहा था, उनके लिए दिन काफी शुभ है।

**कर्क** — आज किसी अच्छी खबर को लेकर मन में आशा रहेगी। बड़े भाई-बहनों और मित्रों से आपको अच्छा सहयोग मिल सकता है। नया घर या वाहन खरीदने का विचार बना सकते हैं। नौकरीपेशा लोग अपनी जॉब बदलने के लिए प्रयासरत हो सकते हैं।

**सिंह** — आज आपको कई सारे कार्य एक साथ करने पड़ सकते हैं। दिखावे के लिए आप धन खर्च करेंगे। बजट का ध्यान अवश्य रखें। संतान के व्यवहार को लेकर आप थोड़े परेशान हो सकते हैं। व्यापार में अपेक्षा के अनुसार परिणाम मिलने की संभावना कम है।

**कन्या** — आज आप अपनी गलतियां पहचान पाएंगे। अधिकारी वर्ग से आपको सावधान रहना चाहिए। कुछ लोग आपका अपमान करने का प्रयास कर सकते हैं। आप कई लोगों के साथ मिलेंगे। इससे आपके अनुभव में वृद्धि होगी।

**तुला** — आज नई नौकरी के ऑफर मिलने से आप प्रसन्न रहेंगे। आपको काफी सावधानीपूर्वक लोगों से बातचीत करनी चाहिए। ऐसा न हो की लोग आपकी बातों का मतलब गलत निकाल लें। धन की समस्या दूर होगी। किसी पर भी आंख मूंदकर विश्वास न करें।

**वृश्चिक** — आज यदि आप पार्टनरशिप में कोई कार्य कर रहे हैं तो आपको सावधान रहना चाहिए। अपने विचारों को दूसरों पर न थोपें। नए कपड़े और आभूषणों में धन खर्च कर सकते हैं। व्यवसाय में लोग आपको धोखा देने का प्रयास कर सकते हैं।

**धनु** — आज दिन की शुरुआत अच्छी खबरों से होगी। कार्यक्षेत्र में सब काम आसानी से होते रहेंगे। उच्च पद पर आसीन लोग आपका सम्मान करेंगे। किसी आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। गुप्त शत्रुओं से छुटकारा मिल सकता है।

**मकर** — आज आप घर पर कुछ बोरियत महसूस करेंगे। अपने खानपान की आदतों पर नियंत्रण रखें। विवाह को लेकर कुछ परेशानी झेलनी पड़ेगी। दूसरों के काम पर ज्यादा ध्यान न दें। संतान को लेकर परेशानी दूर होने से मन कुछ शांत होगा।

**कुंभ** — आज पारिवारिक जीवन काफी सुखद रहेगा। लोग आपसे सलाह की अपेक्षा रखेंगे। नौकरी में पदोन्नति मिलने के योग बन रहे हैं। अपनी बातों से आप काफी लोगों को प्रभावित करेंगे। नई संपत्ति में निवेश करने के लिए दिन बेहद शुभ है।

**मीन** — आज दांपत्य जीवन रोमांटिक रहेगा। जिन लोगों की पदोन्नति लंबे समय से रुकी हुई थी, उनके लिए दिन भाग्यशाली रहेगा। छोटे भाई-बहन को लेकर शुभ खबर मिल सकती है। आप नया काम शुरू करने के लिए काफी उत्सुक रहेंगे।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
आर या पार — सुबह : 11.14
बागी : ए रिबेल फॉर लव — शाम : 05.53

**Sony Pix**
जॉन रैम्बो — दोपहर : 12.03
स्पाइडर मैन — शाम : 06.44

**&pictures**
थोली प्रेमा — सुबह : 09.18
खिलाड़ी 786 — रात : 07.30

**Zee Cinema**
फ्रीकी अली — सुबह : 09.35
शादी में जरूर आना — शाम : 05.00

**Colors Cineplex**
डेंजरस खिलाड़ी 3 — सुबह : 10.32
भेड़िया — रात : 07.05

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बस में एक लड़के की नजर पीछे की सीट पर बैठी लड़की पर पड़ी।
लड़का- पहचाना मुझे!
लड़की- नहीं तो
लड़का- अरे, हम दोनों एक ही क्लास में पढ़ते थे
लड़की- पढ़ती तो मैं थी, तू तो रोज मुर्गा ही बनता था।

पति के जन्मदिन पर पत्नी- क्या गिफ्ट दूं?
पति- तुम मुझे इज्जत दो, कहना मानों यही काफी है।
पत्नी- तुम्हें भी फिर यही देना चाहिए। मैं तो गिफ्ट ही दूंगी

# पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर हमारा है और हम उसे लेकर रहेंगे : अमित शाह

## गृह मंत्री ने भाजपा को डराने की कोशिश करने के लिए कांग्रेस पर साधा निशाना

शिमला, एजेंसी



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) भारत का हिस्सा है और हम उसे लेकर रहेंगे। उन्होंने पड़ोसी देश के पास परमाणु बम होने का हवाला देकर भाजपा को डराने की कोशिश करने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधा। शाह ने ऊना जिले के अम्ब में एक रैली को संबोधित करते हुए मतदाताओं से राज्य की छह विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनावों में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने की अपील भी की, ताकि इस पर्वतीय राज्य में भाजपा की सरकर बन सके। हिमाचल प्रदेश में फिलहाल कांग्रेस की सरकार है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली मजबूत सरकार ही आतंकवाद से लड़ सकती है, आर्थिक विकास सुनिश्चित कर सकती है और गरीबों का ध्यान रख सकती है। गृहमंत्री ने हमीरपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अनुराग ठाकुर के समर्थन में रैली में कहा-कांग्रेस हमें डराने की कोशिश कर रही है कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है।

### चीन ने हमारी जमीन पर अतिक्रमण कर लिया है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी चुप हैं : खरगे



**शिमला।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को आरोप लगाया कि चीन ने भारत की जमीन पर अतिक्रमण कर लिया है और घर तथा सड़कें बना रहा है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुप हैं। खरगे ने हिमाचल प्रदेश के रोहड़ू में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री पर कटाक्ष किया और पूछा कि 56 इंच का सीना कहां है। कांग्रेस नेता ने कहा कि उनकी पार्टी देश के लोगों और संविधान को बचाने के लिए लड़ रही है और अगर वह लोकसभा चुनाव में सत्ता में आती है तो 30 लाख सरकारी रिक्तियां भरी जाएंगी। खरगे ने कहा-हमने पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई लड़ी और बांग्लादेश को आजादी दिलाई। चीन ने हमारी जमीन पर अतिक्रमण कर लिया और घर तथा सड़कें बना रहा है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी चुप हैं। 56 इंच का सीना कहां है?

### मोदी अगर जीते तो हर गांव में अपना मंदिर बनवाएंगे: तंगादागी

**कोप्पल (कर्नाटक)।** कर्नाटक के मंत्री शिवराज तंगादागी ने शनिवार को कहा कि अगर भाजपा लोकसभा चुनाव जीत जाती है तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर गांव में अपना मंदिर बनवाएंगे। पिछड़ा वर्ग विकास और कन्नड़ एवं संस्कृति विभाग संभालने वाले तंगादागी ने कहा कि प्रधानमंत्री के बयानों से लगता है कि वह देश के हर गांव में अपना मंदिर बनवाएंगे। मंत्री की यह टिप्पणी एक राष्ट्रीय टीवी चैनल को दिए गए प्रधानमंत्री मोदी के साक्षात्कार की पृष्ठभूमि में आई है, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर कहा था, जब तक मेरी मां जीवित थीं, मैं सोचता था कि मैं जैविक रूप से पैदा हुआ हूं। उनके निधन के बाद, जब मैं अपने अनुभवों को देखता हूं, तो मुझे यकीन हो जाता है कि मुझे परमात्मा ने भेजा है। यह ऊर्जा मेरे शरीर से नहीं आती। परमात्मा ने मुझे यह दी है।

# इंडिया गठबंधन वोट बैंक के लिए मुजरा कर रहा

पटना/डेहरी, एजेंसी

- बिहार में प्रधानमंत्री मोदी ने की घोषणा-गठबंधन की योजनाओं को कर दूंगा विफल



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी गठबंधन इंडिया पर शनिवार को तीखा हमला किया और उस पर मुस्लिम वोट बैंक के लिए गुलामी और मुजरा करने का आरोप लगाया। पाटलिपुत्र और काराकाट संसदीय क्षेत्र में अलग-अलग रैलियों को संबोधित करते हुए मोदी ने विपक्ष पर तीखा हमला किया और अल्पसंख्यक संस्थानों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पछड़ा वर्ग को आरक्षण से वंचित करने के लिए राजद और कांग्रेस जैसे दलों को जिम्मेदार ठहराया।

उन्होंने कहा-बिहार वह भूमि है जिसने सामाजिक न्याय की लड़ाई को एक नई दिशा दी है। मैं इस प्रदेश की भूमि पर यह घोषणा करना चाहता हूं कि मैं एससी, एसटी और ओबीसी के अधिकारों को लूटने और उन्हें मुसलमानों को देने की इंडिया गठबंधन की योजनाओं को विफल कर दूंगा। वे गुलाम बने रह सकते हैं और अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए 'मुजरा' कर सकते हैं। मोदी ने यह भी आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन उन लोगों के समर्थन पर भरोसा कर रहा है जो वोट जिहाद में लिप्त हैं। साथ ही उन्होंने कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश का हवाला दिया, जिसमें कई मुस्लिम समूहों को ओबीसी की सूची में शामिल करने के पश्चिम बंगाल सरकार के फैसले को रद्द कर दिया गया है। मोदी भाजपा उम्मीदवार रामकृपाल यादव के पक्ष में प्रचार कर रहे थे। उन्होंने व्यंग्यात्मक टिप्पणी करते हुए कहा-कई लोगों का भगवान राम से इतना झगड़ा है कि वे राम कृपाल के नाम पर भी नाक-भौं सिकोड़ सकते हैं।

मोदी ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव का नाम लिए बगैर कहा-एलईडी बल्ब के युग में वे लालटेन (राजद का चुनाव चिह्न) लेकर घूम रहे हैं, जिससे केवल उनका घर रोशन होता है और पूरे बिहार को अंधेरे में रखा जाता है। गौरतलब है कि लालू प्रसाद की बड़ी बेटी मीसा भारती लगातार तीसरी बार पाटलिपुत्र से अपनी किस्मत आजमा रही हैं। उन्होंने कहा-भारत को एक ऐसे प्रधानमंत्री की जरूरत है जो विश्व मंच पर भारत की ताकत के साथ न्याय कर सके।

## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर: सड़क हादसे में पंजाब के चार लोगों की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में कार के सड़क से फिसल जाने से पंजाब के चार पर्यटकों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि यह घटना दक्षिण कश्मीर जिले के निपोरा इलाके में हुई। उन्होंने बताया कि सभी सात पर्यटक स्पोर्ट्स यूटेलिटी वाहन (एसयूवी) में सवार थे और काजीगुंड से लौट रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि चार पर्यटकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन घायलों को इलाज के लिए अनंतनाग के जीएमसी अस्पताल ले जाया गया है।

### अमृतसर में ड्रोन द्वारा गिराई हेरोइन बरामद

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के जिला अमृतसर के सीमावर्ती गांव रतनखुर्द से 430 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि जिला अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्र में हेरोइन की खेप की मौजूदगी के बारे में बीएसएफ खुफिया इकाई द्वारा सूचना के आधार पर क्षेत्र में एक व्यापक तलाशी अभियान के दौरान दोपहर आंशिक रूप से जली हुई अवस्था में संदिग्ध हेरोइन का एक पैकेट बरामद हुआ है।

## राजस्थान सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल मुस्लिम जातियों के आरक्षण की करेगी समीक्षा

**जयपुर।** राजस्थान के मंत्री अविनाश गहलोत का कहना है कि राज्य सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) में शामिल मुस्लिम जातियों के आरक्षण की समीक्षा करेगी। राजस्थान के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि कांग्रेस ने तुष्टीकरण की राजनीति के तहत 1997 से 2013 तक मुस्लिम जातियों को ओबीसी आरक्षण दिया और अब इसकी समीक्षा की जाएगी। मंत्री ने कहा-बाबा साहेब आंबेडकर ने संविधान में लिखा था कि धर्म के आधार पर किसी भी जाति या वर्ग को आरक्षण का लाभ नहीं दिया जा सकता है।

## फैक्ट्री मालिक को 29 तक पुलिस हिरासत में भेजा गया

ठाणे, एजेंसी

**डोंबिवली कारखाना विस्फोट मामला**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत ने शनिवार को डोंबिवली स्थित रासायनिक कारखाने के मालिक को 29 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया, जहां हुए विस्फोट में 10 लोगों की मौत हो गई थी और 60 से अधिक लोग घायल हो गए थे।

ठाणे पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी एवं अमुदन केमिकल्स के मालिक मलय मेहता (38) को कल्याण में मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मेहता की 14 दिन की हिरासत का अनुरोध किया और अदालत को बताया कि उन्हें कारखाना स्थल का दौरा करना है और पता लगाना है कि अपराध में और लोग शामिल थे या नहीं।

अधिकारी ने बताया कि विस्फोट के कारण बहुत अधिक नुकसान हुआ और पुलिस इस घटना में कई लोगों की भूमिका की जांच करना चाहती है।

## परमेश्वर ने रेवन्ना का पासपोर्ट रद करने को लेकर केंद्र पर साधा निशाना

बेंगलुरु, एजेंसी

- बोले-मुख्यमंत्री द्वारा मोदी को भेजे गए पत्र का क्या हुआ



कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने शनिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और पूछा कि जनता दल (सेक्युलर) के निलंबित नेता प्रज्ज्वल हासन के पासपोर्ट को रद करने के लिए अप्रैल में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भेजे गए पत्र का क्या हुआ।

विदेश मंत्रालय द्वारा एक दिन पहले दिए गए बयान कि हासन के फरार सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद करने का राज्य सरकार का अनुरोध उसे 21 मई को ही प्राप्त हुआ था, के बाद परमेश्वर की यह टिप्पणी सामने आई है। विदेश मंत्री एस जयशंकर के एक साक्षात्कार में दिए गए बयान कि उनके मंत्रालय को प्रज्ज्वल का पासपोर्ट रद्द करने का अनुरोध 21 मई को ही मिला है, पर टिप्पणी करते हुए परमेश्वर ने यहां संवाददाताओं से कहा-मैंने भी मीडिया रिपोर्ट देखी है। अगर उन्होंने (एस जयशंकर) ऐसा कहा है तो इसका मतलब यह है कि प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने विदेश मंत्रालय को इस बारे में जानकारी नहीं दी। परमेश्वर ने पूछा-मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अप्रैल में ही पत्र लिखा था और विदेश मंत्री का कहना है कि उन्हें यह 21 मई को मिला। प्रधानमंत्री कार्यालय में पत्र का क्या हुआ? क्या इसे उचित तरजीह नहीं मिली या क्या पीएमओ ने विदेश मंत्रालय को इस बारे में सूचित नहीं किया? उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा-हम देख सकते हैं कि केंद्र सरकार कैसे काम कर रही है। कर्नाटक के गृह मंत्री ने कहा कि एक बार राजनयिक पासपोर्ट रद हो जाने पर, प्रज्ज्वल को भारत लौटना होगा क्योंकि वह विदेश में रहने की छूट खो देगा।

पूर्व प्रधानमंत्री एच. डी. देवेगौड़ा के पोते प्रज्ज्वल पर यौन शोषण का आरोप है और हासन के सांसद अपने निर्वाचन क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होने के एक दिन बाद 27 अप्रैल को भारत से बाहर चले गये थे। सीबीआई के माध्यम से एसआईटी के अनुरोध के बाद इंटरपोल द्वारा प्रज्ज्वल के ठिकाने के बारे में जानकारी मांगने वाला 'ब्लू कॉर्नर नोटिस' पहले ही जारी किया जा चुका है।

## केजरीवाल के करीबी बिभव कुमार ने दायर की जमानत याचिका

**स्वाति मालीवाल मारपीट मामला**

**नई दिल्ली।** आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ कथित मारपीट करने के मामले में आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार ने एक अदालत में जमानत याचिका दायर की है। अदालत ने इस संबंध में दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। अदालत के सूत्रों ने बताया कि कुमार को शुक्रवार को चार दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद उनके वकीलों ने याचिका दायर की और कहा कि याचिका सोमवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। राज्यसभा सदस्य मालीवाल ने आरोप लगाया है कि 13 मई को जब वह मुख्यमंत्री से मिलने उनके आवास पर गई थीं तो केजरीवाल के निजी सहायक कुमार ने उनके साथ मारपीट की थी। कुमार को 18 मई को गिरफ्तार किया गया था और तब से वह पुलिस हिरासत में हैं। पिछले शनिवार को दायर की गई उनकी अग्रिम जमानत याचिका को अदालत ने ''निरर्थक'' माना था। दिल्ली पुलिस ने दावा किया है कि कुमार जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं, अपने जवाब देने में टाल-मटोल कर रहे हैं और उन्होंने अपने मोबाइल फोन का पासवर्ड भी नहीं बताया है।

## आतंकवाद के सबसे बड़े प्रायोजकों का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं : केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली के मुख्यमंत्री ने पाकिस्तान के पूर्व मंत्री को लगाई फटकार



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को पाकिस्तान के पूर्व मंत्री चौधरी फवाद हुसैन को उनके उस बयान को लेकर फटकार लगाई जिसमें चौधरी ने लोकसभा चुनाव में नफरत फैलाने वाली और चरमपंथी ताकतों के हार की अपील की है।

केजरीवाल ने कहा कि चुनाव भारत का आंतरिक मामला है और यह आतंकवाद के सबसे बड़े प्रायोजकों के हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं करेगा। लोकसभा चुनाव के छठे चरण में दिल्ली के सात निर्वाचन क्षेत्रों समेत कुल 58 संसदीय क्षेत्रों में शनिवार को मतदान किया गया। मतदान करने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने अपने परिवार की एक तस्वीर सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा की जिसमें सभी सदस्य स्याही लगी उंगलियां दिखा रहे हैं। इसके साथ ही केजरीवाल ने अपने पोस्ट में कहा कि उन्होंने तानाशाही, महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ वोट दिया।

वहीं केजरीवाल की पोस्ट को एक्स पर साझा करते हुए मोर पावर और इंडिया इलेक्शन 2024 हैशटैग के साथ हुसैन ने कहा-शांति और सौहार्द नफरत फैलाने वाली और चरमपंथी ताकतें परास्त हों।

## छत्तीसगढ़ के बीजापुर में 33 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में शनिवार को 33 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें से तीन नक्सलियों पर कुल पांच लाख रुपये का नकद इनाम है। बीजापुर जिले के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने बताया कि नक्सलियों ने जिले के वरिष्ठ सीआरपीएफ के अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने बताया कि नक्सली आदिवासियों पर माओवादियों द्वारा किए गए अत्याचारों और "खोखली" माओवादी विचारधारा से निराश हैं तथा वे पुलिस की पुनर्वास नीति से भी प्रभावित हैं। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले 33 कैडर में दो महिलाएं भी शामिल हैं, जो माओवादियों की गंगालूर क्षेत्र समिति के तहत विभिन्न शाखाओं और संगठनों में सक्रिय थीं।



## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 985 फ्लैग 1000 डीएमओ 870 बोल्ड 1160, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 880।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना: 75 से 78 रुपये मसूर: 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द: 100 से 110 रुपये धोआ उड़द: 110 से 130 रुपये मूंग धोआ: 104 - 106 रुपये मूंग छिलका: 95 से105 रुपये मूंग साबुत: 90से105 रुपये चना देसी: 60से 70 रुपये चना कावली: 90 से 130 रुपये राजमा लाल: 130 से140 रुपये राजमा चित्ता: 125 से 130 रुपये लोबिया लाल: 90से 110 रुपये लोबिया सफेद: 80 से 100 रुपये।

# भारत में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र देश की अर्थव्यवस्था मजबूत करने को तैयार: राघवन

## द. एशिया में एडब्ल्यूएस के स्टार्टअप प्रमुख बोले-तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर

नई दिल्ली, एजेंसी



अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) के वरिष्ठ अधिकारी कुमार राघवन ने कहा है कि भारत में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र परिपक्व है और इसमें कई अनुकूल परिस्थितियां भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। राघवन भारत और दक्षिण एशिया में एडब्ल्यूएस के स्टार्टअप प्रमुख हैं।

राघवन ने जीवंत भारतीय स्टार्टअप परिदृश्य पर चर्चा की और इसकी ताकत तथा नवाचार क्षमता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा-हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं... इसमें योगदान देंने वाले कारक श्रम वृद्धि, बुनियादी ढांचे की वृद्धि और दक्षता में सुधार हैं, जहां रचनात्मक कृत्रिम मेधा (जेनएआई) जैसी प्रौद्योगिकियां अपनी भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि इनके अलावा एक बड़े डेवलपर पारिस्थितिकी तंत्र की मौजूदगी, देश में उत्पाद बनाने और दुनिया भर में सेवा देने की क्षमता और नियामक अनुकूल परिस्थितियां भी हैं। राघवन ने भारतीय स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र की परिपक्वता की सराहना की। उन्होंने कहा कि इसमें ऐसे अनुभवी संस्थापकों के महत्वपूर्ण योगदान को ध्यान में रखा गया, जिन्होंने कई उद्यम शुरू किए हैं।

### अलग वातावरण होने से भारत के लिए विकास का रास्ता चीन जैसा नहीं होगा: आदिल जैनुलभाई

**नई दिल्ली।** भारत के विकास मिशन पर आगे बढ़ने के साथ यह साफ है कि उसका रास्ता चीन जैसा नहीं होगा, क्योंकि वहां अलग वातावरण और क्षमताएं हैं। क्षमता निर्माण आयोग के चेयरमैन आदिल जैनुलभाई ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को एक विकसित देश बनाने का सपना सामने रखा है, और इस बारे में कई दृष्टिकोण हैं और हम मानते हैं कि यह अलग तरह से होगा। उन्होंने कहा-भारत के लिए विकास का रास्ता चीन के विकास पथ के समान नहीं होगा। अगले 25 वर्षों के लिए भारत की वृद्धि का मॉडल चीन जैसा नहीं होगा। यह एक अलग वातावरण है और भारत की क्षमताएं अलग हैं। जैनुलभाई ने कहा कि विश्व बैंक के अनुसार चीन की मजबूत वृद्धि निवेश और निर्यात उन्मुख विनिर्माण पर आधारित रही है।

### रिलायंस ने वायाकॉम-18 स्टार इंडिया विलय के लिए सीसीआई से मांगी मंजूरी

**नई दिल्ली।** मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने वायाकॉम-18 और स्टार इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एसआईपीएल) के विलय के लिए भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) से मंजूरी मांगी है। सीसीआई ने शुक्रवार को कहा कि प्रस्तावित लेनदेन का मकसद वायाकॉम18 और एसआईपीएल के मनोरंजन व्यवसायों (कुछ अन्य चिन्हित व्यवसायों के साथ) को जोड़ना है। वायाकॉम-18, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) समूह का हिस्सा है, जबकि द वॉल्ट डिज्नी कंपनी (टीडब्ल्यूडीसी) के पास एसआईपीएल का स्वामित्व है। नियामक ने कहा कि लेनदेन के बाद एसआईपीएल एक संयुक्त उद्यम बन जाएगी, जिसे आरआईएल, वायाकॉम-18 और टीडब्ल्यूडीसी की सहायक कंपनियों द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया जाएगा।

## आयकर विभाग ने लागत मुद्रास्फीति सूचकांक को किया अधिसूचित

नई दिल्ली, एजेंसी

- पूंजीगत संपत्तियों की बिक्री से होने वाले लाभ की हो सकेगी गणना
- वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सीआईआई 363 है




आयकर विभाग ने अचल संपत्ति, प्रतिभूतियों और आभूषण की बिक्री से होने वाले दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ की गणना के लिए वित्त वर्ष 2024-25 के लिए लागत मुद्रास्फीति सूचकांक को अधिसूचित किया है।

लागत मुद्रास्फीति सूचकांक (सीआईआई) का उपयोग करदाताओं द्वारा मुद्रास्फीति को समायोजित करने के बाद पूंजीगत संपत्तियों की बिक्री से होने वाले लाभ की गणना करने के लिए किया जाता है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) की एक अधिसूचना के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 (आकलन वर्ष 2025-26) के लिए सीआईआई 363 है। पिछले वित्त वर्ष के लिए सीआईआई 348 था और 2022-23 के लिए यह 331 था।

मूर सिंघी के कार्यकारी निदेशक रजत मोहन ने कहा कि सीआईआई अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति को दर्शाता है, जिससे समय के साथ वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें बढ़ती हैं। उन्होंने कहा कि करदाता आमतौर पर उच्च सीआईआई को पसंद करते हैं, क्योंकि इससे उन्हें बड़ी कर छूट का दावा करने में मदद मिलती है।

## एक नजर

### एयर इंडिया की मुंबई सैन फ्रांसिस्को उड़ान देरी के बाद रवाना

**मुंबई।** शहर से सैन फ्रांसिस्को जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान कई कारणों से अत्यधिक देरी के बाद शनिवार शाम को रवाना हुई। यह उड़ान मूल रूप से शुक्रवार को शाम चार बजे जानी थी, लेकिन कई कारणों से इसमें 25 घंटे से अधिक की देरी हुई और शनिवार के लिए पुनर्निर्धारित की गई। एक अधिकारी के अनुसार विमान को पहले शनिवार सुबह उड़ान भरना था, लेकिन आखिरकार यह शाम साढ़े पांच बजे रवाना हो सकी।

### मालदीव के साथ एफटीए चाहता है भारत

**माले।** मालदीव ने शनिवार को कहा कि भारत ने दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के प्रयास शुरू कर दिए हैं और इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विचार-विमर्श जारी है। आर्थिक विकास और व्यापार मंत्री मोहम्मद सईद ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 92,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,800 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,000-55,200 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 73,500 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,500 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,500 |
| चांदी पक्की | 880 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,700 |
| चांदी आभूषण | 88,800। |

## बिजी बी एयरवेज ने गो फर्स्ट के लिए बोली प्रक्रिया से नाम लिया वापस

नई दिल्ली, एजेंसी

एयरलाइन गो फर्स्ट के लिए बोली में शामिल होने के तीन से ज्यादा महीने के बाद यात्रा पोर्टल ईजमाईट्रिप के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) निशांत पिट्टी ने शनिवार को कहा कि वे एयरलाइन की बोली प्रक्रिया से अपना नाम वापस ले रहे हैं।

पिट्टी की अधिकांश हिस्सेदारी वाली बिजी बी एयरवेज ने फरवरी में स्पाइसजेट के प्रमुख अजय सिंह के साथ मिलकर गो फर्स्ट के लिए बोली लगाई थी। गो फर्स्ट दिवाला समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है। पिट्टी ने कहा कि विचार करने के बाद उन्होंने अपनी व्यक्तिगत क्षमता में गो फर्स्ट के लिए बोली वापस लेने का फैसला किया। उन्होंने बयान में कहा-यह निर्णय मुझे अन्य रणनीतिक प्राथमिकताओं और पहलों पर बेहतर ध्यान केंद्रित करने में मदद करेगा, जो हमारी दीर्घकालिक दृष्टि और वृद्धि उद्देश्यों के साथ जुड़ी हुई हैं। इससे पहले हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायालय ने गो फर्स्ट को पट्टे पर दिए गए 54 विमानों को वापस लेने की अनुमति दी थी। पिट्टी ने 26 अप्रैल को कहा था कि वह पेशकश में किसी भी आवश्यक बदलाव पर विचार करेंगे।

### आईसीआईसीआई बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष पीके सिन्हा नियुक्त

**मुंबई।** आरबीआई ने 1 जुलाई, 2024 से तीन साल की अवधि के लिए आईसीआईसीआई बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष के रूप में श्री पीके सिन्हा की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

आईसीआईसीआई बैंक ने शेयर बाजार को सूचित किया है कि आरबीआई ने 24 मई, 2024 के अपने पत्र के जरिए 1 जुलाई, 2024 से तीन साल की अवधि के लिए बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष के रूप में प्रदीप कुमार सिन्हा की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। पीके सिन्हा, जी सी चतुर्वेदी का स्थान लेंगे, जो 30 जून, 2024 को सेवानिवृत्त होंगे।

## यूरोपीय संघ ने भारत से डब्ल्यूटीओ में चीनी सब्सिडी की अधिसूचना समय पर देने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

- डब्ल्यूटीओ की कृषि समिति की बैठक के दौरान चर्चा में आया मुद्दा



ब्राजील, कनाडा और यूरोपीय संघ सहित डब्ल्यूटीओ के सदस्य देशों के एक समूह ने भारत से आग्रह किया है कि वह चीनी सब्सिडी की अधिसूचना समय से दे। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

यह मुद्दा 23-24 मई को जिनेवा में डब्ल्यूटीओ की कृषि समिति की बैठक के दौरान चर्चा में आया। ये देश भी भारत की तरह प्रमुख चीनी निर्यातक हैं और उनका आरोप है कि भारत के समर्थन उपाय वैश्विक चीनी व्यापार को विकृत करते हैं। जिनेवा स्थित अधिकारी ने कहा कि ब्राजील, कनाडा, कोस्टा रिका, पैराग्वे, न्यूजीलैंड, यूरोपीय संघ और ग्वाटेमाला ने भारत से सब्सिडी की अधिसूचना समय से देने का आग्रह किया है। भारत ने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकारों ने न तो किसानों को गन्ने का भुगतान किया और न ही उनसे गन्ना खरीदा। सभी खरीद निजी चीनी मिलों ने की थी। इसलिए, यह जानकारी घरेलू समर्थन की अधिसूचना में शामिल नहीं की गई थी। यह चर्चा इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि 2022 में भारत ने डब्ल्यूटीओ के व्यापार विवाद निपटान पैनल के एक फैसले के खिलाफ अपील की थी। इस फैसले में कहा गया था कि चीनी और गन्ने के लिए देश के घरेलू समर्थन उपाय वैश्विक व्यापार मानदंडों के साथ असंगत हैं।

## मनमोहक



बीजिंग में भारतीय दूतावास के एम्फीथिएटर में भारतीय और बांग्लादेश दूतावासों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर और प्रसिद्ध बांग्लादेशी कवि नजरूल इस्लाम की धुनों पर कलाकारों ने नृत्य किया। ● एजेंसी

## सांसद हत्या की जांच के लिए भारत आएगी बंगलादेश की टीम

**कोलकाता/ढाका।** बंगलादेश पुलिस के जासूसों की तीन सदस्यीय टीम अवामी लीग के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या की जांच के लिए रविवार को भारत के कोलकाता के लिए रवाना होगी। पुलिस ने बताया कि जांचकर्ताओं का यह मानना है कि कि अनार की हत्या में कई प्रभावशाली व्यवसायी शामिल है।

इस बीच ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की जासूसी शाखा के प्रमुख हारुन या रशीद ने कहा कि पश्चिम बंगाल सीआईडी की चार सदस्यीय टीम सांसद की हत्या की जांच के लिए ढाका में है। अभी तक हत्या के किसी खास मकसद की पहचान नहीं हो पाई है। जांचकर्ताओं के अनुसार कई प्रभावशाली लोगों ने अनवारुल अजीम अनार की हत्या में भूमिका निभाई होगी, क्योंकि उन्होंने 2014 में सांसद बनने के बाद जेनैदाह में सोने की तस्करी पर नियंत्रण करना शुरू कर दिया था।

# ग्लूकोमा है खतरनाक : सूख जाती हैं आंखों की नसें, जा सकती है रोशनी



ये आंखें ही हैं, जो दुनिया से हमें रूबरू कराती हैं। आंखें हमें दुनिया को देखने और परखने में हमारी मदद करती हैं। कई बार किन्ही वजह से हमारी आंखों की रोशनी दिन-ब-दिन कम होने लगती है। जिससे देखने में परेशानी होने लगती है। उम्र के साथ आंखों की रोशनी कम होना तो एक आम वजह है। लेकिन कुछ ऐसी भी बीमारियां हैं, जिनकी वजह से हमारी आंखों पर बुरा असर होता है। ग्लूकोमा, इन्ही में से एक है। ग्लूकोमा के बारे में आज भी लोग जागरूक नहीं है। ग्लूकोमा रिसर्च फाउंडेशन के मुताबिक भारत में 1 करोड़ से ज्यादा लोग और दुनियाभर में 8 करोड़ से ज्यादा लोग ग्लूकोमा के शिकार हैं। ग्लूकोमा आंखों की रोशनी जाने का सबसे बड़ा कारण है। आज हम बताएंगे ग्लूकोमा क्या होता है और क्यों होता है, इसके क्या लक्षण होते हैं, कैसे पहचाना जाए, किस उम्र के लोगों को इस बीमारी का ज्यादा खतरा रहता है, ग्लूकोमा से आंखों को बचाने के लिए किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

### इसलिए होता है ग्लूकोमा

आंखों पर प्रेशर बढ़ने से ग्लूकोमा होता है। इसे इंट्राऑकुलर प्रेशर भी कहा जाता है। स्वस्थ आंखें फ्लूड से भरी होती हैं। ये लिक्विड आंखों को प्रेशर से बचाने में मदद करता है। इसलिए लिक्विड हमेशा बनता रहता है और फिर बाहर निकलता रहता है। ये नेचुरल साइकिल ऐसे ही चलती रहती है। जहां इस साइकिल का बैलेंस बिगड़ता है, वैसे ही आंखों पर प्रेशर पड़ने लगता है।

### इन बातों का ध्यान रखना चाहिए

आंख में किसी तरह की दिक्कत होने पर उसे नजरअंदाज बिल्कुल न करें। रेगुलर जांच जरूर कराएं। डॉक्टर से रेगुलर चेकअप, आंखों में अंदरूनी दबाव की माप करना और दृष्टि क्षेत्र का टेस्ट करवाने से ग्लूकोमा के प्रारंभिक चरणों को पहचानने में मदद कर सकते हैं।

### ग्लूकोमा क्या होता है

ग्लूकोमा को काला मोतिया या आंखों का चोर भी कहा जाता है। ये आंखों की ऐसी बीमारी है जो धीरे-धीरे आंरोशनी छीन लेती है। इसमें हमारी ऑप्टिक नर्व क्षतिग्रस्त हो जाती है। ऑप्टिक नर्व्स ही हमारे रेटिना को दिमाग से जोड़ती हैं। इनके डैमेज हो जाने से दिमाग को संकेत मिलना बंद हो जाते हैं। जिससे दिखना बंद हो जाता है। इस बीमारी के गंभीर हो जाने पर दृष्टि को वापस लाना असंभव हो जाता है।

### आंखों में ग्लूकोमा होने के लिए क्या कारण जिम्मेदार हैं?

ग्लूकोमा होने के पीछे कई वजह जिम्मेदार हैं- बढ़ती उम्र। काले मोतियाबिंद के ज्यादातर मरीज बूढ़े ही होते हैं। 60 साल से ज्यादा के लोगों में यह बीमारी काफी आम है। ग्लूकोमा होने पर बुजुर्गों की आंखों की रोशनी भी जा सकती है। कुछ लोगों में ये बीमारी आनुवंशिक भी हो सकती है। यानी, अगर आपके परिवार में किसी को ग्लूकोमा हुआ है, तो आपको भी इसके होने की आशंका बढ़ जाती है। डायबिटीज भी इसका कारण बन सकती है। इसलिए हमेशा ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रखना चाहिए।

## एक नजर

### सलाहकारों के साथ समय बिता रहे ऋषि सुनक

**लंदन।** ब्रिटेन में 4 जुलाई को आम चुनाव की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपना पहला शनिवार करीबी सलाहकारों के साथ बिताया। कंजर्वेटिव पार्टी में उत्पन्न संकट के बीच भारतीय मूल के नेता सुनक (44) अपने प्रचार अभियान में जुट गए हैं। कैबिनेट मंत्री माइकल गोव और एंड्रिया लीडसम पार्टी के उन नेताओं की सूची में शामिल हो गए हैं जिन्होंने इस चुनावी मुकाबले में नहीं उतरने के अपने निर्णय की घोषणा कर दी है।

### बेअदबी को लेकर पाकिस्तान में ईसाइयों पर हमला

**लाहौर।** कुरान के अपमान के आरोप में कट्टरपंथी इस्लामवादियों के नेतृत्व में भीड़ ने शनिवार को पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में ईसाइयों पर हमला कर दिया। जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय के कम से कम दो सदस्य घायल हो गए। यह घटना लाहौर से करीब 200 किलोमीटर दूर पंजाब के सरगोधा जिले के मुजाहिद कॉलोनी में हुई। पुलिस का दावा है कि मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया है। ईसाई समुदाय की संपत्तियों पर भीड़ के हमले के कई वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे हैं।

### इमरान के खिलाफ और मामले दर्ज करने को मंजूरी

**लाहौर।** पाकिस्तान की पंजाब सरकार ने सरकारी संस्थानों, विशेषकर पाकिस्तानी सेना के खिलाफ नफरत भड़काने के आरोप में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी के लोगों के खिलाफ और मामले दर्ज करने की मंजूरी दे दी है। खान (71) अप्रैल 2022 में प्रधानमंत्री पद से अपदस्थ किये जाने के बाद से उनके खिलाफ दर्ज किये गए लगभग 200 मामलों में से कुछ में दोषी ठहराए जाने के बाद पिछले साल अगस्त से जेल में हैं।

### पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन में 300 लोग दबे

**पोर्ट मोरेस्बी।** उत्तरी पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) के एक दूरदराज के इलाके में शुक्रवार को हुए भारी भूस्खलन के कारण 300 से अधिक लोग दब गए। स्थानीय मीडिया ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। एंगा प्रांत में लगाइप खुले निर्वाचन क्षेत्र के सांसद ऐमोस अकेम ने पीएनजी पोस्ट-कूरियर को बताया कि भूस्खलन में माईप मुरीताका ग्रामीण एलएलजी में 300 से अधिक लोग और 1,182 घर दब गए।

### खार्किव के इलाकों पर नियंत्रण वापस लिया : जेलेंस्की

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि यूक्रेनी बलों ने पूर्वोत्तर खार्किव क्षेत्र के उन इलाकों में नियंत्रण हासिल कर लिया है जहां रूसी सैनिकों ने इस महीने की शुरुआत में प्रवेश किया था। जेलेंस्की ने शुक्रवार शाम को अपने संबोधन में कहा हमारे सैनिक अब उस सीमा क्षेत्र में नियंत्रण लेने में सफल हो गए हैं जहां रूसी सैनिक घुस आए थे। जेलेंस्की का बयान रूसी अधिकारियों द्वारा की गई टिप्पणियों से भिन्न नजर आता है।

### 30 साल बाद पाम डिओर की दौड़ में भारतीय फिल्म

**कान।** पायल कपाड़िया की फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट ने 77वें कॉन्स फिल्म महोत्सव में पाम डिओर पुरस्कार की दौड़ में शामिल होकर इतिहास रच दिया है। महोत्सव में दिए जाने वाले इस शीर्ष पुरस्कार को पाने की दौड़ में आज तक किसी भारतीय महिला निर्देशक की फिल्म शामिल नहीं हुई थी और न ही देश के किसी फिल्मकार को यह पुरस्कार मिला। इस फिल्म में अपनी मंजिल तलाश रहीं तीन महिलाओं की कहानी बयां की गई है। चार प्रमुख अभिनेता-अभिनेत्रियों कानी कुश्रुति, दिव्या प्रभा, हृदयु हारून और छाया कदम समेत फिल्म निर्माण दल के सदस्यों के साथ कपाड़िया ने महोत्सव के संवाददाता सम्मेलन भवन में समीक्षकों को संबोधित किया।

# देश में भीषण गर्मी का कहर

## राजस्थान के फलौदी में 50 डिग्री सेल्सियस पहुंचा तापमान, रात में भी चलेगी हीटवेव

नई दिल्ली, एजेंसी

● भीषण गर्मी और लू के कारण मतदान के दौरान कई लोग हुए बेहोश

देश में भीषण गर्मी के कारण पारा बढ़ता ही जा रहा है। राजस्थान के फलौदी में रविवार को तापमान 50 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 25 मई से नौतपा शुरू हो गया है जो दो 2 जून तक रहेगा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार एक जून, 2019 के बाद से 50 डिग्री सेल्सियस देश में सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया है। राजस्थान के चुरू में 2019 में 50.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया था।

अत्यधिक गर्मी ने न केवल देश के उत्तरी मैदानी इलाकों और मध्य क्षेत्रों को बल्कि हिमाचल प्रदेश की पहाड़ियों तथा पूर्वोत्तर में असम और अरुणाचल प्रदेश को भी प्रभावित किया। उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राष्ट्रीय राजधानी सहित आठ राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों की 58 लोकसभा सीटों पर हो रहे चुनाव में मतदान करने के लिए घरों से बाहर निकलते समय लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा। दिल्ली में भीषण गर्मी और लू के कारण कुछ मतदाता बेहोश भी हो गए। राष्ट्रीय राजधानी के कुछ स्थानों पर तापमान



गर्मी से बचने के लिए मुंह ढंककर जातीं युवतियां।

45 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा। पश्चिम बंगाल के कूच बिहार 40.5 डिग्री, असम के सिलचर 40, और लामडिंग 43 और अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर 40.5 और पासीघाट 39.6 सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

असम के तेजपुर 39.5, मजबत में 38.6, धुबरी 38.2, उत्तरी लखीमपुर 39.2, और मोहनबाड़ी 38.8 में सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। आधिकारिक आंकड़ों से पता चला है कि पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, गुजरात व मध्य प्रदेश में कम से कम 17 स्थानों पर शनिवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज किया गया। राजस्थान में, बाड़मेर में तापमान 48.8 डिग्री, जैसलमेर में 48 डिग्री और बीकानेर में 47.2 डिग्री तक पहुंच गया।

### 11 साल बाद कश्मीर घाटी में पहुंचा 32.2 डिग्री तापमान

कश्मीर घाटी में भी तापमान शनिवार को 32 .2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। यह 11 साल में सबसे ज्यादा रहा। जम्मू-कश्मीर समेत उत्तर भारत के ज्यादातर राज्यों में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। राजस्थान में सफाई कर्मचारियों से सुबह 5 से 10 बजे तक ही काम करने को कहा गया है। मध्य प्रदेश, पंजाब और दिल्ली में डॉक्टरों ने मरीजों और बुजुर्गों से दिन में यात्रा नहीं करने की सलाह दी है। हिमाचल के कांगड़ा के स्कूलों में 25 मई को छुट्टी कर दी गई है। इंदौर के चौराहों पर रेड लाइट का ड्यूरेशन कम कर दिया, ताकि लोगों को कम रुकना पड़े।

### दिल्ली, उप्र समेत कई राज्यों में 29 मई तक गर्मी का प्रकोप

दिल्ली, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में 29 मई तक भीषण गर्मी जारी रहेगी। भीषण गर्मी का असर हिमाचल प्रदेश, असम और मेघालय की पहाड़ियों पर भी पड़ेगा। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिम उत्तर प्रदेश और गुजरात के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है, जो सभी आयु समूहों के लिए गर्मी की बीमारी और हीटस्ट्रोक की बहुत अधिक आशंका का संकेत देती है।

## अंतरिक्ष यात्रियों को आधुनिक प्रशिक्षण मुहैया कराएगा नासा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के शीर्ष राजनयिक एरिक गार्सेटी ने कहा कि अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र के लिए संयुक्त प्रयासों को बढ़ाने के उद्देश्य से भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को जल्द ही आधुनिक प्रशिक्षण मुहैया कराएगी। भारत में अमेरिका के राजदूत गार्सेटी ने अमेरिका-भारत वाणिज्यिक अंतरिक्ष सम्मेलन : अमेरिका और भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप के लिए अवसरों की शुरुआत कार्यक्रम में ये टिप्पणियां की।

इस कार्यक्रम का आयोजन बेंगलुरु में यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूएसआईबीसी) और यूएस कमर्शियल सर्विस (यूएससीएस) ने किया है। यूएसआईबीसी ने यहां जारी एक बयान में गार्सेटी के हवाले से कहा कि नासा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र के लिए संयुक्त प्रयास बढ़ाने के उद्देश्य से जल्द ही भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को आधुनिक प्रशिक्षण मुहैया कराएगी।

उम्मीद है कि यह इस साल या उसके बाद शुरू होगी। जल्द ही हम पारिस्थितिकी तंत्र, पृथ्वी की सतह, प्राकृतिक खतरों, समुद्र के बढ़ते स्तर और क्रायोस्फेयर समेत सभी संसाधनों पर नजर रखने के लिए इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से निसार उपग्रह प्रक्षेपित करेंगे।

## पुणे कार हादसा : नाबालिग का दादा 28 तक हिरासत में

# हादसे की जिम्मेदारी लेने के लिए ड्राइवर को दी थी धमकी

पुणे, एजेंसी

● ड्राइवर को नकदी और उपहार की पेशकश की : पुलिस आयुक्त



महाराष्ट्र में पुणे की अदालत ने पोर्श कार दुर्घटना मामले में शामिल किशोर के दादा को शनिवार को 28 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। अभियोजन पक्ष ने एक अदालत को बताया कि पोर्श कार दुर्घटना मामले में शामिल किशोर के दादा के घर से एक सीसीटीवी का डीवीआर बरामद किया गया है।

प्रारंभिक जांच से फुटेज के साथ छेड़छाड़ का भी पता चला है। दादा को 19 मई की दुर्घटना के बाद पारिवारिक ड्राइवर को गलत तरीके से बंधक बनाने के लिए दिन में ही गिरफ्तार कर लिया गया था और दोपहर में एक अवकाशकालीन अदालत के समक्ष पेश किया गया था। अभियोजन पक्ष ने कहा कि फुटेज को साइबर विश्लेषण के लिए भेजे जाने की जरूरत है।

इस बीच पुणे के पुलिस आयुक्त ने बताया कि किशोर के पिता और दादा ने अपने परिवार के ड्राइवर को नकदी और उपहार की पेशकश की और बाद में उसे दुर्घटना का दोष कबूल करने को कहा था।अभियोजन पक्ष ने आरोपी की सात दिन की हिरासत की मांग की, क्योंकि वह (अभियोजन) ड्राइवर का फोन बरामद करना चाहता था जिसे आरोपी ने गलत तरीके से बंधक बनाकर ले लिया था।

### पब में वेबकास्टिंग की तैयारी

**पुणे।** महाराष्ट्र में पुणे जिला प्रशासन नियमों का बेहतर अनुपालन सुनिश्चित करने के मद्देनजर शहर में पब और बार के प्रवेश व निकास द्वार की वेबकास्टिंग की तैयारी कर रहा है। जिलाधिकारी सुहास दिवासे ने कहा कि किसी भी नाबालिग को बार या पब में प्रवेश नहीं देना चाहिए और इन प्रतिष्ठानों को संचालन के लिए निर्धारित समय सीमा का पालन करना चाहिए। नागरिकों द्वारा यह भी आरोप लगाया गया है कि बार और रेस्तरां अपने बंद होने के निर्धारित समय के बाद भी खुले रहते हैं। दिवासे ने कहा, मौजूदा व्यवस्था में भौतिक रूप से निगरानी करना मुश्किल है कि वास्तव में वहां क्या हो रहा है।

## रजनीकांत को यूएई ने दिया गोल्डन वीजा

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के महनायक रजनीकांत को यूएई के संस्कृति और पर्यटन विभाग ने गोल्डन वीजा दिया है। रजनीकांत हाल ही में अबू धाबी गए थे, जहां उन्हें गोल्डन बीजा मिला। रजनीकांत ने इस बात की जानकारी सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर फैंस को दी है।



इसके साथ ही रजनीकांत ने अबू धाबी सरकार और लुलु ग्रुप के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर एमए यूसुफ अली को इसके लिए शुक्रिया भी कहा है। सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर रजनीकांत के कई फोटोज और वीडियो देखने को मिल रहे हैं।

## विमान में यात्रियों ने 62 सेकेंड तक झेली थी एयर टर्बुलेंस

सिंगापुर, एजेंसी

● म्यांमार के इर्रावड्डी डेल्टा क्षेत्र के ऊपर था टर्बुलेंस

सिंगापुर एयरलाइंस का विमान 21 मई को 62 सेकेंड तक एयर टर्बुलेंस में फंसा रहा था। विमान सिंगापुर से लंदन जा रहा था। इसी बीच जब विमान म्यांमार के इर्रावड्डी डेल्टा क्षेत्र के ऊपर था, इस दौरान वह टर्बुलेंस में फंस गया।

फ्लाइट रडार 24 के अनुसार, बोइंग 777-300ईआर 62 सेकेंड में दो बार ऊपर नीचे हुआ। सिंगापुर के समय के अनुसार, दोपहर 3.49 बजे विमान टर्बुलेंस में फंसा। विमान 37 हजार फीट पर उड़ रहा था और टर्बुलेंस में फंसते ही पहले 37400 फीट की ऊंचाई पर पहुंचा। इसके बाद तेजी से नीचे गिरा और 36,975 फीट की ऊंचाई पर पहुंच गया। पहले विमान 1664 फीट प्रति मिनट की दर या 507 मीटर प्रति मिनट की दर से ऊपर की तरफ गया। इसके छह सेकेंड बाद ही विमान 1536 फीट प्रति मिनट की दर से नीचे की तरफ आया। इसके तीन सेकेंड बाद ही विमान 900 फीट प्रति मिनट की दर से फिर से ऊपर की तरफ गया और फिर 1536 फीट प्रति मिनट की दर से नीचे आया था। इस दौरान अफरा-तफरी मच गई।

## लंदन में ईरान सरकार समर्थकों व विरोधियों के बीच झड़प

**लंदन।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत के खिलाफ ब्रिटेन की राजधानी लंदन में आयोजित एक कार्यक्रम में ईरान सरकार के समर्थकों और सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़प में चार व्यक्ति घायल हो गए, जबकि एक को गिरफ्तार कर लिया गया। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने कहा कि शुक्रवार शाम को पश्चिमी लंदन के वेम्बली क्षेत्र में एक कार्यक्रम स्थल पर अव्यवस्था की सूचना पर बुलाया गया था। हेलीकॉप्टर दुर्घटना में रईसी की मौत को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा था।

# चीन की ताइवान को जंग की धमकी

बीजिंग, एजेंसी

● कहा- जब तक ताइवान हमारा हिस्सा नहीं बनता, मिलिट्री एक्शन जारी रहेगा



ताइवान में नए राष्ट्रपति के शपथ लेने के 4 दिन बाद चीन ने ताइवान को जंग की धमकी दी है। चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वू कियान ने कहा है कि जब तक ताइवान चीन का हिस्सा नहीं बन जाता, इलाके में मिलिट्री एक्शन जारी रहेगा।

दरअसल, चीन ने शुक्रवार को ही ताइवान के घेरकर चल रही अपनी 2 दिवसीय मिलिट्री ड्रिल पूरी की। इस युद्धाभ्यास में चीन की तीनों सेनाएं (थलसेना, वायुसेना, नौसेना) शामिल हुई थी। इस युद्धाभ्यास को ताइवान के लिए सजा के तौर पर शुरू किया गया था। ताइवान में इसी साल राष्ट्रपति पद के चुनाव हुए। इसमें चीन विरोधी नेता विलियम लाई चिंग ते को जीत हासिल हुई। चुनाव से पहले चीन ने ताइवान को चेतावनी दी थी कि अगर वहां की जनता ने सही विकल्प नहीं चुना तो उन्हें इसकी सजा दी जाएगी।

### दर्जनों जहाजों ने ताइवान पर कब्जे की प्रैक्टिस की

चीन की मिलिट्री ड्रिल को जॉइंट स्वॉर्ड-2024A नाम दिया गया। इसके तहत चीन के करीब 111 एयरक्राफ्ट और नौसेना के दर्जनों जहाजों ने ताइवान पर कब्जे की प्रैक्टिस की थी। इस दौरान उन्होंने ताइवान के उन हिस्सों पर हमले की भी तैयारी की थी, जहां से ताइवान चीन को रोकने की कोशिश कर सकता है। इससे पहले चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने भी कहा था कि ताइवान में जो लोग आजादी चाहते हैं, उनके सिर कट जाएंगे।

## खगोल विज्ञान

### आने वाले दिनों में सौर तूफानी खतरों के आसार बने हुए हैं

# इन खूबसूरत नजारों के पीछे छिपे हैं बड़े खतरे

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** भले ही सौर तूफान हमें मनमोहक सतरंगी नजारे दिखते हो, लेकिन इसके पीछे छिपे भयानक खतरों को कतई नजर अंदाज नही किया जा सकता है। आने वाले दिनों में सौर तूफानी खतरों के आसार बने हुए हैं।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौर वैज्ञानिक डा वहाब उद्दीन के अनुसार इन दिनों सूर्य बेहद सक्रिय है और आये दिन भीषण विस्फोट इसकी सतह पर हो रहे हैं। जिस कारण भू चुम्बकीय तूफान निरंतर पृथ्वी के ध्रूवों से टकरा रहे हैं और इनसे रंग बिरंगे औरोरा का नजारा देखने को मिल रहा है। जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में सैलानी स्वीडन, नॉर्वे, अलास्का समेत अन्य ध्रुवीय क्षेत्रों में दुनिया भर से पहुच रहे हैं। मगर इनके पीछे छिपे खतरे बड़ा नुकसान पहुचा सकते



पृथ्वी से कई गुना बड़ा सन स्पॉट। ● अमृत विचार

हैं। जिनसे किसी भी बड़े हिस्से में बिजली ग्रिड नष्ट हो सकते हैं और हमारे उपग्रहों को नष्ट कर सकते हैं। अंतरिक्ष यात्रियों को यह विकिरण का खतरा पहुचा सकते हैं। हवाई सेवा में व्यवधान पहुचा सकते हैं। इतिहास में सौर तूफान का सबसे बड़ा नुकसान 1859 में दर्ज किया गया था। जिसे कैरिंगटन इवेंट के नाम से जाना जाता है। जिससे कनाडा के शहरों के विद्युत ग्रिड फेल हो गए थे और एक विशाल क्षेत्र कई दिन अंधकार में डूबा रहा। इसी तरह 2003 में स्वीडन में भारी क्षति पहुची थी। इसे हैलोवीन स्टॉर्म के नाम से जाना जाता है। इसने स्वीडन में ब्लैकआउट कर दिया और दक्षिण अफ्रीका में बिजली के बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचाया था। इधर लगातार उठ रहे सौर तूफानों को लेकर यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के अंतरिक्ष सुरक्षा जागरूक कार्यक्रम बनाया है, जबकि यूएस स्पेस वेदर प्रेडिक्शन सेंटर के माइक बेटवी का कहना है कि हम सौर तूफानों के अधिक भयावह संभावित प्रभावों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। ताकि भविष्य मे बिजली ग्रिड और उपग्रहों को नष्ट होने से रोकना और अंतरिक्ष यात्रियों को विकिरण से बचाना है। साथ ही लोगों को भूचुम्बकीय तूफानों के प्रति जागरूक करना है।

### फिर लौट आया है भयानक सन स्पॉट

डा वहाब ने बताया कि भयानक सन स्पॉट एनओएए 3663 फिर से लौट आया है। यह पृथ्वी से कई गुना बड़ा है और आने वाले दिनों में बड़े विस्फोट कर सकता है। सौर वैज्ञानिक इस पर नजर रखे हुए हैं। इसके साथ कई अन्य जटिल सनस्पॉट समूह भी हैं, उनमें से एक दक्षिण-पश्चिमी छोर पर है जो एम श्रेणी की चमक दे रहा है। मई की शुरुआत में इस सन स्पॉट से कई एक्स-क्लास की सौर ज्वालाएँ निकली थी।

## 16 की मौत के जिम्मेदार भारतीय चालक को निर्वासन का आदेश

**ओटावा।** कनाडा में 2018 की एक भीषण दुर्घटना में शामिल चालक को भारत निर्वासित किया जाएगा। इस दुर्घटना में जूनियर हॉकी टीम के 16 सदस्यों की मौत हो गयी थी। वर्ष 2014 में भारत से कनाडा पहुंचे जसकीरत सिंह सिद्धू अल्बर्टा प्रांत के कैलगरी शहर में रहते थे। सस्केचेवान प्रांत में टिस्डेल के पास एक ग्रामीण चौराहे पर सिद्धू रुकने के एक संकेतक को पार करके हम्बोल्ट ब्रोंकोस जूनियर हॉकी टीम की बस के रास्ते में आ गया।

सिद्धू को निर्वासित करने का फैसला शुक्रवार को कैलगरी में आव्रजन और शरणार्थी बोर्ड की सुनवाई के दौरान आया। उसने खतरनाक तरीके से ट्रक चलाने से संबंधित 16 बिंदुओं पर 2019 में अपनी गलती कबूल कर ली थी। उसे पिछले साल पूर्ण पैरोल दी गई थी। बोर्ड के आव्रजन विभाग की ओर से ट्रेंट कुक ने 15 मिनट की सुनवाई के दौरान सिद्धू से कहा कि वह मानवीय संबंधी पक्षों पर विचार नहीं कर सकते।

# पर्वतारोही बछेन्द्री पाल ने माउंट एवरेस्ट की 40वीं वर्षगांठ मनायी




एवरेस्ट आधार शिविर में तिरंगा के साथ बछेंद्री पाल, ब्रिगेडियर दर्शन कुमार व अन्य।

काठमांडू, एजेंसी

माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली पहली भारतीय महिला पर्वतारोही बछेन्द्री पाल ने अपने पर्वतारोहण की 40वीं वर्षगांठ एवरेस्ट आधार शिविर पर मनायी।

इस दौरान उन्होंने कहा कि दूसरों को प्रेरित करने का यह मौका पाकर वह धन्य महसूस कर रही हैं। वहीं, नेपाली पर्वतारोही और छाया पत्रकार पूर्णिमा श्रेष्ठ ने शनिवार को इतिहास रचा। वह एक पर्वतारोहण सीजन में तीन बार माउंट एवरेस्ट को फतह करने वाली पहली पर्वतारोही बन गई हैं। पाल ने नामचे बाजार में शुक्रवार को अपना 71 वां जन्मदिन भी मनाया। इस मौके पर 81 वर्षीय ब्रिगेडियर दर्शन कुमार खुल्लर भी आधार शिविर पहुंचे। अधिक उम्र के बावजूद कुमार पाल को आशीर्वाद देने के लिए दुर्गम चढ़ाई तय कर वहां पहुंचे। खुल्लर ने 1984 में दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट (8848.86 मीटर ऊंची) के ऐतिहासिक पर्वतारोहण की अगुवाई की थी।